पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
बिलासपुर, सोमवार, 5 मई 2025 । वर्ष – 35 । अंक –5 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.



■ इस बार टोपी में से जाति गणना निकाली
■ भारत-पाकिस्तान सैन्य गतिरोध में कहां खड़ा है भारत? पृष्ठ 4
■ गाजा पर इजरायली हमलों में 40 लोगों की मौत
■ बीएलए ने क्वेटा-कराची हाईवे को किया बंद, सरकारी भवनों में लगाई आग पृष्ठ 9
गॉफ को हराकर सबालेंका ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब पृष्ठ 10

# भारत ने चिनाब नदी का पानी रोका

## जम्मू के रामबन में बने बागलिहार बांध से चिनाब का पानी रोका गया



### बगलिहार बांध को लेकर विवाद

बगलिहार बांध दोनों पड़ोसियों के बीच लंबे समय से विवाद का विषय रहा है। पाकिस्तान इस मामले में विश्व बैंक की मध्यस्थता की मांग कर चुका है। पाकिस्तान को किशनगंगा बांध को लेकर भी खासकर झेलम की सहायक नदी नीलम पर इसके प्रभाव के कारण आपत्ति है।

■ भारत ने दशकों पुरानी संधि की है निलंबित
■ मोदी ने वायु सेना प्रमुख से की मुलाकात

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। भारत ने सिंधु जल समझौते को सस्पेंड करने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ एक और एक्शन लिया है। अब भारत ने बगलिहार बांध के जरिए चिनाब नदी का पानी रोक दिया है। इसी तरह झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी कड़ा कदम उठाने की योजना बना रहा है। जम्मू के रामबन में बगलिहार जलविद्युत बांध और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा जलविद्युत बांध भारत को पानी छोड़ने के समय को विनियमित करने की क्षमता है।


भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद दशकों पुरानी संधि को निलंबित करने का निर्णय लिया। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। विश्व बैंक की मध्यस्थता से की गई सिंधु जल संधि ने 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के उपयोग को नियंत्रित किया है।

**बैठकों का दौर लगातार जारी**

उधर एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री और एयरचीफ मार्शल के बीच पहलगाम हमले को लेकर बातचीत हुई। पहलगाम आतंकी हमले (22 अप्रैल) को 12 दिन हो चुके हैं। पाकिस्तान से तनाव के बीच प्रधानमंत्री मोदी लगातार सेना प्रमुखों के साथ मीटिंग कर रहे हैं, शनिवार को उन्होंने नेवी चीफ के साथ मीटिंग की थी।

### पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री का 'एक्स' किया ब्लॉक

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ लगातार सख्त रुख अपनाती हुई नजर आ रही है। इसके अलावा, सरकार देश के खिलाफ जहर उगलने वाले पाकिस्तानी नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट्स को भारत में बैन कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के 'एक्स' अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। इससे पहले, पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार के एक्स अकाउंट को भी भारत में बैन कर दिया गया है। इसके अलावा, भारत ने शुक्रवार को ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब अकाउंट को भी ब्लॉक कर दिया था।



### देश जैसा चाहता है, वो होकर रहेगा: राजनाथ

उधर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि, रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी है कि भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि आप (देशवासी) जो चाहते हैं वह निश्चित रूप से होगा।

# जांच समिति ने मांगा राशन दुकानों में बचत व बाजार से खरीदे गए चावल की जानकारी

## जिलेवार जानकारी मांगने से मचा हड़कंप

**रायपुर**, 4 मई (देशबन्धु)। 219करोड़ रुपए के राशन चांवल बचत घोटाले को लेकर जांच समिति ने खाद्य संचालनालय से प्रदेश की राशन दुकानों 2022,2023,2024और वर्तमान में कराए गए भौतिक सत्यापन में पाई गई बचत और बाजार से खरीदे गए चांवल की जानकारी मांगे जाने से हड़कंप मच गया है। जिले के खाद्य अधिकारियों को दोनों जानकारी जिलेवार देने के लिए कहा गया है। विधान सभा जांच समिति ने खाद्य संचालनालय को दो बिंदु पर जानकारी मांगी है।



खाद्य संचालनालय के अनुसार हर साल भौतिक सत्यापन कराए जाने के निर्देश है। इसके पालन में किए गए 2022,2023,2024और वर्तमान में कराए गए भौतिक सत्यापन में पाई गई मात्रा की जिलेवार, दुकानवार जानकारी मांगी गई है। बताया जाता है कि 48लाख मीट्रिक टन चांवल 2022में गायब पाया गया था। इस घोटाले को दबाने के लिए तकनीकी त्रुटि, नियम विपरीत बिना प्रकरण बनाए राजस्व वसूली और बाजार से चांवल खरीद कर रखवाने का भी खेल खाद्य संचालनालय के एक अपर संचालक द्वारा कराया गया है। इस मामले में खाद्य संचालनालय का एनआईसी विभाग भी संदेह के घेरे में है। खाद्य संचालनालय के सूत्रों ने बताया कि पिछले साल तक भौतिक सत्यापन में तकनीकी त्रुटि का विकल्प था जिसके कारण कम पाए गए चांवल की मात्रा का एजेस्टमेंट हो जाता था। इस बार खाद्य मंत्रालय के सचिव ने भौतिक सत्यापन के निर्देश जारी किए हैं जिसमें भौतिक सत्यापन में तकनीकी त्रुटि का विकल्प ही नहीं है। पिछले साल के भौतिक सत्यापन में बिना राशन दुकान जाए दुकानदार से लिखवा कर सत्यापन कर लिया जाता था इस बार फूड इंस्पेक्टर का आधार राशन दुकान से लिंक कर दिया गया है। इसके चलते मौके पर जाकर जांच होने से भारी पैमाने पर गड़बड़ी सामने आ रही है।

राशन घोटाले के लिए जांच कर रही समिति में शीघ्र ही खाद्य संचालनालय के तत्कालीन संचालक, अपर संचालक, एनआईसी के अधिकारी, प्रोग्रामर सहित खाद्य विभाग के अधिकारी, इंस्पेक्टर सहित राशन दुकानदारो को भी बयान के लिए बुलाया जाना संभावित है।

# निर्वाचन सेवाओं के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म जल्द होगा लांच

**रायपुर**, 4 मई (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एकल-बिंदु डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईएनईटी का विकास अंतिम चरण में है। यह मंच आयोग के 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल एवं वेब ऐप्स को एकीकृत करेगा और मतदाताओं, निर्वाचन अधिकारियों, राजनीतिक दलों व अन्य हितधारकों को सरल, सुरक्षित एवं पारदर्शी सेवाएं प्रदान करेगा।

ईसीआईएनईटी का उद्देश्य सभी चुनावी कार्यों के लिए एक सहज, उपयोगकर्ता-मित्र मंच उपलब्ध कराना है।

इसमें वोटर हेल्पलाइन विजिल सुविधा 2.0 सहित अन्य प्रमुख ऐप्स सम्मिलित होंगे। केवल अधिकृत अधिकारी ही डेटा प्रविष्ट करेंगे और सभी प्रक्रियाएं विधिसम्मत नियमों व अधिनियमों के अनुरूप होंगी।

इस पहल की परिकल्पना मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा मार्च 2025 में आयोजित सीईओ सम्मेलन के दौरान की गई थी।

यह मंच लगभग 100 करोड़ मतदाताओं और लाखों चुनाव कार्मिकों को लाभान्वित करेगा।

# योग गुरु शिवानंद का 128 साल की उम्र में निधन

**वाराणसी।** योग साधना के प्रतीक और पद्मश्री से सम्मानित शिवानंद बाबा का 128 साल की उम्र में बीएचयू अस्पताल में शनिवार रात लगभग 9 बजे निधन हो गया। इतने बुजुर्ग होने के बाद भी वह हर रोज नियमित रूप से योग और प्राणायाम करते थे। 2022 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था

# खाई में गिरा सेना का वाहन, 3 सैन्यकर्मियों की मौत

जम्मू, 4 मई (देशबन्धु)। जम्मू एवं कश्मीर के रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को एक सड़क दुर्घटना में तीन जवानों की मौत हो गई। सैन्य वाहन गहरी खाई में गिर गया।

एक अधिकारी ने बताया, आज जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन जिले में बैटरी चश्मा के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में गिर गया। तीन सैनिकों की मौके पर ही मौत हो गई। बचाव अभियान तुरंत शुरू कर दिया गया। पुलिस ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पिछले पखवाड़े से जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग रामसू-रामबन खंड में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण बंद रहा है। कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण सड़क बह गई है। राजमार्ग की मरम्मत कर यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है, लेकिन इसके बाद भी 40 किलोमीटर से अधिक लंबा रामबन-रामशू खंड लगभग 300 किलोमीटर लंबे महत्वपूर्ण राजमार्ग की कमजोर कड़ी बना हुआ है। भूमि से घिरी घाटी के लिए सेना और सभी नागरिक आपूर्ति इसी राजमार्ग से होकर गुजरती है।



# विधायक धर्मजीत सिंह के समक्ष अनेक नेता भाजपा में हुए शामिल

## विधायक धर्मजीत सिंह के समक्ष दिग्गज नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों का भाजपा में प्रवेश

**तखतपुर** 04 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण बिलासपुर के जिला सचिव एवं छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के बिलासपुर जिला अध्यक्ष बिहारी सिंह टोडर एवं शासकीय जीएमपी कॉलेज तखतपुर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व नगर पालिका तखतपुर के पूर्व पार्षद एवं सभापति संदीप खांडे के नेतृत्व में आज सैकड़ों संख्या में जनप्रतिनिधियों समाज प्रमुखों एवं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी ने भारतीय जनता पार्टी में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह जी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक से प्रभावित होकर एवं डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनता के लिए विभिन्न योजनाओं, कार्य प्रणालियों से प्रभावित होकर सैकड़ो की तादात में अनुसूचित जाति के जनप्रतिनिधि गण,समाज प्रमुख एवं साथ में अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधि गण भी बड़ी संख्या भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।



विधायक धर्मजीत सिंह, संतोष कौशिक ने भाजपा के विशेष बैठक में भाजपा का गमछा पहना कर विधिवत सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी तखतपुर क्षेत्र की सभी मंडल पदाधिकारी उपस्थित थे,

भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले मुख्य नेताओं में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के जिलाध्यक्ष बिहारी सिंह टोडर शासकीय जीएमपी कॉलेज तखतपुर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं नगर पालिका तखतपुर के पूर्व पार्षद, संदीप खांडे मेडपार बाजार के सरपंच श्रीमती सत्यवती घृतलहरे, सरपंच प्रतिनिधि दिनेश घृतलहरे, राजू खांडे सरपंच राजपुर, श्रीमती मीना दिवाकर सरपंच सोनबंधा, विवेकानंद दिनकर सरपंच प्रतिनिधि सोनबंधा, नरेश लहरे सरपंच बेलगहना, लालाराम पात्र सरपंच पोडिकला, श्रीमती पूजा बैरेट सरपंच मोढ़हे, प्रमोद बैरेट सरपंच प्रतिनिधि मोढ़े, श्रीमती खेलन अनंत सरपंच लमेर, राहुल आनंद सरपंच प्रतिनिधि लमेर, रामस्वरूप वस्त्रकर सरपंच बीजा, अनिल खांडे पंच बीजा, श्रीमति सुमित्रा टंडन सरपंच भरारी, श्रीमती सुनीता चेलकर सरपंच चनाडोंगरी, संजय सोनवानी सरपंच खमरिया, श्रीमती शिव कुमारी वस्त्रकर सरपंच कुआ, संतोष वस्त्रकर सरपंच प्रतिनिधि कुआं, श्रीमती पवित्रा सरपंच गुनसरी, नीलकमल कुर्रे सरपंच प्रतिनिधि गुनसरी, श्रीमती सीमा लहरे सरपंच भिलौनी, गणेश खांडे सरपंच कपसिया खुर्द, राधा अविनाश वर्मा सरपंच खजुरी, श्रीमती मंजुला भार्गव सरपंच मरहिकापा, बबलू भार्गव सरपंच प्रतिनिधि मरहिकापा, राम कुमार कौशिक सरपंच देवरी खुर्द, राजेश्वर मेहर सरपंच सकेती, प्रवीण कौशिक सरपंच काठकोनी, श्रीमती प्रिया खांडे सरपंच घोंघाड़ीह, श्री राम नारायण खांडे,सरपंच प्रतिनिधि घोंघाड़ीह, दिलीप पात्रे पूर्व सरपंच भुण्डा, रामकुमार कुर्रे पंच भौवाकापा, दुखीराम बघेल पंच कपासिया खुर्द, श्रीमती सीमा साहू उपसरपंच भरारी, श्रीमती शशि बंजारे सरपंच खपरी, रमेश संते अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ ग्राम इकाई घुटकू, मन्नू शोंचे भंडारी सतनामी समाज घुटकु, प्रदीप पाटले पूर्व उपसरपंच बेलसरा, प्रशांत अनंत ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ तखतपुर, कोमल दिनकर पंच पूर्व जोन अध्यक्ष कांग्रेस बेलगहना, डेविड आनंत जिला उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ बिलासपुर आदि शामिल है।

# अनाधिकृत स्थानों पर बस रोकना पड़ा भारी, 11 बस संचालकों पर कार्रवाई, 8,700 रुपये जुर्माना वसूला




**मुंगेली,** 04 मई (देशबन्धु)। शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए 11 बस संचालकों पर चालानी कार्रवाई की। ये बसें निर्धारित बस स्टॉपेज के बजाय अनधिकृत स्थानों पर रोकी जा रही थीं, जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी। कार्रवाई के तहत कुल 8,700 रुपये का जुर्माना वसूला गया।कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी द्वारा शहर में चार प्रमुख स्थानों को प्रस्तावित बस स्टॉपेज के रूप में चिन्हांकित किया गया है। ये स्थान हैं—मुंगेली–बिलासपुर मार्ग स्थित दाऊपारा चौक (सुखनंदन हॉस्पिटल के सामने), मुंगेली–पंडरिया मार्ग का पड़ाव चौक (जिला ग्रंथालय के सामने), लोरमी तिराहा और लोरमी–बिलासपुर मार्ग का पड़ाव चौक। इन स्थानों को कलेक्टर के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया है और इन्हें जल्द ही आधिकारिक बस स्थानक के रूप में विकसित किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि निर्धारित स्टॉपेज को नजरअंदाज कर अनाधिकृत स्थानों पर बसें रोकने से न केवल यातायात बाधित हो रहा था, बल्कि यात्रियों को भी असुविधा हो रही थी। इस गंभीरता को देखते हुए संबंधित बस संचालकों पर चालान काटा गया और उन्हें चेतावनी दी गई कि भविष्य में केवल चिन्हित स्टॉपेज पर ही बसें रोकी जाएं।सभी बस संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें, अन्यथा आगामी दिनों में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सार-संक्षेप

## नपा अध्यक्ष ने नाली निर्माण व भवन निर्माण का किया भूमिपूजन



**तखतपुर** 04 मई (देशबन्धु)। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूजा मक्कड़ ने वार्ड 2 में नाली निर्माण एवं वार्ड 15 में भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी परिषद का उद्देश्य है कि तखतपुर नगर का विकास हो और सबसे पहले बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाए ताकि लोगों को इसके लिए परेशान होना न पड़े, इस सब में प्रमुख है घरों की पहुंच के लिए एक व्यवस्थित सड़क हो और पानी की निकास उचित ढंग से हो सके जिसकी कोई समस्या न रहे और सभी वार्डो में प्राथमिकता के तौर पर पानी निकास की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, पार्षद मुन्ना श्रीवास, अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, सुनील जांगड़े, लवली हरविंदर हूरा, पूजा बबलू गुप्ता, विमला जांगड़े, नट्टू जायसी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## दस लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**तखतपुर** 04 मई (देशबन्धु)। अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे महुआ शराब को पुलिस ने जप्त करते हुए आरोपी के पास से 10 लीटर महुआ शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम 34, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि करनकापा पुलिया के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए घुम रहा है सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर करनकापा निवासी हरिशंकर ध्रुव के पास दस लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त करते हुए इसके खिलाफ आबकारी अधिनियम 34, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## पर्यटन प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने मड हाउस में किया नाइट कैंपिंग

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही 04 मई (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय के पर्यटन प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने मड हाउस ठाड़पथरा में नाइट कैंपिंग किया। उन्होंने पर्यटन प्रबंधन के तहत स्थानीय पर्यटन समिति द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों– ट्राइबल डांस, ट्राइबल फूड, ट्रेकिंग आदि की जानकारी ली और उसका आनंद भी उठाया। विद्यार्थियों के साथ विभागाध्यक प्रोफेसर डॉ प्रशांत कुमार सिंह, प्रोफेसर डॉ जयप्रकाश नारायना, प्रोफेसर डॉ रोहित रविन्द्र बोर्लिकर भी उपस्थित थे।

## अतिक्रमण और गंदगी पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, 26 दुकानदारों से वसूला गया जुर्माना

**मुंगेली,** 04 मई (देशबन्धु)। शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में मुंगेली प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। शनिवार को राजस्व, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने पड़ाव चौक से पंडरिया रोड तक विशेष अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने और गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की।अभियान के दौरान 26 दुकानदारों पर जुर्माना लगाते हुए कुल 6,200 रुपये की वसूली की गई।

# राशन की अफरा तफरी, दुकान का संचालन निरस्त




**तखतपुर** 04 मई (देशबन्धु)। राशन की अफरा तफरी करने वाले गनियारी के दुकान संचालक जय रणजी माता महिला स्व सहायता समूह से राशन दुकान का संचालन निरस्त कर भुण्डा के जय मां संतोषी महिला स्व सहायता समूह को संचालन करने हेतू दिया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान गनियारी का संचालन जय रणजी माता महिला स्व सहायता समूह को दिया गया था जिसमें उसके खिलाफ शिकायत किया गया था कि हितग्राहियों को बिना राशन दिए हस्ताक्षर ले लिया गया है और जांच में यह बात सही पायी गई तब अनुविभागीय अधिकारी तखतपुर ने उसका संचालन निरस्त कर दिया था और इस आदेश के खिलाफ जय रणजी माता महिला स्व सहायता समूह ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई कि उन्हें बिना सुनवाई का अवसर दिया संचालन निरस्त कर दिया है। इस पर कोर्ट पर नियमानुसार कार्यवाही को आदेश दिया इसके बाद फिर से जय रणजी माता समूह को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया जिसका जवाब संतोष जनक एवं समाधान कारक नही मिला इसलिए इस एजेंसी का दुकान संचालन का आदेश निरस्त कर दिया गया तथा इनसे राशि की रिकव्हरी प्रस्तावित किया गया तथा आगामी व्यवस्था तक गनियारी के दुकान के संचालन के जवाबदारी भुण्डा के जय मां संतोषी महिला स्व सहायता समूह को दिया गया है।

# संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने उमेश पटेल पहुँचे मुंगेली

### कार्यकर्ताओं को दिए दिशा-निर्देश




**मुंगेली** 04 मई (देशबन्धु)। आगामी 8 मई को बिलासपुर में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय (संविधान बचाओ रैली) की तैयारियों को लेकर पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक तथा रैली के संयोजक उमेश पटेल मुंगेली पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, समस्त ब्लॉक अध्यक्षगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रैली को सफल बनाने हेतु रणनीति साझा की। उमेश पटेल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, हमारे नेता राहुल गांधी जो कहते हैं, वह दूरदर्शिता साबित होता है। पहले जातिगत जनगणना का मज़ाक उड़ाया गया, लेकिन अब भाजपा भी उसे अपनाने को मजबूर हुई है। संविधान और आरक्षण पर हो रहे हमलों के खिलाफ 8 मई को आयोजित रैली में हर कार्यकर्ता की भागीदारी आवश्यक है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी ताकत से संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा, (संविधान से छेड़छाड़ की कोशिशों का डटकर विरोध करेंगे और ज़रूरत पड़ी तो आखिरी सांस तक लड़ेंगे।) जिला संगठन प्रभारी आलोक सिंह ने कहा कि भाजपा द्वारा संविधान के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसका कांग्रेस पूरी ताकत से विरोध करेगी।बैठक में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता इस प्रकार रहे।

विवेक बाजपाई, संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, आत्मा सिंह क्षत्रिय, चंद्रभान बारमाते हेमेंद्र गोस्वामी, श्याम जायसवाल, संजय सिंह ठाकुर, महेंद्र गंगोत्री, दिलीप बंजारा, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, श्रीमती उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, सूरज यादव, राजेश छैदईया, राहुल सिंह, माया रानी सिंह, लखन कश्यप, विद्यानंद चंद्राकर, अभिलाष सिंह, नवनीत शुक्ला, इस मौके पर शहर, लोरमी, पथरिया, जरहागांव, डिंडोरी, सरगांव सहित जिले के सभी ब्लॉकों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और 8 मई को बिलासपुर में संविधान बचाओ रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

# सुशासन की स्थापना को लेकर सरकार लगातार प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य

## 52 हजार आवेदनों में से अब तक हो चुका है 44 हजार आवेदनों का निराकरण

### समस्याओं के निराकरण की जानकारी देने जिले में लगेंगे 15 समाधान शिविर

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही**, 04 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने सुशासन तिहार 2025 के संबंध में रविवार को कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में पत्रकार वार्ता ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए। योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की मंशानुरूप सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एस आर भगत, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे, एडीएम पेण्ड्रारोड सुश्री ऋचा चंद्राकर, एसडीएम मरवाही प्रफुल्ल रजक उपस्थित थे।



कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न माध्यमों से आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए। दूसरे चरण में इन आवेदनों को स्कैन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण हेतु भेजा गया। तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 31 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 15 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें 13 शिविर ग्राम पंचायतों में और 3 शिविर नगरीय क्षेत्रों में आयोजित होगा। इन शिविरों का आयोजन 5 मई से प्रारंभ होगा। जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 5 मई को पहला शिविर गौरेला जनपद के कलस्टर ग्राम पंचायत बस्ती में होगा। इस कलस्टर में सात पंचायतें–बस्ती, बगरा, टीकरखुर्द, आमगांव, पुटा, लमना एवं कोटमीखुर्द शामिल हैं।

कलेक्टर ने कहा कि शिविर में जनता को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत जिले में मांग एवं समस्याओं से संबंधित कुल 52 हजार 68 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से अब तक 44 हजार आवेदनों का निराकरण कर पोर्टल में दर्ज किया जा चुका है।

कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, जिले के प्रभारी मंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, स्वयं शिविरों में शामिल होंगे और आम जनता से सीधा संवाद करेंगे और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

# निधन

## संतोष यादव



**बिलासपुर।** अटल आवास देव नगर कोनी निवासी संतोष यादव पिता स्वर्गीय चुन्नी लाल यादव उम्र 55 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया अंतिम संस्कार देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया अंतिम संस्कार में भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## श्रीमती तिलबाई सूर्यवंशी



**बिलासपुर।** श्रीमती तिलबाई सूर्यवंशी पति श्याम बाबू सूर्यवंशी उम्र 59 वर्ष निवासी प्रभात चौक चिंगराजपारा बिलासपुर का स्वर्गवास 03.05.2025 शनिवार को हो गया है। इनका अंतिम संस्कार अमरैया चौक चिंगराजपारा मुक्तिधाम में किया गया।

## जसपाल सिंह ठाकुर



**तखतपुर।** ग्राम हथनीकला निवासी जसपाल सिंह ठाकुर 50 वर्ष का 4 मई को निधन हो गया। वे मंतर सिंह ठाकुर के पुत्र एवं मुन्ना सिंह, लक्ष्मण सिंह, सुधाकर सिंह, घनश्याम सिंह, प्रभाकर सिंह के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम हथनीकला में किया गया।

**NECC**

| 05.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 481 | 65 | 135 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 160 |
| डिलीवरी | 496 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

# पेंड्रारोड में 68 लाख की लागत से बनने वाले अतिरिक्त न्यायालय भवन का वर्चुअल भूमि पूजन

### (न्यायिक व्यवस्था को मिलेगी नई गति)

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 04 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश रमेश चंद्र सिन्हा ने सिविल कोर्ट पेंड्रारोड न्यायालय परिसर में बनने वाले अतिरिक्त न्यायालय भवन का वर्चुअल भूमि पूजन किया। यह नया सुसज्जित भवन लगभग 68 लाख रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा, जिसमें न्यायिक कार्यों के लिए सभी आवश्यक आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।



इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति श्री नरेश कुमार चंद्रवंशी, न्यायाधीश उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश, जिला बिलासपुर की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गौरेला–पेंड्रा–मरवाही की जिला कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मांडवी, पुलिस अधीक्षक एल. एस. भगत, जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी, न्यायिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि जिले में लंबित प्रकरणों की संख्या को देखते हुए यह अतिरिक्त न्यायालय भवन न्यायिक कार्यों में गति प्रदान करेगा। नए भवन के निर्माण से अतिरिक्त न्यायाधीशों की पदस्थापना संभव होगी, जिससे पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिलने में सुविधा होगी। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायपालिका की प्राथमिकता हमेशा आम नागरिक तक समयबद्ध न्याय पहुंचाने की रही है, और यह भवन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

कार्यक्रम की शुरुआत सिराजुद्दीन कुरैशी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद वर्चुअल रूप से भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रस्तावित भवन स्थल का वीडियो भी दिखाया गया, जिससे उपस्थितजनों को प्रस्तावित निर्माण की जानकारी मिली। अंत में धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती ज्योति अग्रवाल, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, पेंड्रारोड द्वारा किया गया।

## संत रामपाल महाराज की आध्यात्मिक पुस्तकों का हुआ प्रचार, घर-घर जाकर दी ज्ञान की सेवा

**मुंगेली** 04 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के ग्राम दाबो, मसना मसनी और बदरा में रविवार को संत रामपाल महाराज के अनुयायियों ने आध्यात्मिक ज्ञान के प्रचार हेतु घर–घर जाकर सेवा कार्य किया। इस दौरान 'ज्ञान गंगा', 'जीने की राह' और 'गीता तेरा ज्ञान अमृत' जैसी पवित्र पुस्तकें लोगों को धर्मार्थ मूल्य मात्र ?20 में उपलब्ध कराई गईं।इन पुस्तकों में शास्त्र आधारित भक्ति मार्ग, पूर्ण परमात्मा की पहचान, सृष्टि की रचना का रहस्य और सभी प्रमुख धर्मग्रंथों ङ्क वेद, गीता, कुरान, बाइबल एवं श्री गुरु ग्रंथ साहिब ङ्क के प्रमाण सहित आध्यात्मिक ज्ञान दिया गया है। अनुयायियों ने बताया कि इन ग्रंथों के अध्ययन से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से मुक्ति मिलती है और अच्छे संस्कार प्राप्त होते हैं।

**कार्यालय, नगरपालिका परिषद जांजगीर–नैला**
**जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)**
Email Id- Janjgirnailacmo@gmail.com
क्र./259/प्र.मं.आ.यो./न.पा.प./2025–26 जांजगीर–नैला,दिनांक 29/04/2025

**–:: दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना ::–**

राज्य शहरी विकास अभिकरण, छ.ग.इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर जिला रायपुर (छ.ग.) का पत्र क्र. / 09/सूडा/ PMAY-U 2.0/2024-25/8794 अटल नगर नवा रायपुर दिनांक 13.03.2025 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 – सबके लिये आवास मिशन बीएलसी घटक अंतर्गत स्वयं की भूमि पर काबिज हितग्राहियों को निर्धारित दिशा निर्देशानुसार कटऑफ तिथि दिनांक 31.08.2024 के पूर्व काबिज हितग्राहियों आवेदन पत्रों पर नगरपालिका परिषद् जांजगीर–नैला द्वारा हितग्राहियों से प्राप्त आवेदन का पीएमसी, वास्तुविद एवं सीएलटीसी द्वारा 13 बिन्दुओं के आधार पर सत्यापन कर पट्टा धारी एवं रजिस्ट्रीकृत भूमि की कुल 16 हितग्राहियों की द्वितीय सूची तैयार की गयी है। (सूची संलग्न) उक्त हितग्राहियों का काबिज, विवाद मुक्त होने पर उक्त हितग्राहियों का डीपीआर तैयार कर स्वीकृति हेतु राज्य शासन को प्रेषित किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को प्रकाशित सूची में किसी भी प्रकार का कोई दावा/ आपत्ति हो तो वे दिनांक 05.05.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक नगरपालिका परिषद् जांजगीर नैला के कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में दस्तावेज सहित दावा आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त तिथि उपरांत किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सूचना जाने।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार हितग्राहियों की सूची।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद जांजगीर–नैला**

# देश

**उवाच**

"लालू अपने बेटे को महागठबंधन का नेता बनाने की गुहार लगा रहे हैं लेकिन इस गठबंधन के नेता इतने निष्ठुर हो गए हैं कि उनकी भावना का भी सम्मान नहीं कर रहे हैं। महागठबंधन की बैठक का सीधा मतलब है कि लेना न देना, तेजस्वी यादव के लिए केवल फुलेना साबित हो रहा है।"

–नीरज कुमार, जदयू प्रवक्ता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36॰ | 25॰ |
| मुंबई | 34॰ | 28॰ |
| कोलकाता | 31॰ | 26॰ |
| चेन्नई | 28॰ | 27॰ |

# जाति जनगणना की समय सीमा को लेकर भाजपा पर दबाव बनाएं पार्टी नेता : कांग्रेस

■ वेणुगोपाल ने सभी प्रदेश इकाइयों जिला इकाइयों को जारी किया सर्कुलर



**मोदी सरकार ने दबाव के चलते ही जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है यह काम समय पर हो इसके लिए सरकार को बाध्य करना है : के.सी. वेणुगोपाल**

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने अपने प्रदेश अध्यक्षों, विधानदल के नेताओं तथा जिला अध्यक्षों को परिपत्र जारी करके रविवार को कहा कि संविधान बचाओ रैलियों के दौरान जाति जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर मोदी सरकार पर इसके क्रियान्वयन में समय सीमा तय करने का दबाव बनाएं। कांग्रेस महासचिव संगठन के.सी. वेणुगोपाल ने रविवार को सभी प्रदेश इकाइयों जिला इकाइयों को जारी सर्कुलर में कहा कि जाति जनगणना का मुद्दा महत्वपूर्ण है और सभी प्रदेश और जिला इकाइयों को इस काम को निर्धारित समय के भीतर क्रियान्वयन के लिए अभियान चलाना है।

पार्टी का मानना है कि दबाव के चलते ही मोदी सरकार ने जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है। यह काम समय पर हो इसके लिए सरकार को बाध्य करना है, इसलिए सभी प्रदेश तथा जिला इकाइयों को व्यापक स्तर पर अभियान चलाना है। सर्कुलर में राज्यों और जिलों में प्रस्तावित संविधान बचाओ रैलियों में इस मुद्दे को उठाने का निर्देश देते हुए कहा गया है कि रैलिया के दौरान अनुच्छेद 15 (5) पर खास जोर देना है ताकि निजी शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग कि उम्मीदवारों के प्रवेश के लिए आरक्षण के प्रावधान को लागू किया जा सके। उन्होंने विधानसभा–स्तरीय रैलियों आयोजित करने के साथ ही मीडिया के माध्यम से इन मांगों को लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया और कहा कि जिला स्तर पर ऐसे कार्यक्रमों के दौरान जिले की मीडिया राष्ट्रीय मीडिया के साथ समन्वय करके सीडीसी तथा पार्टी के शीर्ष नेताओं के इस मुद्दे पर विचारों को जनता के बीच पहुंचाएं। कांग्रेस महासचिव संगठन के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को 30 मई तक निर्धारित विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां और घर–घर अभियान को पूरा करना है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ताओं, नागरिक समाज कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, वकीलों, दुकानदारों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और बहुजन समुदायों के साथ चौपाल बैठकें की जाएं। इसमें कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक और सतत प्रतिबद्धताओं को बताया जाए। साथ ही भाजपा की बहुजन विरोधी विचारधारा, जाति गणना के प्रति उसके विरोध के बारे में भी बताया जाए। इसके अलावा मीडिया और सोशल मीडिया के जरिये अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटियों से साप्ताहिक रिपोर्ट तलब की गई है। दो मई को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में जातिगत जनगणना के मुद्दे पर चर्चा हुई। इसमें पहला कि निजी शिक्षण संस्थानों में ओबीसी, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण के लिए संविधान के अनुच्छेद 15 (5) को तत्काल लागू किया जाए।

जाति जनगणना बिना किसी देरी के कराई जाए। इसके लिए पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया अपनाई जाए। साथ बजट का आबंटन ठीक से किया जाए। इसके अलावा प्रश्नावली तैयार करने, गणना करने, वर्गीकरण करने और आंकड़ों को प्रकाशित करने में सहभागी दृष्टिकोण अपनाया जाए।

## सामाजिक न्याय के लिए जातिगत गणना जरूरी : कांग्रेस

कांग्रेस महासचिव संगठन के.सी. वेणुगोपाल ने सर्कुलर में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कांग्रेस की मांग दोहराई थी और पार्टी नेता राहुल गांधी भी इस मुद्दे पर सबसे मुखर और दृढ़ आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने बार–बार कहा है कि सामाजिक न्याय के लिए जातिगत गणना जरूरी है। सभी प्रदेश कांग्रेस समितियों से अनुरोध है कि वे आगामी संविधान बचाओ रैलियों में इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएं और अनुच्छेद 15 (5) पर त्वरित क्रियान्वयन की मांग को प्रमुखता दें। उन्होंने लिखा कि राज्य स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाए जाएं जो पूरी प्रक्रिया की निगरानी करें। इसके साथ ही जिला स्तर पर समर्पित पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाए जो जाति जनगणना की हर गतिविधियों का समन्वय करते हुए स्थिति की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें।

## मध्य प्रदेश के पन्ना में लगी भीषण आग

**पन्ना,** 4 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में सुनवानी थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर में भीषण आग भड़कने से गांव के डेढ़ दर्जन से भी अधिक घर जल गए। आग लगने की घटना के दौरान तेज आंधी चलने से आग बेकाबू हो गई और कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन घर गृहस्थी का सामान और अनाज जलकर खाक हो गया। शनिवार रात्रि हुई इस घटना के बाद कलेक्टर सुरेश कुमार ने राहत कार्यों का जायजा लिया और प्रभावितों से मुलाकात की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय सांसद वी.डी.शर्मा ने आगजनी की इस भयावह घटना पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत दुखद है कि हमारे क्षेत्र के गांव रामनगर में इस प्रकार की भयंकर घटना घटी। मैंने प्रशासन से कहा है कि वे तुरंत राहत कार्य शुरू करें और पीड़ितों तक सभी आवश्यक सामग्री पहुंचायें।' सांसद ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी इस हादसे के सम्बन्ध में चर्चा कर मुआवजे के बारे में बात की है। उन्होंने पीड़ितों की हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि आग भड़कने की सूचना मिलने के बाद भी दमकल वाहन दो घंटे बाद पहुंचे, यदि शीघ्र दमकल वाहन पहुंच गए होते, तो आग को फैलने से रोका जा सकता था।



■ डेढ़ दर्जन से अधिक घर हुए खाक

## श्रीनगर हवाई अड्डे से हज यात्रियों का पहला जत्था रवाना



■ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दिखाई हरी झंडी

**श्रीनगर,** 4 मई (एजेंसियां)। जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से केंद्र शासित प्रदेश के पहले हज जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस दौरान यात्रियों से संवाद किया और उन्हें यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी यात्रियों की सुरक्षित यात्रा और आध्यात्मिक रूप से पूर्ण हज की कामना की। उपराज्यपाल ने कहा कि मैं पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। दिव्य हज यात्रा सर्वशक्तिमान का बुलावा है और लोगों का जीवन भर से संजोया सपना भी।

केंद्र सरकार तीर्थयात्रियों और उनकी पवित्र तीर्थयात्रा के कल्याण के लिए सर्वोत्तम संभव व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर से इस साल कुल 3,622 हज यात्री हज यात्रा पर रवाना होंगे।

इनमें से लगभग 3,132 यात्री श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 4 से 15 मई 2025 के बीच संचालित 11 विशेष उड़ानों के माध्यम से सऊदी अरब के लिए रवाना होंगे, जबकि लद्दाख से 242 यात्री हज यात्रा करेंगे। सभी हज यात्रियों का सऊदी अरब के जेद्दा में कॉन्सुलेट जनरल ऑफ इंडिया द्वारा स्वागत किया जाएगा। उपराज्यपाल ने हज यात्रा के सफल संचालन में योगदान देने वाले सभी विभागों, एजेंसियों और अधिकारियों के सहयोग की सराहना की।

इस अवसर पर जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, अतिरिक्त मुख्य सचिव धीरज गुप्ता, डिविजनल कमिश्नर कश्मीर विजय कुमार बिधूड़ी, आईजीपी कश्मीर विधि कुमार बिर्दी, बडगाम के उपायुक्त अक्षय लब्रू, जम्मू–कश्मीर हज कमेटी के सदस्यगण, एयरपोर्ट अथॉरिटी, सिविल और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इससे पहले, शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट से 51 महिलाओं को हज के लिए रवाना किया गया। सरकार ने हज यात्रा के दौरान महिलाओं को आर्थिक मदद भी दी है, ताकि वे यात्रा का खर्च आसानी से उठा सकें और उनका अनुभव सुरक्षित और सम्मानजनक बन सके।

## सार संक्षेप

### जापान के रक्षा मंत्री संग द्विपक्षीय वार्ता करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी के साथ सोमवार को द्विपक्षीय बैठक करेंगे। दोनों पक्ष वर्तमान क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को अधिक प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। भारत और जापान के बीच दीर्घकालिक मित्रता है, जिसने वर्ष 214 में इस सहयोग को विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी तक बढ़ाने के बाद गुणात्मक गति प्राप्त की है।

### सातारा में दम घुटने से श्रमिक की मौत

**सातारा।** महाराष्ट्र के सातारा में कराड तहसील के तसवड़े एमआईडीसी में 19 वर्षीय श्रमिक की एक कंपनी के टैंक में वेल्डिंग का काम करते समय दम घुटने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कराड तहसील के वहागांव निवासी विजय पवार के रूप में हुई है। तसवड़े की एमआईडीसी में एक कंपनी के टैंक में वेल्डिंग का काम करते समय अचानक दम घुटने से मौके पर ही मौत हो गई। इस सिलसिल में पुलिस ने कंपनी के मालिक श्रीकांत श्रीनिवास कुलकर्णी, कर्मचारी ठेकेदार मयूर हनमंत पवार, सुपरवाइजर सचिन दिलीप पवार और संकेत नंदकुमार सूर्यवंशी के खिलाफ शिकायत दर्ज करके जांच के लिए हिरासत में लिया गया है।

### तेलंगाना में बुजुर्ग जोड़े की पीट-पीट कर हत्या

**हैदराबाद।** तेलंगाना के अलवाल शहर में रविवार तड़के एक बुजुर्ग जोड़ा संदिग्ध हालात में मृत पाया गया। मृतकों में भद्राचलम जिले के इल्लंदुक के निवासी कनकैया और राजम्मा हैं जो अलवाल में रह रहे थे। कनकैया वहां चौकीदार का काम करते थे। रविवार को स्थानीय लोगों ने शव उनके घर के अंदर पाए, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बुजुर्ग जोड़े को बुरी तरह डंडों से पीट-पीट कर मारा गया था, जैसा कि उनके शरीर पर चोटों से स्पष्ट था। रिश्तेदारों ने आरोप लगाया कि राजम्मा के गहने और एक लाख रुपए नकद चोरी हो गए हैं।

### ममता के दौरे से पहले दो पुलिस अधिकारी निलंबित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संकटग्रस्त मुर्शिदाबाद जिले के दौरे से पहले शमशेरगंज थाने के दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है, जहां अधिकांश हिंसा हुई थी। जंगीपुर जिले के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार शाह ने एक आदेश में शमशेरगंज थाने के पूर्व प्रभारी शिबो प्रसाद घोष व उपनिरीक्षक मोहम्मद जलालुद्दीन अहमद को घोर कदाचार और कर्तव्य में लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया।

## जमशेदपुर में चलती कार बनी आग का गोला

**जमशेदपुर,** 4 मई (एजेंसियां)। झारखंड के जमशेदपुर में रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। कदमा थाना क्षेत्र के मरीन ड्राइव पर एक चलती कार में अचानक घरेलू गैस सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने के बाद कार आग के गोले में तब्दील हो गई। इस भीषण हादसे में कार की ड्राइविंग सीट पर मौजूद व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही कदमा थाना प्रभारी और डीएसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया, जहां पूरी तरह जली हुई कार और ड्राइविंग सीट पर एक व्यक्ति का जला हुआ शव मिला। शव इतनी बुरी तरह जल चुका था कि उसकी तत्काल पहचान करना असंभव था। कार की अगली सीट पर एक क्षतिग्रस्त गैस सिलेंडर भी पाया गया। पुलिस ने कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए मालिक का पता लगाया। जांच में पता चला कि कार ब्रिजिया हेरिटेज निवासी सुनील अग्रवाल की थी। पुलिस को जानकारी मिली कि सुनील अग्रवाल सुबह घर से गैस सिलेंडर लेकर निकले थे लेकिन पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम को मौके पर बुलाया गया।



■ जिंदा जला युवक

## झारखंड के डीजीपी पर केंद्र-राज्य में तकरार

**रांची,** 4 मई (एजेंसियां)। झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के बीच तकरार छिड़ गई है। केंद्र सरकार ने इस पद पर कार्यरत 1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता को रिटायर घोषित कर दिया है, जबकि झारखंड सरकार ने राज्य में पिछले साल लाई गई डीजीपी नियुक्ति नियमावली का हवाला देते हुए उन्हें इस पद पर बरकरार रखा है।

देश के किसी भी राज्य में डीजीपी जैसे पद को लेकर ऐसी अजीबोगरीब स्थिति संभवत: पहली बार पैदा हुई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को नौ दिनों में दूसरी बार पत्र लिखकर आईपीएस अनुराग गुप्ता की रिटायरमेंट की सूचना दी है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अखिल भारतीय सेवा की नियमावली के अनुसार 60 वर्ष की आयु पूरी करने पर वह 30 अप्रैल, 2025 को स्वत: सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस तिथि के बाद उन्हें इस पद पर बनाए रखना अवैध, अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु–सह–सेवानिवृत्ति लाभ) नियम, 1958 के नियम 16 (1) के विपरीत और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी संजीव कुमार के हस्ताक्षर से 22 अप्रैल को झारखंड के मुख्य सचिव को भेजे गए पहले पत्र में आईपीएस अनुराग गुप्ता को 30 अप्रैल की तिथि से रिटायर करने का निर्देश दिया गया था। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने 8 जनवरी को 'पुलिस महानिदेशक का चयन और नियुक्ति नियमावली–2025' को मंजूरी दी थी। इसके तहत डीजीपी की नियुक्ति के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई और उसकी अनुशंसा पर अनुराग गुप्ता को 2 फरवरी, 2025 की तारीख से स्थायी डीजीपी के रूप में नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की गई थी। इस अधिसूचना में कहा गया था कि गुप्ता का कार्यकाल नई नियमावली के अनुसार होगा। इस नियमावली में डीजीपी का कार्यकाल दो वर्ष निर्धारित किया गया है।



■ केंद्र ने किया रिटायर लेकिन राज्य सरकार ने पद पर रखा बरकरार

### झारखंड सरकार ने डीजीपी नियुक्ति नियमावली का दिया हवाला

इसके जवाब में झारखंड सरकार ने 30 अप्रैल को केंद्र को मेल भेजकर बताया कि राज्य में 'पुलिस महानिदेशक का चयन और नियुक्ति नियमावली–2025' गठित और अधिसूचित की गई है। इसी नियमावली के तहत अनुराग गुप्ता को 2 फरवरी, 2025 को दो वर्षों के लिए पुलिस महानिदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। झारखंड सरकार ने अपने पत्र में सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्णय का हवाला दिया, जिसमें डीजीपी के पद पर न्यूनतम दो वर्षों के लिए नियुक्ति होनी है। इसके बाद केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार को दूसरी बार पत्र भेजा है। इसमें अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद पर बनाए रखने के झारखंड सरकार के निर्णय और दलीलों को खारिज कर दिया है। केंद्र ने कहा है कि अपनी जिस नियमावली का हवाला देकर झारखंड सरकार ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी के रूप में नियुक्त किया है और उन्हें 30 अप्रैल के बाद भी इस पद पर बनाए रखा है, वह अवैध है।

## सिक्किम पहुंचे रामदास अठावले

**पाक्योंग,** 4 मई (एजेंसियां)। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले बंदु रविवार को सिक्किम पहुंचे। अठावले का रंगपो पर्यटक सुविधा केंद्र पर सामाजिक कल्याण विभाग के विशेष सचिव सत्यन प्रसाद, अतिरिक्त सचिव बंधना छेत्री, अतिरिक्त निदेशक महेश शर्मा, गृह विभाग के संयुक्त सचिव प्रनीत प्रधान, एवं अन्य विभागीय अधिकारियों ने गरिमापूर्ण स्वागत किया। इस दो दिवसीय आधिकारिक दौरे में अठावले राज्य के अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इनमें अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, वरिष्ठ नागरिक सहायता योजना, और नशा मुक्ति अभियान शामिल हैं।

## तेलंगाना के 28 मंडलों में आज से लागू होगा भू-भारती अधिनियम




■ भूमि मुद्दों को हल करने की दिशा में उठाया बड़ा कदम

**हैदराबाद,** 4 मई (एजेंसियां)। तेलंगाना में लंबे समय से चल रहे भूमि मुद्दों को हल करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने पांच मई से 28 जिलों के 28 मंडलों में भू भारती अधिनियम को लागू करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी राज्य के राजस्व, आवास, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को दी। राज्य के राजस्व, आवास, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि किसानों के अधिकारों की रक्षा और भूमि प्रशासन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से इस अधिनियम को पिछले महीने चार मंडलों में आयोजित प्रारंभिक बैठकों के बाद चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंदिराम्मा सरकार के तहत अधिकारी अब भूमि संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए सीधे किसानों के पास जाएंगे, जिससे लंबी अदालती लड़ाई की जरूरत खत्म हो जाएगी। गौरतलब है कि भू–भारती अधिनियम को तेलंगाना के जटिल भूमि मुद्दों के व्यापक समाधान के रूप में देखा जा रहा है। यह कानून भूमि प्रशासन में पारदर्शिता, पहुंच और न्याय का वादा करता है।

### 20 मई तक होंगी राजस्व बैठकें आयोजित

राज्य के राजस्व, आवास, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि अधिनियम के बारे में जागरूकता पैदा करने और नागरिकों से भूमि संबंधी आवेदन प्राप्त करने तथा उनका समाधान करने के लिए 5 मई से 20 मई तक चिह्नित मंडलों में राजस्व बैठकें आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टरों को इन बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए, किसानों द्वारा आसानी से समझी जाने वाली भाषा में संवाद करना चाहिए और मौके पर ही उनकी चिंताओं का समाधान करना चाहिए। अधिनियम की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने राज्य की पिछली सरकार के भूमि प्रबंधन की आलोचना की। इस दौरान उन्होंने धरनी पोर्टल घोटाले और व्यापक भूमि विवादों का हवाला दिया, जिससे गांवों में सैकड़ों परिवार संकट में आ गए थे।

## स्टालिन ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री को दी चुनाव में जीत पर बधाई

**चेन्नई,** 4 मई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग को उनकी पार्टी की चुनावों में रविवार को शानदार जीत पर बधाई दी। 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री थिरु लॉरेंस वोंग को पीपुल्स एक्शन पार्टी को लगातार 14वीं जीत दिलाने के लिए बधाई, जिसमें उन्होंने नेता के तौर पर अपने पहले चुनाव में सिंगापुर के लोगों से शानदार जनादेश हासिल किया। स्टालिन ने कहा कि तमिल समुदाय के साथ उनका निरंतर जुड़ाव और तमिल भाषा और संस्कृति को बनाए रखने के प्रयास सिंगापुर की समावेशी भावना को दर्शाते हैं।



## पहलगाम आतंकी हमले का करारा जबाव दे केंद्र सरकार : धर्मेंद्र यादव

**अयोध्या,** 4 मई (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद धर्मेन्द्र यादव ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा कि सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिए। अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए यादव ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। पूरा देश उनके साथ है। उन्होंने जातीय जनगणना पर कहा कि केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना की घोषणा की है, हम इसका समर्थन करते हैं और उम्मीद करते हैं कि जातीय जनगणना में हेराफेरी नहीं होगी। 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि यह केंद्र सरकार की तानाशाही है। षड्यंत्र का एक और हिस्सा है, यह पूरी तरह से गैर संवैधानिक है। किसान नेता राकेश टिकैत की पगड़ी उछालने पर उन्होंने कहा कि श्री टिकैत की पगड़ी नहीं बल्कि पूरे किसान परिवार का अपमान हुआ है।

जहां भाजपा वाले पगड़ी उछाल रहे हैं वहीं समाजवादी पार्टी के लोग जाकर उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मान करने का भी काम कर रहे हैं। सांसद यादव अमेठी में सपा नेता के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दिल्ली जाने के लिये अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री तेजनारायण पाण्डेय उर्फ पवन, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव के साथ तमाम समाजवादियों ने उनका भव्य स्वागत किया।



■ सपा नेता ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

**गुहार** — *सीआरपीएफ जवान मुनीर खान की प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से न्याय की गुहार, कहा*

## बर्खास्तगी पत्र में बताए गए सभी आरोप भ्रामक व दुर्भावना से भरे

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 4 मई (देशबन्धु)। पूर्व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कर्मी मुनीर अहमद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से बल से उनकी मनमाने तरीके से की गई बर्खास्तगी के संबंध में न्याय दिलाने की अपील की है। पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए, जिसमें 25 हिंदुओं और एक स्थानीय नागरिक सहित 26 नागरिक मारे गए थे, उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के जघन्य कृत्य के अपराधियों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के दृढ़ संकल्प और कार्रवाई की सराहना की।

रविवार को यहां कुछ पत्रकारों से बात करते हुए मुनीर अहमद, जिन्हें पाकिस्तानी नागरिक मीनल खान से शादी करने के कारण सीआरपीएफ द्वारा सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था, ने कहा कि उनके बर्खास्तगी पत्र में बताए गए सभी आरोप भ्रामक और गहरी दुर्भावना से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे (उनका परिवार) सदियों से जम्मू–कश्मीर के निवासी हैं और पिछली कई पीढ़ियों से जम्मू के भलवाल तहसील के हंदवाल गांव में रह रहे हैं। वे कहते थे कि हमने 1947 में भी जम्मू नहीं छोड़ा, जबकि मेनाल खान (उनके मामा) का परिवार पाकिस्तान चला गया था। उन्होंने आगे कहा कि मेरे अंदर अपने देश की सेवा करने की तीव्र इच्छा थी और इसीलिए मैं सीआरपीएफ में शामिल हुआ और पिछले 9 वर्षों से कई कठिन और दूरदराज के इलाकों में सेवा कर रहा हूं। मुनीर अहमद ने आगे बताया कि उनकी शादी का फैसला उनकी मां और मामा ने बचपन में ही कर दिया था और साल 2022 में उन्होंने सीआरपीएफ अधिकारियों को पाक नागरिक मिनाल खान से शादी करने की अपनी मंशा बताई और इसके लिए अनुमति मांगी। फिर सीआरपीएफ द्वारा 24 जनवरी 2023 को लिखे गए पत्र का जवाब देते हुए कुछ सवाल उठाए और 5 नवम्बर 2023 को शादी के लिए मंजूरी/एनओसी मांगने के लिए मेरे 18 अक्टूबर 2023 के पत्र के जरिए सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करवा दिए। वे कहते थे कि 17 नवम्बर 2023 को आईजीपी, जम्मू सेक्टर सीआरपीएफ, बन तालाब जम्मू के कार्यालय द्वारा एक पाकिस्तानी लड़की से शादी करने के लिए एनओसी जारी करने के संबंध में विशेष डीजी, जेएंडके जोन सीआरपीएफ, जम्मू को एक पत्र भेजा गया था और उच्च अधिकारियों से निर्देश मांगे। मुनीर अहमद ने आगे बताया कि 30 अप्रैल 2024 के एक उत्तर के अनुसार, पुलिस महानिदेशक, सीआरपीएफ नई दिल्ली के कार्यालय ने कहा कि केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम 1964 नियम 21 (3) के अनुसार, एक सरकारी कर्मचारी जिसने भारतीय राष्ट्रीयता के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से विवाह किया है या करने वाला है, उसे तुरंत सरकार को इस तथ्य की सूचना देनी चाहिए। उक्त कार्मिक ने नियमानुसर विभाग को इसकी सूचना दे दी है।



■ पाकिस्तानी लड़की से शादी करने के चलते जवान मुनीर की गई नौकरी

बिलासपुर, सोमवार 5 मई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## नफ़रत के खिलाफ़ खड़ी महिलाएं

ऐसे वक्त में जब देश का वातावरण एक सम्प्रदाय, कुछ समुदायों तथा कतिपय विचारों के लिये पल रही नफ़रत के कारण विषाक्त हो चला है, कुछ महिलाएं खुद को बड़े खतरे में डालती हुई इसके विरूद्ध उठ खड़ी हुई हैं। बेशक, उनके जैसे हजारों लोगों की तरह वे भी अलग-थलग पड़ती हुई दिख रही हैं लेकिन उम्मीद है कि उनसे प्रेरणा लेकर अन्य लोग भी साम्प्रदायिक सौहार्द्र के लिये कोशिशें करेंगे।

लोक गायिका नेहा सिंह राठौर लम्बे समय से कट्टरपंथियों के रडार पर हैं। अपने ठेठ देसी अंदाज में लिखे और गाये गीतों से वे सत्ता से कंटीले सवाल करती हैं। देश-प्रदेश की समस्याओं को वे अपने ढंग से उठाती हैं और सत्ता पर चोट करने से कतई नहीं चूकतीं। 'यूपी में का बा?' तथा 'बिहार में का बा?' वाले गीतों की उनकी श्रृंखला खासी लोकप्रिय हुई थी। बदहाली, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, कोरोना के कुप्रबंधन आदि पर उन्होंने सरकार पर तीखे हमले किये हैं। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर उन्होंने केन्द्र सरकार से अपने गीतों के जरिये सवाल किये जो पार्टी समर्थकों को नागवार नहीं गुज़रे। उनके खिलाफ लखनऊ तथा अयोध्या में एफआरआई दर्ज करा दी गयी है। यह भाजपा तथा उनसे जुड़े संगठनों का वही पैंतरा है जिसके अंतर्गत समाज सेवकों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, पत्रकारों आदि के खिलाफ मामले दर्ज़ होते हैं।

नेहा के खिलाफ़ राजद्रोह की शिकायत दर्ज की गयी है। हालांकि वे इस बात से घबराई हुई नहीं है और वे लगातार अपने वीडियो प्रसारित कर बतला रही हैं कि वे सत्ता से सवाल करना छोड़ेंगी नहीं। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. माद्री काकोटी भी लम्बे समय से वीडियो डालकर शासकीय कार्य प्रणाली की खामियां उजागर करती रही हैं। उनके खिलाफ भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर दी गयी है। नेहा तथा माद्री से भाजपा सरकारों की खुन्नस पुरानी है, वैसी ही जिस प्रकार स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा आदि से है जिसके खिलाफ़ पिछले दिनों उनके कार्यक्रम को लेकर नाराज़ महाराष्ट्र सरकार ने मामला दर्ज़ कर लिया था।

ये दोनों मामले उनकी अभिव्यक्ति को लेकर रहे हैं, पर इसके विपरीत जो अन्य महिलाएं नफ़रतियों के कोप का शिकार हो रही हैं, वे हाल के घटनाक्रमों के चलते हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम (कश्मीर) के बैसरन घाटी में आतंकियों की फायरिंग से जो 26 पर्यटक मारे गये, उनमें से एक हिमांशी के पति लेफ्टिनेंट जनरल विनय नरवाल भी थे। 16 अप्रैल को दोनों की शादी हुई थी। इस घटना के बाद हिमांशी ने बेहद संयम व विवेक का परिचय देते हुए लोगों से अपील की कि 'चाहे आतंकियों ने उनके पति को कथित रूप से उनका धर्म पूछकर गोली मारी हो, फिर भी देश के मुसलमानों और कश्मीरियों को टारगेट न किया जाये।'

ऐशान्या के पति शुभम द्विवेदी की भी आतंकियों ने हत्या की। उन्होंने इस घटना का ब्यौरा देते हुए कहा कि 'दो हजार पर्यटकों के वहां होने के बावजूद एक भी पुलिस वाला या सुरक्षाकर्मी नहीं था।' उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि 'जिस सरकार के भरोसे वे वहां गये थे, उसने हम पर्यटकों को अनाथ छोड़ दिया।' भाजपा समर्थक इसलिये कुपित हैं कि उन्होंने व्यवस्था में खामी क्यों निकाली। उधर उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नैनीताल की शैला नेगी भी नफ़रती ब्रिगेड के निशाने पर आ गयी हैं। यहां एक उम्रदराज़ मुस्लिम ने एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किया। पुलिस वे आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है लेकिन इसे लेकर वहां जमकर बवाल हो रहा है। वहां अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ मारपीट हो रही है, उनकी सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। शैला ने उपद्रव कर रहे हिन्दुओं को समझाने की कोशिश की कि किसी एक व्यक्ति की गलती के लिये पूरे समुदाय को दोषी ठहराना उचित नहीं है। निश्चित ही यह एक समझदारी से भरी और विवेकपूर्ण बात थी लेकिन लोगों का गुस्सा शैला पर भड़क उठा है।

वैसे तो ये सभी महिलाएं अपने विचारों पर अडिग हैं लेकिन उनके खिलाफ जिस तरह से घृणा का सैलाब उमड़ आया है वह बेहद दुखद और बहुत हद तक इनकी सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक है। नेहा को अपशब्द कहे जा रहे हैं। ये उनके रंग-रूप को लेकर तो हैं ही, उनका चरित्र हनन भी किया जा रहा है। हिमांशी, जिनका वैवाहिक जीवन एक सप्ताह का भी पूरा नहीं हुआ था, उनके बारे में बेहद अशोभनीय टिप्पणियां सोशल मीडिया पर देखी जा रही हैं। कोई उन्हें बचा जीवन किसी मौलवी के साथ बिताने की सलाह दे रहा है तो कोई कह रहा है कि 'वह अपने पति को खा गयी'। ऐशान्या से इसलिये नाराज़गी है क्योंकि उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में चूक बतलाई है। शैला को तो सीधे-सीधे बलात्कार करने की तक धमकियां दी जा रही हैं।

इन सभी महिलाओं के प्रति जो विचार भाजपा समर्थकों द्वारा व्यक्त किये जा रहे हैं वे एक पतनशील समाज का साक्ष्य हैं जिससे उबरने के कोई चिन्ह दूर-दूर तक इसलिये दिखाई नहीं देते क्योंकि इन तत्वों को सत्ता का प्रश्रय प्राप्त है। जिस प्रकार से उन्हें चरित्रहीन निरूपित किया जा रहा है वह बतलाता है कि भारत एक कुंठित तथा नफ़रती समाज में बदल चुका है। पहले से यह देश स्त्री विरोधी है। सत्ता पोषित नफ़रती तत्वों से देश की विवेकशील व संवेदनशील महिलाएं पहले से अधिक असुरक्षित हैं।

# इस बार टोपी में से जाति गणना निकाली

लड़ाई तो अब शुरु होगी। जाति गणना की राहुल गांधी की मांग को मोदी सरकार को मानना पड़ा। आम जनगणना में इस बार जातिवार गणना भी होगी। मगर गिनती हो जाना ही अपने आप में कुछ नहीं है। दलितों की आदिवासियों की गिनती है। दस साल बाद होने वाली हर जनगणना में होती है। हालांकि मोदी सरकार ने अभी तक जनगणना ही नहीं करवाई। 2021 में होना थी। मगर कोविड के बहाने उसे टाल दिया गया। जबकि 2021 में ही 5 राज्यों बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल, पुदुचेरी के विधानसभा चुनाव करवाए। इससे पहले 2020 में बिहार, दिल्ली के। और 2022 में उत्तर प्रदेश के चुनाव भी हुए। चुनाव कभी नहीं टाले। मगर पांच साल लेट हो गई जनगणना।

जनगणना में सरकार के सामने सबसे बड़ी समस्या यही थी कि वह जाति गणना से कैसे बचे। मोदी सरकार ने उस समय संसद में कहा था कि वह अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा किसी और समुदाय की गणना नहीं करवाएगी। ऐसा ही जवाब उसने एक हलफनामे के जरिए सुप्रीम कोर्ट को दिया था। 2021 के बजट में जनगणना के लिए जो पैसा रखा था उसे केंसिल किया (विलंबित) अगले साल 2022 तक के लिए। अगले साल फिर 2023 तक के लिए। सरकार जाति गणना से बचने के लिए जनगणना को भी अभी तक टालती रही।

मगर अब उसने अचानक यह फैसला ले लिया। इस पर बहुत सारी बातें हैं। सवाल हैं। कि अचानक क्यों?

देश जब पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहा था। पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा था तब अचानक प्रधानमंत्री मोदी फैसला करते हैं कि हम तो जातिवार गणना कराएंगे।

11 साल से लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। जनता जब जो चाहती है उसे वह न देकर दूसरे मामले में उलझा दिया जाता है। बेरोजगार नौकरी मांगते हैं उनसे कहा जाता है कि वह तुम्हारी भैंस खोल ले जाएंगे। महिलाएं कहती हैं कि आपने तो कहा था- 'बहुत हुआ नारी पर वार अबकी बार मोदी सरकार!' तो कहते हैं कि अब तुम्हारा मंगल सूत्र ले जाएंगे! कुछ भी कह देते हैं। और कुछ नहीं मिला तो कह दिया कि मैं बायलॉजिकल (मां की कोख से जनमा) नहीं हूं।

जनता को एक के बाद एक नए मुद्दे में उलझाना। इसे खुश होकर उनके भक्त कहते हैं कि यह हेडलाइन मैनेजमेंट हैं। खबरों की सुर्खियों में हम ही रहेंगे। टोपी में से कबतूर निकालने का जादू चलता रहेगा। इस बार जब 26 पर्यटकों की पहलगाम में हत्या हुई और लोग इसके जवाब में आतंकवाद का खात्मा मांग रहे थे तो मोदी जी ने टोपी में से जाति गणना निकाल दी।

जाति गणना तो बहुत पुरानी मांग है। होना चाहिए थी। मगर इस समय घोषणा कुछ और चाहिए थी। आतंकवाद के खिलाफ। और घोषणा नहीं कार्रवाई। मगर मोदी जी को आदत पड़ गई है बातों से लोगों को बहलाने की। आखिर 11 साल से यही कर रहे हैं। मगर इस बार संभव नहीं लगता।

दो बड़ी बातें हैं। पहली,



शकील अख्तर

> जनता को एक के बाद एक नए मुद्दे में उलझाना। इसे खुश होकर उनके भक्त कहते हैं कि यह हेडलाइन मैनेजमेंट हैं। खबरों की सुर्खियों में हम ही रहेंगे। टोपी में से कबतूर निकालने का जादू चलता रहेगा। इस बार जब 26 पर्यटकों की पहलगाम में हत्या हुई और लोग इसके जवाब में आतंकवाद का खात्मा मांग रहे थे तो मोदी जी ने टोपी में से जाति गणना निकाल दी।

बार-बार सीमा पार से आकर यहां लोगों को मारे जाने की घटनाएं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं होना। पुलवामा में चालीस जवान शहीद, गलवान में बीस जवान और अब पहलगाम में 26 पर्यटक। दूसरी बात, इनके जवाब में जो मोदीजी जो जाति गणना लाए हैं वह उन्हें उलटी पड़ रही है। आरएसएस और भाजपा के मूल विचार यथास्थितिवाद के खिलाफ है। यह दक्षिणपंथी संगठन सामाजिक ढांचे में बदलाव के सख्त खिलाफ हैं।

लेकिन समय की ऐसी बलिहारी है कि देश में सामाजिक ढांचे के बदलाव के आज तक के सबसे बड़े काम की घोषणा मोदी जी के हाथों होना थी। हो गई।

बहुत अच्छा हुआ। सोचिए अगर यह घोषणा राहुल गांधी करते तो क्या होता? 1990 याद कर लीजिए। उसी तरह देश भर में बीजेपी इसके विरोध में हिंसक आंदोलन शुरू कर देती। युवाओं का आत्मदाह याद है! क्या भयावह समय था। वीपी सिंह को आज तक गालियां देते हैं।

मोदी जी की घोषणा से एक लाभ यह जरूर हुआ कि प्रतिक्रियावादी ताकतें मुख्यत: ओबीसी और दलित आदिवासी के खिलाफ खुल कर नहीं आ पा रही हैं। केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर बहुत गंदगी फैलाई जा रही है। मगर वहां कब नहीं फैला रहे थे ये लोग? फर्क बस इतना था कि पहले मुस्लिम के खिलाफ फैला रहे थे और अब पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, आदिवासी के खिलाफ।

मामला पूरा यू टर्न ले गया। अभी तक इस वर्ग को समझा रहे थे कि मुस्लिम तुम्हारे खिलाफ है। झारखंड के चुनाव में तो इस बार प्रधानमंत्री मोदी ने बोल ही दिया था कि बेटी ले जाएंगे। मगर मजबूरी में जैसे ही जाति गणना की घोषणा की तो सारा नजला पिछड़ा अति पिछड़ा दलित आदिवासी पर गिरने लगा।

उसकी सारी सेवाएं भूल गए कि उनको ही आगे ले जाकर मस्जिदों के बाहर नाचते और नारे लगाते थे। 11 साल में देश में हिन्दू-मुसलमान हवा बनाने के लिए सबसे ज्यादा उपयोग समाज के इस वंचित समाज का ही किया। और अब उसे ही गालियां दी जा रही हैं।

दूसरा बड़ा सेटबैक समाज की उच्च जातियों को भी लगा। आज तक का सबसे बड़ा धक्का। हमला। दिखाते तो इसे भी मुसलमान मुसलमान ही रहे। मगर छीन इसका सारा प्रिवलेज (विशेषाधिकार) लिया। जाति भारत में एक प्रिवलेज की तरह थी।

और उसकी सबसे बड़ी रक्षक होने का दावा भाजपा आरएसएस करती थी। मगर पैनिक रिएक्शन (घबराहट) में वह जाति गणना ले आई। इसका कोई फायदा उसे नहीं मिलेगा। दोई दीन से गए... ! इसके आगे नहीं लिख रहे। लोग इस पर भी ऐतराज करने लगे हैं। यह वाला लिख देते हैं कि न खुदा ही मिला न विसाले सनम, न इधर के हुए न उधर के हुए! यह भी हलवा मिला न मांडे के मुकाबले का है।

सवर्ण समझ गया कि वह भी बीजेपी आरएसएस के लिए उपयोग की चीज है। अब पिछड़ा ज्यादा महत्वपूर्ण लगने लगा तो उस पर ही चोट कर दी। और ऐसी चोट की अब वह कभी वर्चस्व की लड़ाई में संख्या बल के सामने टिक ही नहीं पाएगा। मोदी को जो वह आंख बंद करके समर्थन दे रहा था वह उसे उलटा पड़ गया। सोशल मीडिया ही आज समाज का आईना बना हुआ है। उस पर तमाम मोदी के समर्थक लिख रहे हैं कि अब उनका समर्थन बंद। बड़ा धोखा हो गया। सही बात है। राहुल करते, अखिलेश करते, तेजस्वी करते तो यह स्वाभाविक माना जाता। वे सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहे थे। मगर इसे देश को तोड़ने वाला अरबन नक्सल का विचार बताने वाले जब खुद इसको ले आए तो साफ हो गया कि वे लोगों का ध्यान भटकाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। उनकी किसी विचार से कोई प्रतिबद्धता नहीं है। अगर है तो केवल वोट से अपनी सत्ता से।

और अब आखिरी बात। कहानी शुरू वहीं से की थी कि अभी सिर्फ घोषणा हुई है। इसे लागू करवाना और फिर जाति की संख्या के आधार पर हिस्सेदारी के लिए पिछड़े, अति पिछड़े दलित आदिवासी को निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी।

मोदीजी ने तो आज मुद्दा बदलने के लिए इसकी घोषणा कर दी। महिला आरक्षण की भी की थी। नौकरियों की भी, महंगाई कम करने के भी, 15 लाख की भी सबकी। लेकिन लागू क्या हुआ, मिला क्या?

अब सोचना पिछड़े दलित आदिवासी को है कि कौन उसे संख्या के हिसाब से हिस्सेदारी दिला सकता है? किसके विचारों में वास्तव में सामाजिक न्याय है ? और कौन सामाजिक न्याय, समानता को समरसता कहकर कमजोर को बलवान के साथ समरस करके मिलाकर रखना चाहता है। समरसता मतलब जो समर्थ कहे उसे मानना। समानता मतलब समर्थ के बराबर सामाजिक रूप से कमजोर का भी अधिकार।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# भारत-पाकिस्तान सैन्य गतिरोध में कहां खड़ा है भारत?

**■ नित्य चक्रवर्ती**

22 अप्रैल को पहलगाम में 26 लोगों की नृशंस हत्या को दस दिन बीत चुके हैं। अगले दिनों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई उपायों की घोषणा कर के देश के उबलते मूड को बढ़ावा दिया, जिसमें 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी शामिल है। उसके बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी कदम उठाये, जिनमें 1972 के शिमला समझौते से बाहर आना भी शामिल रहा।

29 अप्रैल को, प्रधानमंत्री ने अपने सैन्य प्रमुखों के साथ बैठक की और कथित तौर पर उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के समय और प्रकृति पर निर्णय लेने के लिए पूर्ण स्वतंत्रता दी। उसी रात, पाकिस्तान के सूचना मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि-पाकिस्तान को अपनी खुफिया रिपोर्टों के आधार पर आशंका है कि भारत 2-3 दिनों के भीतर सैन्य हमला करेगा, और उस स्थिति में उनका देश पूरी तरह से तैयार है।

भारतीय टीवी चैनलों और राष्ट्रीय मीडिया के एक हिस्से ने दोहराया कि मोदी का पाकिस्तान के खिलाफ हमला निश्चित रूप से होने वाला है। बुधवार, 30 अप्रैल को स्थिति पूरी तरह बदल गयी, जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों को फोन करके दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाये रखने का आह्वान किया। स्वर काफी केंद्रित था और इसमें ट्रंप जैसा स्वर नहीं था, जिन्होंने शुरू में यह आभास दिया था कि अमेरिका उनके प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिशोध के रूप में की जाने वाली हर चीज के साथ जायेगा।

> भारतीय टीवी चैनलों और राष्ट्रीय मीडिया के एक हिस्से ने दोहराया कि मोदी का पाकिस्तान के खिलाफ हमला निश्चित रूप से होने वाला है। बुधवार, 30 अप्रैल को स्थिति पूरी तरह बदल गयी, जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों को फोन करके दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाये रखने का आह्वान किया।

यदि रुबियो की टिप्पणियों का विश्लेषण किया जाये, तो यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग करने की संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। हालांकि, साथ ही, हमले में शहबाज शरीफ सरकार की किसी भी संलिप्तता का उल्लेख किये बिना, रुबियो ने विनम्रतापूर्वक तनाव कम करने की मांग करते हुए औपचारिक रुख अपनाया। गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग के बयान में यह उल्लेख किया गया था कि रुबियो और शरीफ दोनों ने हिंसा के जघन्य कृत्यों के लिए आतंकवादियों को जवाबदेह ठहराने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

पाकिस्तान पर किसी भी संभावित भारतीय सैन्य हमले के लिए अमेरिका के नवीनतम रुख का क्या मतलब है, जिसमें दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच पूर्ण युद्ध में वृद्धि की संभावना है? सबसे पहले, रुबियो भारत द्वारा अपराधियों का पता लगाने की अपनी कार्रवाई को आगे बढ़ाने के पक्ष में हैं, और वह चाहते हैं कि पाकिस्तान अपनी ओर से इस कार्य में पूरा सहयोग करे। रुबियो ने पहलगाम नरसंहार पर राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं को दृढ़ता से व्यक्त किया होगा। लेकिन साथ ही, रुबियो ने कोई संकेत नहीं दिया है कि शहबाज शरीफ सरकार का पहलगाम नरसंहार में शामिल आतंकवादियों के साथ सीधा संबंध है।

रुबियो की शरीफ के साथ बातचीत के बारे में, अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि उन्होंने आतंकी हमले की निंदा करने की आवश्यकता के बारे में बात की। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने आतंकवादियों को उनकी जघन्य हिंसा के लिए जवाबदेह ठहराने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि 'सचिव ने इस अमानवीय हमले की जांच में पाकिस्तानी अधिकारियों से सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने पाकिस्तान को तनाव कम करने और दोनों देशों के बीच सीधे संचार को फिर से स्थापित करने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।'

22 अप्रैल के पहलगाम नरसंहार के दस दिन बाद का यह परिदृश्य जून 2002 में भारत-पाकिस्तान सैन्य गतिरोध से कई समानताएं रखता है, जब पश्चिमी देशों को जानकारी मिली कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान पर हमला करने का फैसला किया है। दिसंबर 2001 में दिल्ली में भारतीय संसद पर पाक-प्रेरित आतंकवादी हमले और उसके बाद मई 2002 में जम्मू के कालूचक में एक और नरसंहार के बाद वाजपेयी ने पाकिस्तान के साथ बातचीत की सभी उम्मीदें खो दी थीं। भारतीय अभियान को ऑपरेशन पराक्रम नाम दिया गया था। भारत और पाकिस्तान दोनों ने नियंत्रण रेखा पर भारी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और नौसेना तथा सेना की टुकड़ियाँ पूरी तरह से तैयार थीं।

लेकिन फिर, अमेरिका ने जोरदार हस्तक्षेप किया। दक्षिण एशिया की देखरेख करने वाले अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारी रॉबर्ट आर्मिटेज ने दिल्ली में घंटों बिताकर भारतीय पक्ष को युद्ध टालने के लिए मनाया और वायदा किया कि विदेश मंत्री कॉलिनपॉवेल पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ से पाकिस्तान के अंदर आतंकी शिविरों को हटाने और पाकिस्तानी धरती से सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बारे में बात कर रहे हैं। पॉवेल आखिरकार सफल हुए और युद्ध टल गया, हालांकि प्रधानमंत्री वाजपेयी खुश नहीं थे। लेकिन साथ ही, उन्हें पता था कि अमेरिका को नाराज़ करके भारत के लिए पाकिस्तान के साथ युद्ध करना संभव नहीं था।

दिलचस्प बात यह है कि मैं जून 2002में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच एक अलग असाइनमेंट पर मास्को में था। जिस दिन मैं मास्को से दिल्ली लौट रहा था, मैंने हवाई अड्डे पर पाया कि प्रधानमंत्री के तत्कालीन प्रधान सचिव ब्रजेश मिश्रा भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली के लिए एक ही उड़ान में सवार थे। मुझे आश्चर्य हुआ क्योंकि प्रधानमंत्री के पास कोई कार्यक्रम नहीं था।

मॉस्को में मिश्रा और वाजपेयी मध्य एशियाई राज्य के दौरे पर थे। मुझे एक अधिकारी ने बताया कि मिश्रा को प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूसी अधिकारियों से भारत-पाक गतिरोध पर नवीनतम स्थिति के बारे में बात करने के लिए भेजा था, जो पूरे दक्षिण एशिया को प्रभावित करने वाले किसी भी भारतीय भू-राजनीतिक शतरंज चाल पर रूसी रुख के महत्व को दर्शाता है।

2002 जून की घटना ने प्रदर्शित किया है कि प्रधानमंत्री मोदी को भी पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी अंतिम निर्णय लेने से पहले कई कारकों को ध्यान में रखना होगा। टीवी चैनल दावा कर सकते हैं कि हमला आसन्न था। भाजपा समर्थक पाकिस्तान के आने वाले अपमान का इंतजार कर रहे हो सकते हैं। कुछ स्वघोषित विशेषज्ञ आक्रामक टीवी मीडिया पर कह सकते हैं कि पाकिस्तान चार भागों में विभाजित होगा। लेकिन जमीन पर भू-राजनीतिक वास्तविकता काफी अलग है। प्रधानमंत्री मोदी भी इसे जानते हैं।

सैन्य प्रमुखों को कार्रवाई की प्रकृति पर निर्णय लेने की पूरी स्वतंत्रता देने के बाद, प्रधानमंत्री को किसी भी मजबूत कार्रवाई का संकेत देने से पहले यह देखना होगा कि अमेरिका सीमा पार आतंकवाद को रोकने और आतंकी शिविरों को खत्म करने के लिए भारत को क्या आश्वासन दे सकता है।

## आपके पत्र

### आतंकवाद कई देशों के लिए बड़ा नासूर

समग्र रूप से वैश्विक स्तर पर देखें तो आतंकवाद कई देशों के लिए बड़ा नासूर बन चुका है। भारत में पहलगाम घटना को लिया जाए तो निर्दोष 27 भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या इसका एक बड़ा उदाहरण है वैश्विक परिपेक्ष में देखें तो वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद बहुत बड़ा अवरोध और बड़ी रुकावट है। इसका स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए अन्यथा मानवता कराहने लगेगी और ऐसे ही निर्दोष मासूम नागरिकों की हत्या होती रहेगी। इनके विरुद्ध कडे से कड़ा कदम उठाकर इनकी जड़ें ही खत्म कर देनी चाहिए और आतंकवादियों को चुन चुन कर मारा जाना चाहिए। इसराइल हमास युद्ध इसकी एक बड़ी कड़ी है और अब भारत सरकार भी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के साथ उनके पालनहारों को भी खत्म करने में लगी हुई है।

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय स्थापित करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित कर अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलत: धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक आपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलत: सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग- अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेल पटरियों, वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना, बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।

आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### चीन, ओबोर और भारत

*'भारत और पाकिस्तान दोनों काश्मीर को मुद्दा बनाकर चाहे जितना वैमनस्य पालते रहें, यह तथ्य सबके सामने है कि एक समय की जो जम्मू-काश्मीर रियासत थी, गत सत्तर वर्षों से उसका एक भाग भारत के पास विलय पत्र पर राजा द्वारा हस्ताक्षर करने के बाद से है, जबकि दूसरा भाग पाकिस्तान के वास्तविक नियंत्रण में है। वह जिसे आज़ाद काश्मीर कहता है, वहां किसी भी तरह की स्वायत्तता नहीं है और उसकी तथाकथित सरकार इस्लामाबाद द्वारा ही मनोनीत की जाती है। पाकिस्तान के कब्जे वाले भाग में चीन लंबे समय से सक्रिय है तथा बलोचिस्तान के निर्माणाधीन ग्वादर बंदरगार तक चीन की आवाजाही का रास्ता वहीं से गुजरता है। यह भारत पर निर्भर करता है कि इस वास्तविकता को किस हद तक स्वीकार करे, उसकी तरफ से मुंह मोड़ ले या फिर पूरी तरह आंखें बंद कर ले। चूंकि पाकिस्तान में भी निर्वाचित सरकार के बजाय सेना का ही हुक्म चलता है, इसलिए आपसी बातचीत से कोई समाधान जल्दी होते नहीं दिखता। किंतु चीन को इससे क्या फर्क पड़ता है। वह तो अपने मकसद में कामयाबी हासिल कर ही रहा है।'*

**(देशबन्धु में 25 मई 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/05/blog-post_26.html

## गुरवाणी विचार

### गऊड़ी महसा 9

मन रे कहां भयौ तैं बौरा
अहनिसि औघ छटे नहीं जाने
भयो लोभ संग हौरा (रहाओ)
जे तन तन तैं आपनो करि मानियो और सुंदर गृह नारी।
रतन जनम अपनौ तैं हारियो-गोविंद गति नहीं जानी
निगरण न लीन भयो चरणन-सिओं बिरथा औध सिरानी
कहो नानक सोई नर सुखीया राम नाम गुण गावै।
और सगल जग माया मोहिआ -निरभय पद नहीं पावै।

यह शब्द गौड़ी राग से लिया गया है जो गुरुग्रंथ साहिब में अंग 220 में विराजमान है। शब्द की इन पंक्तियों द्वारा मन को समझाईश दे रहे हैं कि ऐ इंसान तू इस संसार में आकर किस लोभ में फंस कर पागल हुआ जा रहा है। माया के मोह में मदहोश हुआ फिरता है। यह जानते हुए भी कि ये सब कुछ यहीं पर धरा रह जाना है और हमें खाली हाथ ही इस संसाह से बिदा होना पड़ेगा। दिन गिन कर के उम्र तेरी कम होती जा रही है ठीक उसी प्रकार जिस तरह फूटे हुए घड़े से शनैः शनैः पानी खत्म होते जाता है-

छिन छिन औध बिहात है,
फूटे घट जिओं पानी।

इंसान इस बात को भूल जाता है कि लालच में पड़कर अपनी श्वांसों की पूंजी को व्यर्थ ही गवां रहा है। हमें यह याद रखना चाहिए कि हमारे किसी जनम के पुण्य प्रताप से मानव जनम मिला है जिसे पाने के लिए देवतागण भी तरसते हैं।

इस देही को सिमरे देव इस देही को सिमरे देव।
इस देही को भजि भजि हरि की सेव।

अतएव हमें मानव जीवन पाने का मूल्य समझना चाहिए और प्रत्येक श्वांस की पूंजी प्रभु बंदगी में खर्च करना चाहिए। शब्द की अगली पंक्ति में आप फरमा रहे हैं कि घर की अपनी पत्नी जिसे हम अपना समझ बैठे हैं वह भी हमारे जिंदा रहने तक ही साथी है। शरीर से प्राण निकलने की देर है एक घड़ी भी घर में कोई रखने को तैयार नहीं होता। यहां तक कि हमारा शरीर भी हमारा नहीं है इसमें जब तक प्राण है तब तक ही यह हमारा है। शरीर से श्वांसों की पूंजी खत्म होते ही यह हमारा नहीं होता-

जदों भौर ने उड़ारियां मारिआं- पिंजरा पुराना हो गया।

इसलिए तो गुरवाणी हमें पग पग पर समझाइश देती रहती है कि - सब कुछ जीवत का बयोहार, मात पिता भाई सुत बनिता और।

अतएव हमें चाहिए कि जो यह मानव जीवन पूर्वाग्रहों की नाल हमें हीरे जैसा मिला है इसे प्रभु परमात्मा की बंदगी में रमाए रखें। उदर पोषण हेतु चाहे हम कार बिहार करते रहें पर मन हमारा निरंकार से जुड़ा रहे। हमने मानव जीवन पाकर भी विषय विकारों में गवां दिया और व्यर्थ ही अपनी श्वांसों की पूंजी खत्म कर दी और प्रभु का नाम सिमरन नहीं किया तो महारा जनम कौड़ी जैसा है। इसलिए समय रहते हमें चेत जाना चाहिए-

बीती ताहि बिसार दे आगे की सुधि ले। अंतिम पंक्तियों में आप फरमा रहे हैं कि वही मनुष्य सही मायने में सुखी है जो हर वक्त प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी में मन रमाए रखता है। वह इस संसार में तो सुख की अनुभूति करता ही है और यहां तक कि उसे प्रभु के सांचे दरबार में भी स्थान मिलता है। हगें चौरासी लाख योनियों में पड़ने से मुक्ति मिल मिल जाती है अतएव हमें मानव जीवन पाने का संपूर्ण रूप से लाभ प्राप्त कर लेना चाहिए। पर यह संभव तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर कृपा होगी। इसलिए हमें हर वक्त प्रभु परमात्मा से विनती करते रहना चाहिए-

बिसर नाहिं दातार अपना नाम देहो।
गुण गांवा दिन रात नानक चावो ऐहो।।

**-इंदर सिंह आहुजा**

देशबन्धु संस्कारधानी
5 बिलासपुर
सोमवार,5 मई 2025

उल्टा पुल्टा

चिंटू- अपने देश में मृत्यु की औसत दर क्या है ?
मिंटू- सौ फीसदी !
चिंटू- सौ फीसदी, क्या मतलब?
मिंटू- मतलब यह कि जो भी जन्म लेता है, वह जरूर मरता है।

## संपादकीय

### सावधानी से करें सुबह-शाम की सैर

*सुबह और शाम की सैर बेशक सेहत के लिये फायदेमंद हो परन्तु लापरवाही से वाहन चलाने वालों ने इसे खतरनाक बना दिया है। इसे देखते हुए ज़रूरी हो गया है कि स्वास्थ्य को अच्छा बनाये रखने के लिये पैदल चलने वाले यातायात का बहुत ख्याल रखें। रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों में सैर के लिये निकले लोगों को तेज़ रफ़्तार वाहन कुचल चुके हैं। इसके कारण कुछ घायल हुए हैं तो कई की मौत तक हो चुकी है।*

*राजधानी के मरीन ड्राइव कहलाने वाले तेलीबांधा तालाब का जब से सौंदर्यीकरण हुआ है तभी से यहां सुबह-शाम आने वालों की भीड़ बढ़ गयी है। पिछले एक दशक से भी ज्यादा यहां हर वक्त भीड़ रहती है। मॉर्निंग वॉक करने वाले अपने-अपने घरों से यहां जब आते हैं तो उन्हें महासमुन्द रोड से होकर या उसे पार करते हुए आना होता है। बहुत से गौरव पथ पर चलते हुए आते हैं। इस रोड पर सुबह से ही वाहनों का आवागमन शुरू रहता है, ख़ासकर एयरपोर्ट, वीआईपी कॉलोनी, नवा रायपुर, महासमुन्द आदि जाने वाले फर्राटा भरते हुए जाते हैं। चूंकि इस वक्त सड़कें अपेक्षाकृत काफी खाली होती हैं, लोग तेज़ गति गाड़ियां चलाते हैं। ऐसे में सैर करने वाले या काम पर जाने वालों की जान का ख़तरा बना हुआ होता है।*

*शुक्रवार को सुबह सैर पर निकली तीन महिलाएं एक बड़े हादसे का शिकार हो गयीं। प्रिया साहू, ललिता ढीमर और रिया बंजारे 6 लेन सड़क पर एकदम किनारे चल रही थीं। पीछे से आने वाली एक तेज गति कार ने ऐसी जबर्दस्त ठोकर मारी कि प्रिया 2 फुट हवा में उछल गयी। अन्य दो महिलाओं को भी कार ने बुरी तरह से कुचल दिया। एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और दो गम्भीर रूप से घायल हैं जिनका उपचार जारी है। घायल कार चालक ने वाहन रोका नहीं बल्कि मौके से भाग गया। उसके साथ दो और लोग थे जिनमें एक युवती भी थी। वैसे अमित चौहान नामक युवक ने शाम को तेलीबांधा थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पता चला कि उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है।*

*पहले भी रायपुर समेत छत्तीसगढ़ में कुछ ऐसे ही हादसे हो चुके हैं जिनमें सुबह की सैर पर निकले लोग वाहनों की चपेट में आकर घायल हुए हैं या मारे गये हैं। पिछले साल की फरवरी और मार्च में क्रमशः सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के गोकुल नगर निवासी राजकुमार देवांगन (43 वर्ष) तथा उसके पहले ईश्वर पिछे नामक एक कारोबारी की ऐसे ही हादसों में मृत्यु हुई थी। दोनों को सुबह-सुबह अज्ञात कार चालकों ने जोरदार ठोकरें मारीं और मौके से फरार हो गये थे। यह भी पाया गया है कि लोग इन दुर्घटनाओं को तमाशबीन होकर देखते रहे। उन्हें अस्पताल न पहुंचाकर लोग वीडियो बनाते दिखे।*

# अगर सरकार के पास बिलासपुर एयरपोर्ट को 4सी में अपग्रेड करने के लिए राशि नहीं तो बिलासपुर अंचल में लगने वाले पावर प्लांट का होगा विरोध

## बिलासपुर और सरगुजा संभाग को सरकार प्राकृतिक संसाधनों के लिए उपयोग कर रही पर बदले में विकास का हिस्सा देने से कतरा रही

### छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा कम से कम 10 राज्यों को कोयला और बिजली बिलासपुर और सरगुजा संभाग से भेजना बंद किया जाए




**बिलासपुर**, 4 मई (देशबन्धु)। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने छत्तीसगढ़ सरकार के बिलासपुर एयरपोर्ट को 4सी में अपग्रेड करने की योजना पर कम पीसने की समाचार पर अत्यंत नाराजगी जाहिर की है। समिति ने कहा कि यदि सरकार के पास बिलासपुर एयरपोर्ट को 4 सी में अपग्रेड करने के लिए 500 करोड रुपए नहीं है तो फिर बिलासपुर संभाग में लगने वाले हजारों करोड़ के पावर प्लांट ना लगाया जाए।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के अलावा कम से कम 10 राज्यों में बिलासपुर और सरगुजा संभाग से कोयला और बिजली की आपूर्ति की जाती है इसके लिए बिलासपुर और सरगुजा संभाग के लाखों एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई है हजारों एकड़ क्षेत्र का जंगल साफ कर दिया गया। कई बांध का पानी इन पावर प्लांट को डायवर्ट किया गया है और यह सारे खनन परियोजना और पावर प्लांट भारी मात्रा में प्रदूषण पैदा कर रहे है। इस सब के बदले में बिलासपुर और सरगुजा संभाग को विकास का हिस्सा नहीं दिया जा रहा। अधिक कोयला खनन और परिवहन के कारण पूरी रेल यात्रा व्यवस्था अस्त व्यस्त है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा की बिलासपुर संभाग के लोग राष्ट्रहित के नाम पर अपना योगदान दे रहे हैं परंतु यदि बिलास देवी केवट एयरपोर्ट के 4सी में अपग्रेड करने योजना को किसी भी तरीके का ब्रेक लगाया जाएगा या इसके फीजिबिलिटी स्टडी आदि किए जाने का बहाना बनाकर इस काम को पीछे धकेल जाएगा तो समिति जितने भी नए पावर प्लांट और कोयला खनन परियोजनाएं इस इलाके में लाई जा रही हैं उनका विरोध शुरू करेगी। समिति ने कहा की उत्तर छत्तीसगढ़ का क्षेत्र चारागाह नहीं है जहां सभी प्रकार के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण तो किया जाए परंतु बदले में कुछ ना दियाजाए। समिति ने कहा कि यह कितने शर्म की बात है कि एनटीपीसी का धुआं और राखड़ कोरबा और बिलासपुर जैसे शहर का रहे हैं परंतु उसके पैसे से बनने वाला ट्रिपल आईटी नया रायपुर में बनाया गया। इसी तरह बालकों का सर प्लांट कोरबा में है परंतु बालकों का कैंसर हॉस्पिटल नया रायपुर में बनायागया। क्या छत्तीसगढ़ में रायपुर और नया रायपुर के अलावा किसी क्षेत्र का विकास नहीं किया जाएगा यह सवाल सभी के दिमाग में है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का वहां धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से सर्वश्री अनिल गुलहरे रवि बनर्जी रमाशंकर बघेल गोपाल दुबे मोहन जायसवाल राकेश शर्मा दीपक कश्यप मनोज श्रीवास अमर बजाज चंद्र प्रकाश जायसवाल महेश दुबे टाटा देवेंद्र सिंह ठाकुर अशोक भंडारी मोहसिन अली साबर अली अखिल अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

# कांग्रेस के संविधान बचाओ आमसभा की तैयारी देखने उमेश पटेल, जांगिड़ शहर पहुंचे

### 8 मई को होगी आम सभा, प्रदेश भर के कांग्रेस नेता बिलासपुर आ रहे

**बिलासपुर**, 4 मई (देशबन्धु)। 8 मई को बिलासपुर में होने वाली प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ आम सभा की तैयारी को लेकर आज कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व मंत्री और विधायक उमेश पटेल और छत्तीसगढ़ के सहप्रभारी विजय जांगिड़ बिलासपुर पहुँचे।

उन्होंने स्थल चयन के लिए संजय तरुण पुष्कर स्वीमिंग पूल के पास के मैदान का अवलोकन किया, साथ ही गाड़ी पार्किंग, आने -जाने वालों की असुविधा न हो इस पर भी चर्चा किये, उनके साथ स्थल निरीक्षण के लिए, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, शैलेष पांडेय, सियाराम कौशिक, राजेन्द्र शुक्ला, अर्जुन तिवारी, प्रमोद नायक, शेख नजीरुद्दीन, आत्मजीत मक्कड़, ऋषि पांडेय, विवेक बाजपेयी, महेंद्र गंगोत्री, सिद्धांशु मिश्रा, पंकज सिंह, आशीष गोयल, समीर अहमद, रणजीत सिंह, अखिलेश गुप्ता, ओम कश्यप, जावेद मेमन, शिव बालक कौशिक आदि थे। विधायक

उमेश पटेल ने कहा कि आज देश के सामने बड़ी चुनौती है गरीब, मजदूर, महिला, किसान, लघु -सीमांत व्यवसायियों के अधिकारों का रक्षा करना, क्योंकि उन्हें संविधान में जो अधिकार प्राप्त है उसको केंद्र सरकार बदलने की बात कर रही है, कांग्रेस इसके बचाओ के लिए हर स्तर पर लड़ेगी।

सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि भाजपा एक पूंजीपतियों की पार्टी है वह चाहती है वोट तो आम जनता से मिले पर केंद्र की सारी योजनाएं अमीरों के लिए बनती है, देश में आर्थिक असमानता होने से अनेक परेशानियों से देश को जूझना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि जो केंद्र सरकार 14 वर्षों से जनगणना नहीं करा पाई आज राहुल गांधी जद्द की बहू चर्चित मांग जाति जनगणना की घोषणा करना पड़ा यह राहुल गांधीजी की, यह सत्य की जीत है, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि संविधान बचाओ आम सभा प्रदेश स्तर पर हो रही है, जो बिलासपुर में करने का निर्णय प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लिया है, और उनके अनुरूप जिला कांग्रेस कमेटी, विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी सहित संगठन के सभी बड़े -छोटे पदाधिकारियो के सहयोग से सफल होगा। विजय केशरवानी ने कहा कि कार्यक्रम के प्रभारी और विधायक उमेश पटेल सोमवार को कांग्रेस भवन में 3.00 बजे से अलग अलग तीन स्तर पर बैठक लेंगे, और कांग्रेस जनो के बीच कार्य का विभाजन से लेकर अन्य जिम्मेदारी भी तय की जायेगी। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी, राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र यादव, जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल भी उपस्थित रहेंगे। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि संविधान बचाओ आमसभा में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट, विजय जांगिड़, जरिता लेटफलांगजी, समस्त कुमार प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेलज, पुर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव, लोकसभा प्रत्याशी और राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र यादव सहित सभी पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद शामिल होंगे।

## तालापारा, मिनी बस्ती के बच्चों ने सिविल लाइन थाना आकर जाना पुलिस की कार्यशैली




**बिलासपुर**, 4 मई (देशबन्धु)। रविवार को थाना सिविल लाइन में समाजसेवी कुमारी सीमा वर्मा (एडवोकेट) समाजसेवी चंचल सलूजा, के साथ तालापारा मिनीबस्ती के 45-50 बच्चों को जागरूकता अभियान के तहत थाना भ्रमण करने आई थी जिसमें बच्चों को थाना प्रभारी एवं थाना में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के साथ थाना में होने वाली प्रतिदिन की कार्य शैली के संबंध में तथा थाना प्रभारी कक्ष एवं अन्य कक्ष के संबंध में अवगत कराते हुए, शिकायत जांच, अपराध विवेचना पूछताछ कैसे किए जाते हैं के संबंध में बताया गया एवं आरोपी को बंदी गृह मे रखा जाता है बताया गया साथ ही बच्चों को डायल 112, पॉक्सो एक्ट, गुड टच बेड टच, साइबर क्राइम, की जानकारी दी गई, बच्चों को बताया गया अगर कोई गलत काम करता है तो पुलिस उसको सजा दिलाने का कार्य करती है, इस लिए पुलिस से डरना नहीं है पुलिस आप की दोस्त हैं अगर कोई आप के साथ गलत व्यवहार करता हैं तो तुरंत अपने माता-पिता के साथ पुलिस से संपर्क करें जानकारी दी गई।

### पक्षियों को राहत देने एनएसएस की अनूठी पहल

## डीपी विप्र कॉलेज के स्वयंसेवकों ने लगाए बर्ड फीडर




**बिलासपुर**, 4 मई (देशबन्धु)। गर्मी की तीव्र लहर से इंसान ही नहीं, पक्षी भी बेहाल हैं। इसी को देखते हुए डी पी विप्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासे) इकाई द्वारा एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। रासे स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर बर्ड फीडर लगाए और उनमें पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की।

यह सेवा अभियान प्राचार्य डॉ. अंजु शुक्ला के संरक्षण में आयोजित किया गया, जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के रासे समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण दुबे और यूगेश कुमार की प्रमुख भूमिका रही।

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण, जीवदया और मानवीय संवेदनाओं को केंद्र में रखते हुए पूरे मनोयोग से कार्य किया। पक्षियों के लिए तैयार किए गए बर्ड फीडरों में प्रतिदिन दाना और स्वच्छ जल डाला जा रहा है, जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी स्वयंसेवकों ने स्वयं ली है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला उप-प्राचार्य डॉ. एम.एस. तंबोली, डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. आभा तिवारी और अविनाश सेठी ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा छात्रों के कार्यों की सराहना की। डॉ. किरण दुबे ने कहा, यह पहल न केवल पक्षियों के जीवन को बचाने की दिशा में सार्थक कदम है, बल्कि यह छात्रों में करुणा, संवेदनशीलता और पर्यावरण चेतना को भी विकसित करता है। यूगेश कुमार ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए ऐसे छोटे-छोटे प्रयास आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम को क्षेत्रीय नागरिकों एवं महाविद्यालय समुदाय द्वारा अत्यंत सराहना प्राप्त हो रही है।

## श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में श्री बगलामुखी प्राकट्य महोत्सव

**बिलासपुर**, 4 मई (देशबन्धु)। श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकण्डा में बगलामुखी प्राकट्य महोत्सव (जयंती) के पावन पर्व श्री बगलामुखी देवी का सप्तमी उपरांत अष्टमी में पुष्य नक्षत्र के पावन योग पर श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा अभिषेक के पश्चात श्रृंगार किया गया एवं रात्रिकालीन सहस्त्रार्चन किया गया। इसके साथ ही बगलामुखी प्राकट्य महोत्सव का प्रारंभ हो गया देवाधिदेव महादेव श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का प्रातः कालीन रुद्राभिषेक श्री महाकाली महालक्ष्मी महासरस्वती राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी देवी का श्री सूक्त षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक, परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामजी, श्री सिद्धिविनायक जी का पूजन श्रृंगार के विशेष रूप से छप्पन भोग का भोग मातारानी को लगाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर का पट दर्शनार्थ हेतु प्रातः 8 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक खुले रहेंगे। एवं संध्या 6:00 बजे सायंकालीन आरती किया जाएगा।

पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश जी महाराज ने बताया कि पीतांबरा मां बगलामुखी देवी को पीला, स्वर्ण रंग अत्यंत ही प्रिय है, मां की पूजन में पीले रंग की सामग्री का प्रयोग करना चाहिए, मां को पीला फूल, पीला फल, पीला वस्त्र, विशेष रूप से चढ़ाना चाहिए त्रिदेव मंदिर में श्रद्धालुओं को एक साथ मां ब्रम्हशक्ति बगलामुखी देवी, एवं पारद शिवलिंग के दुर्लभ दर्शन प्राप्त होंगे जो अपने आप में ही एक अद्वितीय एवं दुर्लभ संयोग है शक्ति और शिव की संयुक्त कृपा बगलामुखी देवी की शक्ति और पारद शिवलिंग की दिव्यता के संयुक्त दर्शन से भक्तों को दोनों की कृपा प्राप्त होती है। पारद शिवलिंग की पूजा से आर्थिक समृद्धि और वैभव की प्राप्ति होती है, जबकि बगलामुखी की कृपा से शत्रु बाधाओं से मुक्ति मिलती है।बगलामुखी की कृपा से शत्रु बाधाओं से मुक्ति मिलती है और पारद शिवलिंग के दर्शन से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।यह दर्शन आध्यात्मिक विकास और आत्म-साक्षात्कार में सहायक है।



पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ.दिनेश जी महाराज ने बताया कि माता बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग है वो इन्हीं की वजह से है। ये भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करने वाली देवी है।

## गुरमुख सिंह अरोरा की समस्या का हुआ समाधान, मिला आयुष्मान कार्ड

**बिलासपुर**, 4 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अभिनव पहल सुशासन तिहार जनकल्याण और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस अभियान के तहत लोगों की समस्या का त्वरित समाधान हो रहा है और आवेदकों को राहत मिल रही है। इसी क्रम में वार्ड नंबर 29 तारबहार निवासी गुरुमुख सिंह अरोरा की समस्या का समाधान हुआ है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन तकनीकी कारणवश उनका कार्ड नहीं बन पाया था, जिससे उन्हें योजना को लाभ नहीं मिल पा रहा था। सुशासन तिहार के मद्देनजर कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में उनके आवेदन को गंभीरता से लिया गया और उनकी समस्या का समाधान कर दिया गया। आयुष्मान कार्ड बनने के उपरांत स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें सूचना दी गई कि उनका कार्ड तैयार हो गया है और अगले ही दिन उन्हें कार्ड हाथों में प्रदान कर दिया गया। इस त्वरित कार्रवाई से प्रसन्न होकर श्री अरोरा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की इस संवेदनशील पहल से मुझे और मेरे परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा की बड़ी सुविधा प्राप्त हुई है। अब अच्छे इलाज के लिए इस कार्ड का उपयोग कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एक ऐसा स्वास्थ्य बीमा कार्ड है, जिसके माध्यम से पात्र परिवारों को हर साल 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज भारत सरकार द्वारा अधिकृत अस्पतालों में प्राप्त होता है।

# सुशासन की स्थापना को लेकर सरकार लगातार प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य-कलेक्टर

### समस्याओं के निराकरण की जानकारी देने लगेंगे 66 समाधान शिविर

### जिले में 2 लाख 08 हजार 438आवेदन मिले

### एक लाख 73 हजार 735 आवेदनों का हो चुका निराकरण



**बिलासपुर**, 4 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सुशासन तिहार 2025 के संबंध में पत्रकार वार्ता ली। प्रेस वार्ता जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए। योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, एडीएम शिव कुमार बनर्जी भी मौजूद थे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न माध्यमों से आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए। दूसरे चरण में इन आवेदनों को स्कैन कर विभागीय अधिकारियों को भेजा गया और निराकरण की कार्रवाई शुरू की गई। तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 31 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 66 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें नगरीय क्षेत्रों में 24 और ग्रामीण क्षेत्रों में 42 शिविर आयोजित होगा। इन शिविरों का आयोजन 5 मई से प्रारंभ होगा। जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।

कलेक्टर ने कहा कि शिविर में जनता को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा दी जाएगी। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत जिले में मांग एवं समस्याओं से संबंधित कुल दो लाख 8 हजार 438 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग आधारित दो लाख 02 हजार 581एवं शिकायत से संबंधित 5857 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मांग के एक लाख 70 हजार 739 आवेदन एवं शिकायत के 2 हजार 296 आवेदन कुल एक लाख 73 हजार 735 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री मंत्रीगण, सांसद, विधायकगण स्वयं शिविरों में शामिल होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी जिसमें योजनाओं की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

कलेक्टर ने जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में समाधान शिविरों में भाग लें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों का प्रचार-प्रसार प्रभावी ढंग से करें ताकि अंतिम व्यक्ति तक इसकी जानकारी पहुंचे।

# खंभे और पेड़ गिरे तारों पर, दूसरे दिन भी अंधेरे के आगोश में डूबे कई इलाके










## लोगों का आरोप-पक्षपातपूर्ण रवैय्या रहा सीएसईबी का

कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। दिया तले अंधेरा वाली कहावत कोरबा पॉवर सिटी के मामले में एक बार फिर सच साबित हुई। जिले के साथ-साथ प्रदेश के लिए लगभग 4 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन करने वाले पॉवर हब कोरबा में बिगड़े मौसम के कारण बनी समस्या से कई इलाके अंधेरे के आगोश में डूब गए। हैरानी की बात यह रही कि इस तरह की स्थिति लगभग 35 घंटे से बनी रही। लोग जमकर परेशान हुए। लोगों का आरोप है कि समस्या का निराकरण करने के मामले में सीएसईबी का रवैय्या पक्षपातपूर्ण रहा।

कोरबा के हाउसिंग बोर्ड कालोनी रामपुर में एक जर्जर बिजली खंभा के गिर जाने के कारण वहां की विद्युत आपूर्ति शनिवार से ठप पड़ गई। इसे रविवार को भी बहाल नहीं किया जा सका। इस वजह से इस इलाके में जलापूर्ति नहीं हो सकी। लोगों को पानी के लिए या तो मेहनत करनी पड़ी या फिर दूसरे विकल्पों पर रुपए खर्च करने पड़े। तुलसीनगर जोन के कई इलाकों में विकराल स्थिति पेश आई। दर्री रोड इलाके में रविवार की दोपहर बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी जबकि पॉवर हाऊस रोड में शाम तक लोग बिजली की प्रतिक्षा करते रहे। स्थिति यह रही कि अभिनंदन और एसएस प्लाजा काम्पलेक्स बिजली के चक्कर में बंद रहे जबकि मुख्य मार्ग के व्यवसायिक स्थल या तो बंद रहे या कुछ घंटे बाद उन्हें बंद करना पड़ा। लोगों को बताया गया कि लाइन पर पेड़ गिरने से दिक्कतें है और नगर निगम से रेस्क्यू के लिए संसाधन नहीं मिल सका है। ट्रांसपोर्ट नगर इंदिरा कामर्शियल आवासीय परिसर के लोगों का आरोप है कि वहां भी दूसरे दिन बिजली नहीं पहुंची। वितरण कंपनी के अधिकारियों ने मोबाइल रिसीव करना जरूरी नहीं समझा और न बताया कि बिजली कब तक आएगी। शहर के अन्य क्षेत्रों के अंधेरे में डूबने से लोगों ने सीएसईबी पर जमकर भड़ास निकाली। मुड़ापार, पुरानी बस्ती में कई पेड़ जड़ से उखड़ गए और विद्युत लाइन के साथ-साथ घरों की दीवार पर गिर गए। इससे काफी नुकसान हुआ। वहीं मानिकपुर इलाके में सरकारी राशन दुकान के छज्जे तेज अंधड़ को बर्दाश्त नहीं कर सके। संचालक को इस घटना में काफी नुकसान हुआ है।

# सार-संक्षेप

## सफाई के उपकरणों के वितरण में देरी पर भड़की महापौर



कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। नगर निगम के भण्डार गृह और वर्कशॉप का निरीक्षण कर मेयर संजूदेवी राजपूत ने लापरवाही पर निगम के अधिकारियों पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। आम जनता व उनसे जुड़े मूलभूत वस्तुए व पूर्व से ही स्टोर में रखे ई. रिक्शा, डस्टबिन, मशीनरी, सफाई के अन्य उपकरण के अभी तक वितरण नहीं होने को लेकर उन्होंने पूछताछ की। उपस्थित अधिकारियों को साफ-सफाई के उपकरणों को अनावश्यक रोके जाने का कारण स्पष्ट करने के निर्देश भी दिए। महापौर ने शहर की साफ सफाई, स्वास्थ्य, मुलभुत सुविधाएं व जन हित से जुड़े मुद्दे पर कही भी, किसी समय यदि कमी दिखी तो सम्बंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। पूरे मामले में अपर आयुक्त विनय मिश्रा को जांच कर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

## 42.30 लाख के कार्यों का भूमिपूजन करेंगे देवांगन



कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। वाणिज्य उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन 5 मई को नगर निगम कोरबा के बालको जोन के अंतर्गत 42 लाख 30 हजार रूपए के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन करेंगें। मेयर संजूदेवी राजपूत भी इस दौरान उपस्थित रहेंगी। इनमे वार्ड क्रमांक 34 बेलगरी बस्ती बजरंग चौक के पास सास्कृतिक मंच, निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 34 चेक- पोस्ट भदरापारा में सामुदायिक भवन के सामने मंच निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 39 राम मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य व अन्य कार्य शामिल है।

## एनकेएच में हृदय रोगियों को मिल रही सेवाएं




कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। न्यू कोरबा हॉस्पिटल कोरबा हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर रहा है। सुप्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सतीश सूर्यवंशी और उनकी विशेषज्ञ टीम ने मात्र दो दिनों में 6 एंजियोप्लास्टी और 9 एंजियोग्राफी की प्रक्रियाएँ सफलतापूर्वक पूरी की। हृदय रोग से सम्बन्धित 50 से अधिक मरीजों ने परामर्श लिया, यह एनकेएच कोरबा की विशेषज्ञता और मरीजों के बीच बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। इस माह 13-14 मई डॉक्टर एस एस मोहंती व 30 मई व 1 जून को डॉक्टर सतीश सूर्यवंशी एनकेएच में सभी हृदय सम्बन्धी परामर्श व् प्रक्रिया के लिए उपलब्ध रहेंगे। एनकेएच के डायरेक्टर डॉ. एस चंदानी ने कहा है कि हम अपने यहां आने वाले मरीजों हृदय सम्बन्धी रोगियों को गुणवत्तापूर्ण सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मरीजों के बीच बढ़ता विश्वास हमारे चिकित्सा टीम का मनोबल मजबूत कर रहा है। उन्होंने बताया कि एनकेएच ने अपनी स्थापना के बाद से ही सेवाओं और सुविधाओं को निरंतर अत्याधुनिक और उत्कृष्ट बनाने की दिशा में सफल प्रयास व कार्य किया है।

## फैब्रिकेशन वर्कशॉप की छत पर किशोर करंट से झुलसा




कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। बुधवारी बाजार में आज एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक 17 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से झुलस गया।

सागर धनवार नामक किशोर गणनायक स्टील एवं फेब्रिकेशन नामक दुकान में कार्यरत था। दुकान संचालक ने उसे छत पर कुछ काम करने के लिए भेजा था, जहां वह हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया।

इस हादसे में सागर लगभग 80 प्रतिशत झुलस गया और उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और तथ्यों के बारे में पूछताछ की।

## कवि वैष्णव ने दो महीने में दी 21 प्रस्तुति



कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। बालको व वेदांता समूह में कार्यरत शहर के सुप्रसिद्ध कवि हीरामणी वैष्णव अपनी कविताओं से पूरे देशभर में धूम मचा रहे हैं।

सोशल मीडिया के प्रत्येक प्लेटफॉर्म चाहे वो यूट्यूब हो या फेसबुक या इंस्टाग्राम हर प्लेटफॉर्म पर वायरल श्री वैष्णव की लोकप्रियता न केवल सोशल मीडिया तक ही सीमित है बल्कि वे देश के भिन्न-भिन्न राज्यों के कवि सम्मेलनों में लगातार आमंत्रित किए जा रहे हैं।

जिसका अंदाज़ा केवल इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने पिछले दो माह में ही 6 अलग-अलग राज्यों में कुल 21 कवि सम्मेलनों में प्रस्तुति देकर रिकॉर्ड बना दिया है।

# स्मारिका का विमोचन किया मंत्री और मेयर ने, साहित्यकार सम्मानित



कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। साहित्यकारों की रचनाओं से सजी स्मारिका कोरवा का विमोचन किया गया। पंडित मुकुटधर पांडे साहित्य भवन में आयोजित विमोचन एवं सम्मान समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर संजू देवी राजपूत और पूर्व महापौर जोगेश लांबा शामिल होकर साहित्यकारों के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

साहित्यकारों के लिए यह सबसे अलग अनुभव रहा जहां पर विमोचित हुई स्मारिका में लगभग डेढ़ सौ साहित्यकारों की रचनाओं का समावेश है। इस अवसर पर साहित्यकारों ने अतिथियों का स्वागत किया। मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि जिन कोरवा व अन्य आदिवासियों के कारण इस जगह का नाम कोरबा पड़ा उन कोरवाओ को साहित्यकारों ने अपनी कृति में स्थान दिया इसके लिए सब बधाई के पात्र है। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि हम सब मिलकर कोरबा और प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने का हर संभव प्रयास करेंगे। पूर्व महापौर जोगेश लांबा ने कहा कि क्षेत्र, प्रदेश और देश की तमाम विसंगतियों को अपनी लेखनी के माध्यम से लोगों के समक्ष लाने वाले कवियों ने कोरबा का नाम खूब रोशन किया है। साहित्य भवन समिति के संरक्षक मोहम्मद यूनुस, कमलेश यादव, अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में साहित्य भवन के निर्माण से लेकर अब तक सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। संचालन समिति के सचिव डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा ने किया।

# घटते क्रम से देंगे रोजगार, मॉडल पुनर्वास ग्राम की होगी स्थापना

## लंबित मामलों पर एसईसीएल, प्रशासन और ग्रामीणों की बैठक



कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। एसईसीएल की दीपका मेगा प्रोजेक्ट से जुड़ी बाधाएं दूर की जा रही है। एक बैठक में तय हुआ कि विस्थापितों को घटते क्रम से रोजगार देने के साथ बसाहट के लिए मॉडल पुनर्वास ग्राम स्थापित किया जाएगा।

कलेक्ट्रेट में कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की बैठक में लंबित मामलों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक में कोल इंडिया की पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना पॉलिसी 2012 तथा आदर्श पुनर्वास नीति छत्तीसगढ़ 2007 के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा कर कोल इंडिया की पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना पॉलिसी 2012 पर ग्राम हरदीबाजार के भू-विस्थापित/खातेदार द्वारा सहमति जताई गई। सीएमडी हरीश दुहन के नेतृत्व में एसईसीएल प्रबंधन द्वारा सभी परियोजनाओं विशेषकर मेगा परियोजनाओं में राज्य एवं जिला शासन के साथ समन्वय स्थापित कर भू-अधिग्रहण एवं पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन में तेज़ी लाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ताकि क्षमता अनुरूप कोयला उत्पादन हो सके। बैठक में राज्य-शासन के अनुविभागीय अधिकारी (रा.), पाली श्रीमती सीमा पात्रे, दीपका क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक (संचालन) पी. मुखर्जी, विष्णु पैकरा, तहसीलदार हरदीबाजार, नोडल अधिकारी (भू-राजस्व), दीपका क्षेत्र के भू-राजस्व विभाग के कर्मचारी, एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के भू-राजस्व के अधिकारीगण, ग्राम सरपंच हरदी बाजार, जनपद सदस्य, पंच एवं ग्राम हरदीबाजार के ग्रामीणों के साथ क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल एवं भूतपूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने भी हिस्सा लिया।

# 12 करोड़ का लाभ होने पर दिया अवार्ड



कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। एसई सीएल सेण्ट्ल वर्कशॉप कोरबा में इंजिन शॉप ने अपने प्रयासों से बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वर्कशॉप प्रमुख के नेतृत्व में 5 नग 3412 केपीएच माडल इंजिन का चलन बंद हो जाने के कारण उसे 3412 एनटीई इंजिन में परिवर्तित किया गया। इससे कंपनी को लगभग 12 करोड का फायदा हुआ। आम तौर पर तकनीकी मामलों को आगे बढ़ाने में कई दिक्कतें आती है और फिर विकल्प नहीं नजर आने पर रास्ता बंद हो जाता है। इधर वर्कशॉप के स्टाफ ने बुद्धिमतता से सफलता हासिल की। इस कार्य में इंजिन शॉप के गिरिवर कुमार राठौर, छत राम खूंटे, इबरार खान एवं संजय कुमार को एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर बेस्ट इनोवेशन एवार्ड से नवाजा गया।

इस अवसर पर एलआर सूर्यवंशी, महाप्रबंधक, सेण्ट्ल वर्कशॉप, कोरबा, केके राव, आरके गुप्ता, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), एसके अग्रवाल, स्टाफ आफिसर (एमएम) बलराम टंडन स्टाफ आफिसर (एचआर), एमके जैन, वरिष्ठ प्रबंधक (उत्खनन) एसके सैनी, क्षेत्रीय वित प्रबंधक एंव पीयूष नायक, प्रबंधक (उत्खनन) आदि के द्वारा बेस्ट एवार्ड से नवाजे गये कर्मचारियों को सम्मानित किया गया ।

# किसानों को 100 करोड़ का ऋण बांटने का लक्ष्य



कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। जिले कोरबा में खेती का पर्याप्त रकबा मौजूद है। अनाज उत्पादक वर्ग की कुल संख्या 1 लाख के आसपास है जो धान के अलावा दूसरी फसले उत्पादित करने में विश्वास रखती है। परंपरागत के साथ उन्नत खेती की तरफ कृषक समुदाय लगातार बढ़ रहा है। सरकार की नीति के अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक इस वर्ष किसानों को 100 करोड रुपए का ऋण वितरित करने की तैयारी में है। जबकि पिछले वर्ष यानी 2024 25 में दिए गए कुल ऋण की 95 फ़ीसदी वसूली की जा चुकी है।

खेती-बाड़ी से जुड़े कृषक वर्ग को आगे बढ़ाने और उनकी जरूरत को पूरा करने के लिए अलग-अलग प्लेटफार्म पर सुविधा उपलब्ध कराई जा रहे हैं। किसानों को इस बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है। 0त्न अत्यंत कम दर पर उन्हें वित्तीय सहायता देने के प्रावधान सहकारी बैंक ने बनाए हैं। इसी सिलसिले में खरीफ सीजन वर्ष 2025 के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित कोरबा ने विभिन्न समितियां में पंजीकृत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से 100 करोड रुपए का ऋण देना निश्चित किया है। इसके लिए शुरुआती तौर पर समितियों के स्तर पर केसीसी फॉर्म भराए जा रहे हैं। खबर के अनुसार इस सहायता में किसान 40 फ़ीसदी वस्तु जिसमें खाद बीज और उपकरण शामिल है ले सकते हैं जबकि उन्हें 60 फीसदी नगद राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

# संविदा चिकित्सकों की सेवा समाप्ति के आदेश, सीएम से लगाई गुहार

कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। क्या सुशासन तिहार में संविदा पशु चिकित्सकों को सेवा वृद्धि का उपहार मुख्यमंत्री विष्णु देव से मिलेगा? जिला खनिज न्यास मद से कोरबा सहित अन्य जिलों में पशु चिकित्सकों की भर्ती की गई थी जिसे आगामी दिनों में समाप्त करने का परिपत्र जारी हुआ है। मुख्यमंत्री के कोरबा प्रवास पर पशु चिकित्सा उनसे सेवा वृद्धि के बारे में बात करेंगे।

मालूम हुआ है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव के पास पशु चिकित्सा विभाग भी है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से होने के कारण मुख्यमंत्री को इस विषय की अच्छी समझ है और वह लगातार इस पर काम करते रहे हैं। खबर के अनुसार कोरबा और अन्य जिलों में वेटरिनरी हॉस्पिटल में संविदा आधार पर डिग्री धारक डॉक्टर की नियुक्ति पिछले वर्ष की गई थी। अज्ञात कारण से ऐसे डॉक्टर को अब बाहर का रास्ता दिखाने की कोशिश की जा रही है।

एक परिपत्र ने इन लोगों की चिंता बढ़ाई है। पशु चिकित्सकों का सवाल है कि अगर दे वहां काम नहीं करेंगे तो चिकित्सालय की भूमिका क्या होगी और पशुओं से संबंधित बीमारी का निराकरण कैसे होगा।

उन्होंने सुशासन तिहार के आयोजन के बीच अपनी बात जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाई है और मुख्यमंत्री को भी इस बारे में अवगत कराना तय किया है। पशु चिकित्सा चाहते हैं कि संबंधित कार्य स्थल पर उनकी सेवा वृद्धि के बारे में तत्काल आदेश जारी होना चाहिए।

## भैंसमा और मदनपुर में समाधान शिविर आज

कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण 5 से 31 मई के बीच जिले के सभी विकासखंडों के क्लस्टर ग्रामों में समाधान शिविर आयोजन कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविर के तहत 5 मई को कोरबा विकासखंड के ग्राम पंचायत भैंसमा कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत भैसमा, ढोंगदरहा, चीतापाली, करमंदी, बगबुड़ा, चाकामार, करूमौहा, कुरूडीह, गोढ़ी, बेंदरकोना, मुढुनारा, हेतु भैंसमा हाई स्कूल भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत 5 मई को पोड़ी उपरोड़ा क्लस्टर सम्मिलित ग्राम पंचायत पसान, लैंगी, कुम्हारीसानी, बैरा, खोडरी प, चन्दौटी, कर्री, अडसरा, सेन्हा हेतु पोड़ी उपरोड़ा हॉस्पिटल के सामने मिनी स्टेडियम में शिविर और पाली विकासखण्ड अंतर्गत 05 मई को मदनपुर क्लस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत मदनपुर, कुटेलामुड़ा, बड़ेबांका, नानबांका, नवापारा, पटपरा, डोड़की, सगुना हेतु मदनपुर माध्यमिक शाला परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर 5 को

कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वयोवृद्ध लोगो के स्वास्थ्य जॉच हेतु 05 मई सोमवार को कोरबा ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजगरबहार, कटघोरा ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाईबाजार, पोंडी उपरोड़ा ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटगा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पसान , पाली ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चैतमा और करतला ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकनीपाली, शहरी क्षेत्र में यूपीएचसी बांकीमोंगरा में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# 1.78 लाख आवेदन मिले सुशासन में, करेंगे निराकरण : वसंत

## सुशासन तिहार में जनता को सहुलियत



कोरबा, 04 मई (देशबन्धु)। कोरबा जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत लोगों से अलग-अलग विषय से संबंधित कुल एक लाख 78 हजार 418 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों को स्केनिंग कर आनलाइन इंट्री की गई है। इसे संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया और सभी आवेदनों का परीक्षण कराकर नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

कलेक्टर अजीत वसंत ने प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेंशन, राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र का परीक्षण कराकर पात्रतानुसार संबंधित को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। ग्राम सभा के माध्यम से भी पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ प्रदान किया जायेगा। कलेक्टर ने सीसी रोड, अन्य निर्माण कार्य, जैसी मांग पर बजट का प्रावधान होने पर एवं महतारी वंदन, प्रधानमंत्री आवास जैसे मांगों पर शासन से निर्देश प्राप्त होने के पश्चात कार्रवाई की बात कही है। कोरबा जिले के सभी जनपदों में 5 मई से 31 मई तक कुल 41 शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए क्लस्टर बनाकर आसपास के 8 से 10 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है।

नगरीय निकाय क्षेत्र में 7 शिविर एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में पांच शिविर का आयोजन किया जायेगा।

कलेक्टर ने बताया कि 5 से 31 मई के बीच आयोजित होने वाले शिविर में निराकृत आवेदनों का वाचन करने के साथ ही नये आवेदन भी लिये जायेंगे और निराकरण का प्रयास किया जायेगा। विद्यालय, आंगनबाड़ी भवन, सड़क सहित अन्य कार्यों के प्राप्त आवेदनों को भी निराकृत करने की दिशा में कदम उठाया गया।

शिविर में स्कूल भवन संबंधी आवेदन प्राप्त होने पर स्वीकृत किये जायेंगे। कई स्थानों पर स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग आई है जिसका परीक्षण किया जा रहा है।

पोड़ी-उपरोड़ा क्षेत्र के लगभग 40 विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत किया जा रहा है। शिक्षक की कमी को दूर करने प्रायमरी और मिडिल स्कूलों में अतिथि शिक्षक की व्यवस्था की गई है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, जिला जनसंपर्क अधिकारी कमलज्योति उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### शौचालय निर्माण संचालन संधारण की तकनीकी जानकारी से हुए अवगत ग्रामीण



**एमसीबी,** 4 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर राहुल वेंकट के दिशा निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ अंकित सोम के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत माड़ीसरई में बाजार स्थल पर स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया इसके साथ ही महिलाओं से आजीविका गतिविधियों के सुचारू क्रियान्वयन लखपति दीदियों के अनुभवों को साझा किया गया स्वच्छता गतिविधियों के बारे में चर्चा की एवं स्वच्छता श्रमदान कर ग्रामीणों से गीला सूखा कचरा पृथक पृथक करने एवं गांव में नियमित साफ सफाई हेतु आग्रह किया सुशासन तिहार अंतर्गत व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण हेतु आए आवेदन के हितग्राहियों को ले आऊट के माध्यम से शौचालय निर्माण की तकनीकी जानकारी के साथ संधारण संचालन की जानकारी दी गई उक्त आयोजन में एन आर एल एम से जिला कार्यक्रम प्रबंधक रितेश पाटीदार जिला सलाहकार राजेश जैन सहायक विकास विस्तार अधिकारी ॠषि कुमार सरपंच ललन सिंह सचिव वैदेही शरण तिवारी के साथ ब्लॉक समन्वयक सुभाष परस्ते सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क हेलमेट शिविर आयोजित

**कोरिया,** 4 मई (देशबन्धु)। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम जनता को यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कोरिया पुलिस द्वारा थाना पटना परिसर में शुक्रवार को नि:शुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मीडियाकर्मी एवं लगभग 300 स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें हेलमेट न पहनने के कारण होती हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से हेलमेट पहनने की अपील की और कहा कि जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। साथ ही सायबर अपराध, नशा मुक्ति और बाल विवाह जैसी सामाजिक समस्याओं पर भी उपस्थितजनों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में हेलमेट प्राप्त करने वाले नागरिकों ने हेलमेट पहनकर एक जागरूकता रैली निकाली।

### जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न



अम्बिकापुर, 4 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार 4 मई को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक किया गया। जिले में कलेक्टर श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन में परीक्षा सफल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा को सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। कलेक्टर श्री भोसकर ने स्वयं रविवार सुबह ही परीक्षा केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों एवं परीक्षा कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा नोडल अधिकारी श्री डी. एस. उईके से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 11 परीक्षा केंद्रों में आयोजित परीक्षा में कुल पंजीकृत 4426 परीक्षार्थियों में से 4252 परीक्षार्थी शामिल हुए तथा 174 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से सभी परीक्षा केंद्रों पर चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों हेतु नोडल नियुक्त किए गए थे। परीक्षार्थियों के पहचान पत्र, प्रवेश पत्र की जांच के साथ ही फ्रीस्किंग द्वारा जांच किया गया। बायोमेट्रिक सत्यापन होने के बाद अभ्यर्थियों को केन्द्र में प्रवेश दिया गया। केन्द्र पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को निष्क्रिय करने के लिये जैमर लगाये गये थे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई थी।

### 17 लाख की ठगी कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

#### धरमजयगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता




रायगढ़ 04 मई (देशबन्धु)। एसपी दिव्यांग पटेल के दिशा-निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के सतत मार्गदर्शन में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के तहत धरमजयगढ़ पुलिस ने ग्राम खलबोरा की महिलाओं से करीब 17 लाख रुपये की ठगी कर फरार चल रहे आरोपी धनसिंह अगरिया को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। शनिवार 3 मई को टीआई कमला पुसाम और उनकी टीम ने पत्थलगांव स्थित उसके ससुराल पालीडीह में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा।

मामला वर्ष 2021-22 का है, जब आरोपी धनसिंह अगरिया ने थ्पदबंतमै उंसस थ्पदंदबम ठंदा व ठमसेजंत डपबतवपिदंदबम स्पउपजमक की धरमजयगढ़ शाखा से गांव की महिलाओं को लोन दिलाने का झांसा देकर फार्म भरवाया और प्रार्थिया सरस्वती यादव समेत अन्य महिलाओं के नाम पर 30-30 हजार रुपये के लोन स्वीकृत कराए। लोन की राशि 60 हजार रुपये में से उसने मात्र 10 हजार रुपये लौटाए और शेष रकम स्वयं रख ली। आरोपी ने शुरुआत में कुछ माह तक प्रति किश्त 1840 रुपये जमा किया, लेकिन जनवरी 2022 से किश्त भरना बंद कर गांव से फरार हो गया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने केवल सरस्वती यादव ही नहीं, बल्कि गांव की अन्य 23 महिलाओं के नाम पर भी इसी तरह फर्जीवाड़ा कर कुल 17 लाख 16 हजार रुपये की ठगी की। 26 मार्च 2022 को शिकायत की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 420 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# बारिश से पूर्व जलाशयों के जीर्णोद्धार का कार्य करें पूरा

### कलेक्टर ने रायगढ़ एवं पुसौर विकासखंड के जलाशय मरम्मत एवं निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



रायगढ़, 4 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जल संसाधन संभाग रायगढ़ अंतर्गत रायगढ़ एवं पुसौर के विभिन्न जलाशय जीर्णोद्धार एवं जलद्वार निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर ने जल संसाधन संभाग रायगढ़ के सियारपाली जलाशय के गहरीकरण-मरम्मत एवं नहर लाईनिग कार्य का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अधिकारियों से काम की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ठेकेदार को काम तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चतुर्वेदी ने बड़े हल्दी के जलाशय का गहरीकरण मरम्मत, बासनपाली, बाघाडोला, मनसाटार एवं सिहा के जलाशय के जीर्णोद्वार कार्य का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने सभी ठेकेदारों से निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी लेते हुए जून से पूर्व हेड स्लुस निर्माण, वेस्ट वियर मरम्मत व निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि बारिश के दौरान जलाशयों में बेहतर जल संचय हो एवं इसका लाभ किसानों को मिल सके। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने की बात कही।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता होमेश नायक, एसडीओ दुर्गेश नायक, एई विमलेश बिस्वाल, विक्रम गुप्ता, सीईओ जनपद रायगढ़ राजेश साहू, सीईओ जनपद पुसौर अभिषेक बनर्जी सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

#### 7.78 करोड़ की लागत से 6 जलाशयों का हो रहा कायाकल्प

रायगढ़ और पुसौर विकासखंड के 6 जलाशयों का 7.78 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार का काम किया जा रहा है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने बीते दिनों इन कार्यों का भूमिपूजन किया था।

जिसके पश्चात जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इनमें 1.25 करोड़ लागत से बड़े हल्दी जलाशय का जीर्णोद्धार, 1.48 करोड़ लागत से बाघाडोला जलाशय के जलद्वार निर्माण एवं मुख्य बांध का मरम्मत कार्य, 1.45 करोड़ से बासनपाली जलाशय का जीर्णोद्धार, 1.02 करोड़ से मंसाटार जलाशय का जीर्णोद्धार, 97 लाख से सिहा जलाशय का जलद्वार निर्माण और बांध मरम्मत कार्य तथा 1.59 करोड़ लागत से सियारपाली जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य शामिल है। इन जलाशयों के अंतर्गत कुल 498.44 हेक्टेयर सिंचित रकबा आता है।

# समाधान शिविर हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**एमसीबी,** 4 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट ने आदेशानुसार सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण की आम जनता को जानकारी देने के लिए एमसीबी जिले के तीनों विकासखण्ड क्षेत्रों में 8 अप्रैल 2025 से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदन पत्रों के समय-सीमा में निराकरण पश्चात तृतीय चरण 05 मई 2025 से 31 मई 2025 तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाना है। इस कार्य को पूर्ण रूप से संचालित कराने हेतु मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंकिता सोम को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ हेतु खंड स्तरीय नोडल अधिकारी लिंगराज सिदार अनुविभागीय अधिकारी एवं सुश्री वैशाली सिंह को सहायक नोडल अधिकारी, जनपद पंचायत खड़गवां हेतु विजयेन्द्र सारथी को खंड स्तरीय नोडल अधिकारी एवं रूपेश बंजारे को सहायक नोडल अधिकारी तथा जनपद पंचायत भरतपुर हेतु प्रितेश राजपूत को खंड स्तरीय नोडल अधिकारी एवं अजय सिंह राठौर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

समाधान शिविरों हेतु निर्धारित तिथि के साथ नोडल अधिकारी भी हुए नियुक्त

जनपद पंचायत खड़गवां में 9 मई को शिवपुर, 14 मई को रतनपुर, 19 मई को जरौंधा, 22 मई को दुबछोला, 25 मई को कोड़ा एवं 29 मई को आमाडांड ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के लिए सूरज सिंह, विजय पांडेय, शांतनु प्रजापति, नीरज जायसवाल, बलबिंदर सिंह और पुष्पक पटेल नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं एवं शिविर संचालन की जिम्मेदारी क्रमश: श्रीमती तान्या श्रीवास्तव, राहुल दास, विकास कुमार, श्रीमती उर्मिला, कु. रागिनी सिंह एवं रामनरेश को सौंपी गई है। जनपद पंचायत भरतपुर में 6 मई को कोटाडोल, 10 मई को कुंवारपुर, 13 मई को देवगढ़, 15 मई को कंजिया, 18 मई को भगवानपुर, 20 मई को माड़ीसरई, 24 मई को मैनपुर, 26 मई को रामगढ़ एवं 30 मई को सेमरिहा में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। संबंधित नोडल अधिकारी जयंत चंदेल, गोपाल कारे, महावीर पैकरा, हेमंत बंजारे, परमानंद, विनोद साहू, शिवप्रसाद ध्रुव, ॠषभ बोरकर और विनीत पांडेय होंगे तथा शिविर प्रभारी क्रमश: अशोक साहू, प्रतीक कुमार, नरेंद्र कंवर, पंकज पटेल, चंद्र भूषण पांडेय, विवेकानंद, प्रदीप सिंह, सुमेर सिंह और प्रदीप कुमार होंगे।

जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ में 8 मई को केल्हारी, 12 मई को पाराडोल, 16 मई को नागपुर, 23 मई को कछौड़, 27 मई को कठौतिया और 31 मई को पेन्ड्री ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर आयोजित होंगे। इनके नोडल अधिकारी क्रमश: रवि गुप्ता, संजय लकड़ा, धर्मेंद्र कुर्रे, सी पी बंजारे, वीरेन्द्र कुमार पांडेय और भूपेन्द्र राज होंगे तथा शिविर प्रभारी महेन्द्र सिंह, अनुप श्रीवास्तव, मुकुल आनंद, राजेश भगत, शैलेन्द्र पांडेय और दीपक सिंह होंगे।

वहीं विकासखंड स्तरीय नोडल अधिकारी अपने क्षेत्रांतर्गत सभी ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारियों से समन्वय कर आवेदन पत्रों की स्थिति का संकलन करेंगे जिसमें निराकृत आवेदनों, लंबित आवेदनों, गुणवत्तापूर्ण निराकरण एवं हितग्राही को दिए गए लाभ की जानकारी शामिल होगी साथ ही ग्राम पंचायतों की आधारभूत जानकारी भी संकलित की जाएगी शिविर तिथि को सभी शिविरों का संचालन समुचित रूप से कर विभागीय योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा

सफलता की कहानी

### सुशासन तिहार बना मदद का माध्यम, दिव्यांगता नहीं बनेगी

#### व्हील चेयर पाकर खिले दिव्यांग रेमशन एक्का के चेहरे पर मुस्कान

**अम्बिकापुर,** 4 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर आयोजित सुशासन तिहार 2025 आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन रहा है। इसी कड़ी में लखनपुर जनपद पंचायत के ग्राम जीवलिया निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग श्री रेमशन एक्का को समाज कल्याण विभाग द्वारा व्हील चेयर प्रदान की गई।

एक्का ने सुशासन तिहार के दौरान व्हील चेयर की मांग की थी। उनकी दिव्यांगता को ध्यान में रखते हुए विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें सहायक उपकरण उपलब्ध कराया। व्हील चेयर मिलने पर रेमशन एक्का के चेहरे पर अपार खुशी दिखाई दी। अब वे आसानी से आवा-जाही कर सकेंगे और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकेंगे।




श्री एक्का ने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार जताया और कहा कि अब मेरी दिव्यांगता मेरी राह की रुकावट नहीं बनेगी। मैं भी समाज की मुख्यधारा में पूरी सक्रियता से शामिल हो सकूंगा। सुशासन तिहार शासन की जवाबदेही और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर जनविश्वास को और भी मजबूत कर रहा है।

### नगरपालिका अध्यक्ष ने शहरवासियों के साथ ली स्वच्छता की 'प्रतिज्ञा'

#### जोड़ा तालाब छठ घाट में स्वच्छता अभियान नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव के नेतृत्व में व्यापारियों और नागरिकों ने किया श्रमदान

**मनेंद्रगढ़,** 4 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद में दूसरे रविवार को जोड़ा तालाब छठ घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव और मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान की अपील पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने श्रमदान किया।

नपाध्यक्ष प्रतिमा यादव ने कहा कि स्वच्छता हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता चौहान ने शहरी विकास में नागरिकों की भूमिका पर जोर दिया।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने अपने विचार रखे। सामाजिक कार्यकर्ता रामचरित द्विवेदी ने विचारों और परिवेश की स्वच्छता पर बल दिया इंजीनियर पवन साहू ने स्वच्छता में जनभागीदारी की महत्ता बताई। व्यवसायी जयचंद बोथरा ने दुकानदारों से अपनी दुकानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव ने कहा कि मोहल्लों को मंदिर की तरह स्वच्छ रखना चाहिए। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गया। नगर पालिका की यह पहल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रही। इस मौके पर दिनेश्वर मिश्रा, राजेश सिंह रेल्वे,पार्षद दयाशंकर यादव, शुचि पाण्डेय,शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ जन भागीदारी अध्यक्ष श्रीमती नीलू जायसवाल,पार्षद शांता जायसवाल गणमान्य जन मौजूद रहे.

# तृतीय एवं अंतिम चरण में नगरीय क्षेत्र में 25 व ग्रामीण क्षेत्रों में 32 समाधान शिविर होंगे आयोजित

**अम्बिकापुर,** 4 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर विलास भोसकर ने रविवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रेस वार्ता लेकर सुशासन तिहार-के तीसरे चरण की शुरुआत की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल मौजूद थे। कलेक्टर श्री भोसकर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। आमजनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना, और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से हो, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल ने सुशासन तिहार के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित किया गया था। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। ये आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था ग्राम पंचायतों के साथ-साथ जिला और विकासखंड मुख्यालय स्तर पर भी की गई थी। जिले के 39 हाट बाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया। सरगुजा जिले में 3 मई 2025 की स्थिति में कुल 163803 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें कुल मांग 161016 एवं कुल शिकायत 2787 के आवेदन प्राप्त हुए हैं। अभी तक 136847 मांग एवं 1511 शिकायत निराकृत हुये हैं, इस प्रकार कुल 138358 आवेदन निराकृत हुए हैं। वहीं दूसरे चरण दिनांक 12 अप्रैल से 4 मई तक में इन प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर सम्बन्धित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणत्तापूर्ण निराकरण की कार्यवाही की गई। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया गया है। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरुआत 05 मई से हो रही है, जो 31 मई तक चलेगा। इस दौरान जिले के 08 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे।जिले में कुल 57 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 32, नगर निगम अम्बिकापुर में 23, तथा नगर पंचायत सीतापुर में 01 एवं नगर पंचायत लखनपुर में 01 शिविर आयोजित किये जाएंगे। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी।शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे और जिन मामलों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

# डीएफओ पर फ़ॉसिल पार्क में अनाधिकृत रूप से निर्माण कार्य करने का आरोप

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने पीसीसीएफ को जांच के लिए लिखा पत्र

**एम सी बी,** 4 मई (देशबन्धु)। हसदेव नदी के किनारे मिले समुद्री जीवाश्म को गोडवाना फॉसिल पार्क के रूप में विकसित करने के नाम पर जहां वन विभाग के अधिकारी वाहवाही लूट रहे है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने गोंडवाना फॉसिल पार्क जैसे प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण कार्य कराए जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख को पत्र लिखकर जांच की मांग की है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने गोंडवाना फॉसिल पार्क में डीएफओ द्वारा कराए जा रहे अनाधिकृत निर्माण कार्यों के संबंध में शिकायत करने हुए लिखा कि मनेंद्रगढ़ के हसदेव नदी के किनारे मिले समुद्री जीवाश्म जिनकी कार्बन डेटिंग कर पता किया गया कि यह 28 करोड़ वर्ष पुराने जीवाश्म है जिन्हें विभाग द्वारा संरक्षित किया जाना है परंतु इस फॉसिल पार्क में राज्य सरकार के बजट को व्यय करने के उद्देश्य से हसदेव नदी के किनारे प्राकृतिक हार्ड ग्रेनाइट रॉक्स को काट के प्राचीन जीव जंतुओ की कला कृतियाँ बनायी जा रही है। बड़े पत्थरों को तराश के ज़मीन, पानी और एम्फीबियन के अब तक 30 प्राचीन जानवरों की मूर्तियाँ बनायी जा चुकी है जिसमें समुद्री जीवाश्म होने की संभावना है।



इतने करोड़ वर्ष पुराने जीवाश्म को इस तरीके से अनधिकृत निर्माण कार्य करा कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। अशोक श्रीवास्तव ने आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे क्षेत्रों को केवल संरक्षित किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में समुद्री जीवाश्म को कोई नुकसान ना पहुंचे और शोधकर्ता अपने शोध के माध्यम से अन्य जानकारियां एकत्रित करते रहे परंतु वनमण्डलाधिकारी मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर द्वारा फॉसिल पार्क के क्षेत्र अंतर्गत अनाधिकृत तरीके से सीमेंट से निर्माण कार्यों में बजटों को व्यय करने के उद्देश्य से समुद्री जीवाश्म से छेड़छाड किया जा रहा है जो पूर्ण रूप से अनुचित है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने राज्य स्तरीय समिति गठित कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। यदि इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो वन विभाग के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा

### स्कूलों में पानी टंकी की सुविधा



कोरिया, 4 मई (देशबन्धु)। इस भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने जिले के सभी छात्रावासों में पानी की आवश्यकता को देखते हुएं जिले के लोकस्वास्थ यांत्रिकी विभाग के जिला प्रमुख आकाश पोद्दार को निर्देशित करते हुए निरीक्षण कर पूरा करने के निर्देश दिया, जिसके परिपेक्ष्य में श्री पोद्दार द्वारा विभाग द्वारा इस कार्य हेतु कार्ययोजना तैयार कर उपरोक्त कार्य को डी एम एफ मद के माध्यम से जिले के अंतर्गत तहसील बचरापोड़ी के कस्तूरबा गांधी छात्रावास,आत्मानंद स्कूल,बालिका छात्रावास,बालक छात्रावास में निरीक्षण कर तीन छात्रावास एवम एक आत्मानंद स्कूल में कार्य संपादित पानी की नई टंकी बैठाई है।कोरिया कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के सतत् निर्देश एवं प्रयासों से यह कार्य हो गया।

## सार-संक्षेप

### 25 लीटर कच्ची महुआ अवैध शराब जप्त, आरोपी गिरफ्तार




जांजगीर, 04 मई (देशबन्धु)। चन्द्रपुर थाना द्वारा अवैध जुआ, सट्टा, शराब एवं नशीले पदार्थों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में गत 03 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मिरौनी निवासी अजय चौहान अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब संग्रहित कर बिक्री हेतु रखे हुए है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निरीक्षक गगन बाजपेई के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई, जहां से आरोपी अजय चौहान के कब्जे से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त 05 बोरी महुआ को नष्ट किया गया एवं गैस सिलेंडर, चुल्हा, बर्तन तथा पानी ड्रम जब्त किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक गगन बाजपेई, प्रधान आरक्षक उमा सिदार, आरक्षक खिलेश्वर साहू एवं कृष्णा खूंटे की विशेष भूमिका रही।

### कोटमी सोनार, अकलतरी और पिपरसत्ती के किसानों ने सौंपा ज्ञापन



जांजगीर, 04 मई (देशबन्धु)। ग्राम कोटमी सोनार, अकलतरी, पिपरसत्ती और आसपास के गांवों के किसानों ने शनिवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नहर से 20 मई तक पानी देने की मांग की। किसानों ने अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि नहर से पानी की सप्लाई बंद होने से उनकी रबि फसल की धान बर्बाद हो जाएगी।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप सोनी ने बताया कि किसानों ने करीब 3 हजार एकड़ में धान की बुवाई की है। प्रशासन ने नहर से पानी देना बंद कर दिया है। इससे फसल सूखने की कगार पर है। किसान पहले ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और अन्य बैंकों से केसीसी ऋण ले चुके हैं।

फसल खराब होने पर वे कर्ज नहीं चुका पाएंगे। इससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ेगी। जनपद सदस्य प्रतिनिधि भूखाऊ राम साहू ने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसानों ने रबि फसल के रूप में धान लगाया है। नहर में पानी नहीं आने से 90 प्रतिशत फसल खराब हो चुकी है। किसान अपनी मेहनत और उपज दोनों से हाथ धो बैठेंगे।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि तत्काल फसल का सर्वे कराया जाए और नहर से पानी की सप्लाई फिर से शुरू की जाए। आंदोलन की भी चेतावनी दी ज्ञापन सौंपने पहुंचे किसानों ने बताया कि अगर 20 मई तक पानी नहीं मिला तो पूरी फसल चौपट हो जाएगी।

इससे हजारों किसानों की आजीविका पर संकट आ जाएगा। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द पानी नहीं दिया गया तो वे आंदोलन करेंगे।

### पं छबिलाल पांडेय का निधन



जांजगीर, 04 मई (देशबन्धु)। 85 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रधानपाठक शिक्षाविद् पचोरी निवासी पं छबिलाल पांडेय का स्वर्गवास 03 दिन शनिवार को हो गया है जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम पचोरी मे क्या गया।

अंतिम यात्रा में,, स्वजातीय बंधुओं के साथ गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### मोदी सरकार ने लिया जाति जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय - अरूणधर दीवान



रायगढ़ 04 मई (देशबन्धु)। मोदी सरकार द्वारा जाति जनगणना के लिये गए निर्णय को ऐतिहासिक निरूपित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने कहा 1931 के दौरान ब्रिटिश सरकार ने जाति जनगणना करवाई थी। आजादी के बाद सात दशकों तक कांग्रेस का देश में शासन रहा। अपनी कुर्सी असुरक्षित पाकर तत्काल आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस को सत्ता रहते जाति जनगणना की याद नहीं आई।

उन्होंने कहा कि सत्ता जाते ही कांग्रेस ने लोगों को विभाजित करने के उद्देश्य से जाति जनगणना की मांग उठाई। 2014 में सत्ता में आते ही मोदी सरकार द्वारा देश हित में बहुत से ऐसे फैसले लिए गए जिससे भारत विश्व शक्ति बनकर उबरा। स्वर्गीय राजीव गांधी ने अल्पसंख्यकों खुश करने के लिए शाह बानो प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पलटा और वही विवादास्पद बाबरी मस्जिद में मौजूद मंदिर के ताले दिखावे के लिए खोले कर राम मंदिर के मसले में ठोस निर्णय नहीं लिया जिससे देश में खून खराबे की स्थिति पैदा हो गई। वहीं मोदी सरकार ने सत्ता में आते ही राम मंदिर को लेकर सभी पक्षों को सुनवाई का मौका दिया और सुखद माहौल में राममंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। कांग्रेस सात दशकों तक जो काम नहीं कर पाई वह काम मोदी सरकार ने दस सालो में कर दिखाया। कांग्रेस के प्रधान मंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी दावा करते थे कि दिल्ली में गरीबों के लिए, एक रुपया भेजा जाता है लेकिन गरीबों तक केवल 15 पैसे पहुंच पाते थे आखिर वो कौन सा खूनी पंजा था जो गरीबों के हक में डाका डालता रहा मोदी सरकार ने गरीबों के जन धन खाते खोलकर उनके हक के पैसे सीधे खाते तक पहुंचाए। स्वच्छ भारत मिशन – ग्रामीण के अंतर्गत सभी राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों में 11 करोड़ से अधिक शौचालय और 2.23 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसर बनाए गए है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीणके तहत मोदी सरकार ने 4 करोड़ गरीबों को मकान मालिक बनाया। दशकों तक गरीब रहने वाले ग्रामीण पहली बार मकान मालिक बने।

# ग्रामीण में 10 और शहरी में 30 से कम दर्ज संख्या वाले स्कूल होंगे मर्ज

### प्रक्रिया शुरू हो गई है, पहले चरण में स्कूल भवनों का होना है युक्तियुक्तरण




जांजगीर, 04 मई (देशबन्धु)। नए शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले जिले में युक्तियुक्तरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले चरण में स्कूल भवनों का युक्तियुक्तरण होना है। इसमें एक ही परिसर या समीप में एक ही स्तर के विद्यालय संचालित होने पर उन्हें मर्ज किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से कम दर्ज संया वाले स्कूलों और शहरी क्षेत्रों में 30 से कम दर्ज संया वाले स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। इसको लेकर शिक्षा अधिकारियों की बैठकें हो चुकी है और ऑर्डर भी जारी हो चुका है। साथ ही सभी विकासखंड शिक्षाधिकारियों से 5 मई तक ऐसे स्कूल भवनों की जानकारी भी मंगाई गई है जो युक्तियुक्तकरण के दायरे में आ रहे हैं। 5 मई के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि जिले में कितने विद्यालय हैं जो मर्ज किए जाएंगे। युक्तियुक्तकरण के दूसरे चरण में शिक्षकों का भी युक्तियुक्तकरण होना है। इसके लिए, शिक्षा विभाग ने फार्मूला तय किया है। इसके अनुसार स्कूलों का मर्ज किया जाएगा। हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में एक विषय के लिए स्वीकृत पद के विरुद्ध एक से अधिक कार्यरत व्याख्याता में से अतिशेष का युक्तियुक्तकरण होगा। इसी तरह एक ही परिसर में मर्ज हुए प्राइमरी स्कूलों के छात्रों की संया के अनुपात में शिक्षकों की गणना होगा। प्रधानपाठक शिक्षकीय पद है, इसलिए इनकी गणना शिक्षकीय पद के रूप में होगी। युक्तियुक्तकरण वाले प्राइमरी स्कूलों में दर्ज संया 60 या इससे कम है तो वहां एक प्रधानपाठक और एक सहायक शिक्षक रहेंगे।

#### युक्तियुक्तकरण के लिए यह नियम होगा लागू

डीईओ जांजगीर-चांपा के मुताबिक, एक ही परिसर में संचालित दो या दो से अधिक स्कूलों को चिन्हांकित किया जाएगा। एक ही स्तर के दो विद्यालय जिनके बीच दूरी कम और छात्रों की दर्ज संख्या कम हो, उनका समायोजन होगा। ऐसे स्कूलों की दूरी शहरी क्षेत्र में 500 मीटर और छात्रों की दर्ज संया 30 से कम होनी चाहिए। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में दूरी एक किमी से कम और दर्ज संया 10 से कम होनी चाहिए।

#### स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू- डीईओ

इस संबंध में जांजगीर-चांपा के डीईओ अशवनी भारद्वाज, डीईओ ने बताया कि स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इसके लिए सभी बीईओ से 5 मई तक ऐसे स्कूल भवनों की संख्या मंगाई गई है। पांच मई के बाद कितने स्कूल युक्तियुक्तकरण के दायरे में आ रहे हैं, स्थिति स्पष्ट होगी। फिर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## इस साल 120 दिन में 65 से अधिक की सड़क दुर्घटनाओं में गई जान, लोगों में जागरूकता की कमी बनी प्रमुख वजह

जांजगीर, 04 मई (देशबन्धु)। जिले की सड़कें दिन ब दिन खून से लाल हो रही है। इसकी प्रमुख वजह लोगों में जागरूकता की कमी बताई जा रही है। वहीं सड़कों में भारी वाहनों का दबाव भी एक बड़ा कारण सामने आ रहा है। हम नए वित्तीय वर्ष के 120 दिन की बात करें तो 65 से अधिक लोगों की सड़क पर जान चली गई। इन्हीं सड़क हादसों में कमी लाने के लिए पुलिस विभाग लगातार प्रयासरत है, लेकिन पुलिस का जागरूकता अभियान लोगों के पल्ले नहीं पड़ रहा है। लोग आज भी शराब पीकर वाहन चला रहे हैं तो वहीं बाइक में तीन से चार सवारी बिठाकर सफर कर रहे हैं। यह जान जोखिम में डालने के समान है।

बीते 24 घंटे की बात करें तो जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा थाना क्षेत्र के बुड़गहन में 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं सक्ती जिले में डभरा थाना क्षेत्र में एक युवक की सड़क पर जान चली गई। इन बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए यातायात के नियमों का पालन करना होगा। तभी सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। हर थाना क्षेत्र में एक टीम केवल जागरूकता अभियान में जुटी एडिशनल एसपी उदयन बेहार ने बताया कि इन दिनों एसपी विवेक शुक्ला के निर्देशन में हर थाना क्षेत्र में यातायात जागरूकता अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को यातायात के नियमों की जानकारी दे रही है। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। पर जागरूकता अभियान का पालन नहीं हो रहा।




#### पुलिस ने की अपील

पुलिस ने की अपील शराब के नशे में वाहन न चलाएं निर्धारित स्पीड से अधिक तेजी से वाहन न चलाएं बाइक चालक हेलमेट का इस्तेमाल जरूर करें बाइक में तीन सवारी न बिठाएं मालवाहन वाहनों में सवारी न बिठाएं रात्रि के समय वाहन चलाने में विशेष सतर्कता बरतें बारातियों को मालवाहन वाहनों में न बिठाएं

## कलेक्टर-एसपी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों की तैयारियों का लिया जायजा



जांजगीर, 04 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 05 मई को प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री श्री साय का प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार जिला पंचायत सभाकक्ष जांजगीर में जांजगीर-चांपा, सक्ती व कोरबा जिले के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे, आकांक्षा आवासीय विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों मुलाकात करेंगे, नवीन तहसील कार्यालय का लोकार्पण एवं अवलोकन करेंगे, समाधान शिविर में शामिल होंगे, जिला पंचायत में प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। कलेक्टर, एसएसपी ने हेलीपेड, जिला पंचायत एवं विभिन्न स्थलों में तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समाधान शिविर अंतर्गत 05 मई 2025 को जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत मिसदा के मिनी स्टेडियम में और नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के सांस्कृतिक भवन सी-मार्ट के पीछे, डा. छेदीलाल बैरिस्टर भवन केरा रोड में शिविर आयोजित किया

# ससुराल आए युवक की बेरहमी से पिटाई कर मौत के घाट उतारा

### ग्राम फरसवानी की घटना



डभरा, 4 मई (देशबन्धु)। थाना डभरा क्षेत्र के ग्राम फरसवानी में नीम के सांटी बेल्ट से पीट पीट कर युवक को मौत के घाट उतारा। अशोक कुमार चंद्रा पिता भारत उम्र 34 वर्ष ग्राम नंदेली जैजैपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है जो 3 मई को नंदेली अपने घर से दोपहर को फरसवानी जाने के लिए निकला था वह लगभग शाम 6:00 ग्राम फरसवानी पहुंचा। पहले फरसवानी अपने रिश्तेदार के घर पर रुका था इसके अपने ससुराल रात अपनी पत्नी से मिलने पहुंचा था

बताया जा रहा है कि ससुराल में पत्नी से लड़ाई झगड़ा कर रहा था इसी बात को लेकर बड़े साला रामेश्वर चंद्रा ने दोस्त शीलाराम कहरा के साथ मिलकर रात्रि में जबरन अशोक कुमार चंद्रा को लेकर सुनसान जगह पर ले गए और नीम पेड़ के नीचे ले जा कर नीम की सांटी तोड़कर एवं बेल्ट से युवक को मरते दम तक पीटा। जिस कारण अशोक कुमार चंद्रा की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपियों द्वारा जानबूझकर मृतक को लेकर सरकारी अस्पताल डभरा लाए। अस्पताल में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों द्वारा इसकी सूचना डभरा थाने में दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए फरसवानी पहुंचे। वहां आरोपी रामेश्वर चंद्रा पिता बोधी राम चंद्रा उम्र 36 फरसवानी थाना डभरा एवं शीला राम कहरा पिता दूजेराम कहरा उम्र 31वर्ष ग्राम फरसवानी को हिरासत ले कर पूछताछ कर रही है। वही एसडीओपी अंजली गुप्ता एवं टी आई कमल किशोर महतो अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच कर जांच किए और मौके पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची बारीकी से जांच किया। पुलिस द्वारा शव पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया जहां डॉक्टर द्वारा पोस्टमार्डम कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। डभरा पुलिस आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना कर रहे है।

## सभापति ने प्रदान किया बैटरी चलित ट्रायसायकिल



जांजगीर, 04 मई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत नवागढ़ परिसर में जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू के मुख्य आथित्य में शनिवार को ग्राम गिद्धा निवासी मुकेश कुमार यादव जो पैर से विकलांग हैं। को बैटरी चलित ट्रायसायकिल प्रदान किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत के नवागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार मौजूद थे। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सभापति साहू कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी तब से प्रदेश के जनताओं को सैकड़ो योजनाओं का लाभ मिल रहा हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ कारोपण अधिकारी, श्याम लाल कंवर, दौलत राम साहू, मेला राम यादव, दुखु राम साहू, आचार्य अमित मिश्रा, नवल सिंह मौजूद रहे।

# नाबालिग बच्चों द्वारा चोरी और उठाई गिरी की वारदातें बढ़ी

### कबाड़ के अवैध कारोबारियों की शह पर बिगड़ रहे हैं मासूम हो रहे हैं नशे के आदि




खरसिया, 4 मई (देशबन्धु)। नगर में इन दोनों नाबालिक बच्चों द्वारा चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है जो कि अपने चरम पर पहुंच चुका है विगत दो दिनों पूर्व भी नगर के चार मंदिरों में नाबालिग द्वारा एक ही रात में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। घर के बाहर या घर के अंदर लोहे की कोई भी सामग्री बोरवेल्स में लगे हुए केबल वायर या नगर पालिका परिसर एवं नगर पालिका द्वारा जगह-जगह लगाए गए लोहे के बेरिकट एवं नालियों पर लगाई गई जालियां शहर में बनाए गए बच्चों के लिए पार्कों में लगे झूले और लोहे के एंगल आदि काट कर चोरी किए जा रहे हैं जिसे शहर के अवैध कबाड़ व्यवसाईयों द्वारा औने पौने दामों में खरीदा जा रहा है बेचे गए कबाड़ से मिले पैसे से नगर के मासूम नाबालिग बच्चे नशे की अंधेरी खाई में धसते जा रहे हैं। चोरी किए गए सामान का अगर कोई खरीददार ना हो तो यह मासूम बच्चे चोरी भी नहीं करेंगे इसके लिए सबसे पहले इन कबाड़ व्यवसायों पर लगाम लगाना अति आवश्यक है चोरी की वारदातों को रोकने के लिए कबाड़ व्यवसाय को पुलिस प्रशासन को इसे जड़ से खत्म करना होगा। दो दिनों पूर्व ही रायगढ़ कलेक्टर श्रीमान मयंक अग्रवाल एवं एसपी रायगढ़ श्रीमान दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश सभी थाना और पुलिस चौकियों को दिए गए हैं अब देखना यह होगा कि इस पर खरसिया नगर में कब अमल किया जा रहा है।

#### अमरबेल की तरफ फल फूल रहा है कबाड़ का व्यवसाय कई सालों से नहीं हुई है कोई कार्रवाई

खरसिया में अवैध कबाड़ का कारोबार अमरबेल की तरह दिन दूनी रात चौगुनी की गति से फल फूल रहा है सालों से इस अवैध कारोबार पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है जो कबाड़ व्यवसायी कुछ दिनों पहले झोपड़ी में था आज कई मंजिलों का मकान और प्रतिष्ठान लेकर बैठा है यह सब शासन प्रशासन की जानकारी के बिना होना असंभव है। जानकारों की मानें तो तीन-चार कबाड़ी वाले ज्यादा सक्रिय हैं, जिन्हें प्रशासन का कोई खौफ नहीं है। यही कारण है कि यह कबाड़ी दिन भर शासन-प्रशासन और जनता को चूना लगा रहे हैं। इस बात से जनता काफी परेशान हैं। क्योंकि सार्वजनिक जगहों से जरूरत की चीजों को क्षति तो पहुंचाया ही जाता है। साथ ही लोगों की निजी सम्पत्तियों की भी चोरी हो जाती है, जो चोरों द्वारा कबाड़ियों को ही बेचा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नगर में कबाड़ व्यवसाय पर अंकुश नहीं लग पा रही है, जिससे लोगों के नवनिर्मित भवनों, सार्वजनिक स्थलों में जरूरत की चीजों पर हाथ-साफ करने में इन दिनों चोर और कबाड़ी दोनों सक्रिय हैं, जिसके कारण चोर लोहे, तांबे और प्लास्टिक के सामानों को चुरा कर कबाड़ियों को आसानी से बेच देते हैं। नगर में सार्वजनिक जगहों में लगे लोहे की चीजों को काटकर क्षति पहुंचाया जा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक तांबे के तार की कीमत लगभग 800 रुपए किलो होती है, चोर और नशे के आदि अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, कोई क्षेत्रों से तांबे के तारों को उखाड़कर लाते हैं और आधी कीमत पर कबाड़ियों को बेच देते हैं।

## ब्रिटेन की काउंटर-टेरर यूनिट ने 7 ईरानी नागरिकों को किया गरफ्तार

**लंदन,** 4 मई (एजेंसियां)। ब्रिटेन की आतंकवाद निरोधी पुलिस ने देश के विभिन्न हिस्सों में की गई छापेमारी में सात ईरानी नागरिकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, चार ईरानी समेत पांच व्यक्तियों को विशिष्ट परिसरों को निशाना बनाने की कथित साजिश से जुड़े आतंकवादी अपराधों के संदेह में शनिवार को हिरासत में लिया गया। पांचवें संदिग्ध की राष्ट्रीयता अभी तक स्पष्ट नहीं है। ये गिरफ्तारियां स्विंडन, पश्चिम लंदन, स्टॉकपोर्ट, रोचडेल और मैनचेस्टर में हुईं। मेट काउंटर टेररिज्म कमांड के प्रमुख कमांडर डोमिनिक मर्फी ने बताया कि जांच अभी शुरुआती चरण में है।

# गाजा पर इजरायली हमलों में 40 लोगों की मौत

## 18 मार्च से इजरायल की गोलाबारी में 2,300 से अधिक लोगों की मौत व 6 हजार से अधिक हुए घायल

**यरूशलम,** 4 मई (एजेंसियां)। गाजा पट्टी पर शनिवार को हुए इजरायली बमबारी में तीन बच्चों सहित 39 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी अल जजीरा ने चिकित्सा सूत्रों के हवाले से दी। प्रसारणकर्ता के अनुसार, इनमें से 11 लोग, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं, खान यूनिस में विस्थापित व्यक्तियों के शिविर पर इजरायली हमलों में मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 18 मार्च से जब इजरायल ने गोलाबारी पुनः शुरू की है, तब से गाजा में 2,300 से अधिक लोग मारे गए हैं तथा 6,000 से अधिक घायल हुए हैं।

18 मार्च की रात को, इज़रायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गाजा पर हमले फिर से शुरू कर दिए। इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास द्वारा युद्ध विराम को बढ़ाने और बंधकों को मुक्त करने की अमेरिकी योजना को स्वीकार करने से इनकार करने के कारण हमले जारी रहे। इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच संघर्ष विराम आधिकारिक तौर पर 1 मार्च को समाप्त हो गया था, लेकिन मध्यस्थों द्वारा गाजा पट्टी में समझौते पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी रखने के प्रयासों के कारण लड़ाई फिर से शुरू नहीं हो सकी। हालांकि, इजरायल ने गाजा पट्टी में विलवणीकरण संयंत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी है तथा मानवीय सहायता ले जाने वाले ट्रकों का प्रवेश बंद कर दिया है।



### गाजा में पत्रकारों ने इजरायल के खिलाफ किया प्रदर्शन

**गाजा।** इजरायल की ओर से मीडियाकर्मियों को निशाना बनाये जाने के विरोध में पत्रकारों ने दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में विरोध प्रदर्शन किया है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मीडियाकर्मियों की रक्षा करने की गुजारिश की है। यह विरोध प्रदर्शन शनिवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फिलिस्तीनी पत्रकार सिंडिकेट द्वारा आयोजित किया गया। पत्रकार शहर के नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स में एकत्र हुए और पत्रकारों की हत्या बंद करो लिखे हुए पोस्टर दिखाए। इस दौरान सिंडिकेट के उप प्रमुख तहसीन अल-अस्तल ने इजरायल पर फिलिस्तीनी पत्रकारों को सीधे तौर पर मारकर और उनके घरों को नष्ट करके उनके खिलाफ अपराध करने का आरोप लगाया।

### हमास ने घायल हुए बंधक का वीडियो किया जारी

**गाजा।** फिलिस्तीन में विद्रोही संगठन हमास की सैन्य शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड की ओर से शनिवार को जारी किए गए एक नए वीडियो में एक बंधक दिखाई दे रहा है जो कथित तौर पर गाज़ा पट्टी में इजरायली हवाई हमले में घायल हुआ है। इस वीडियो में नकाबपोश हमास के लड़ाके एक सुरंग के अंदर एक परेशान दिख रहे बंधक पर चिल्लाते नजर आते हैं। बंधक ने कहा कि मैं बंधक नंबर 24 हूं। संघर्षविराम खत्म होने के बाद हम पर बमबारी हुई, किसी तरह बचकर सुरंग में गए, लेकिन वहां भी फिर से बमबारी हुई। बंधक ने इजरायली सरकार की रणनीति की आलोचना करते हुए कहा कि मेरी हालत गंभीर है, दवाइयों का कोई उपाय नहीं है, और चिकित्सा सहायता मिलना नामुमकिन है। मुझे नहीं पता कि मेरे साथी के साथ क्या हुआ। बंधक ने इजरायली नागरिकों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री नेतन्याहू के प्रशासन पर दबाव डालें और बंधकों की रिहाई के लिए बंदी अदला-बदली की मांग करें। इजरायल के सार्वजनिक प्रसारक कान ने बंधक की मैक्सिम हर्किन के रूप में पहचान की है, जो गाज़ा में कैद है। यह हर्किन का हमास की ओर से जारी किया गया दूसरा वीडियो है।



## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 5 मई , 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 7**

### राशिफल

मेष - आज संभलकर कदम रखने की जरूरत है। आसपास रहने वाले लोगों से विवाद हो सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप चिंता का अनुभव करेंगे। अनिद्रा के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

वृषभ - भावनाओं के बंधन में बंध जाने का अनुभव आपको होगा। आपके काम दिन में पूरे हो जाएंगे। भाई-बहनों से लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे।

मिथुन - आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंता का अनुभव होगा। व्यर्थ धन खर्च होगा। विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे।

कर्क - आज का आपका दिन खुशी और आनंद के साथ गुजरेगा। आप कुछ अधिक ही संवेदनशील रहेंगे। आपकी कोई चिंता दूर हो सकती है। स्नेहीजन और मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी। हालांकि आप वाणी पर संयम रखें।

सिंह - आज वाणी में संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी कन्फ्यूजन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।

कन्या - आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। फिर भी शारीरिक और मानसिक रूप से सुख- शांति रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी वातावरण अनुकूल रहेगा। दोपहर के बाद आप के मन की स्थिति दुविधापूर्ण रहेगी।

तुला - आज का दिन आप के लिए एकदम शुभ है। धार्मिक काम में मन लगेगा और देव-दर्शन का लाभ मिलेंगे। विविध क्षेत्रों में लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से प्रोत्साहन मिलेगा।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों का टारगेट पूरा हो सकेगा। व्यापार में लाभ मिल सकता है। पार्टनरशिप के काम सफल रहेंगे। पिता से भी आर्थिक लाभ की संभावना दिख रही है।

धनु - किसी भी नए काम की शुरुआत आज न करें। किसी बात को लेकर मन में ग्लानि का भाव रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। परिजनों के साथ वाद-विवाद न करें।

मकर - आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में गुजरने वाला है। मनोरंजक एक्टिविटी में आपका मन लगेगा। भागीदारी से लाभ होगा। सुखद यात्रा का संयोग बनेगा।

कुंभ - आज का दिन पूरी तरह से शुभ फलदायी है। व्यापार करने वालों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ बने रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

मीन - किसी बात की अशांति रहेगी। किसी कारणवश आकस्मिक धन खर्च आएगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं होगा। दोपहर के बाद घर में आनंद और शांति का वातावरण बन जाएगा। काम में यश कीर्ति मिलेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बीएलए ने क्वेटा-कराची हाईवे को किया बंद, कई सरकारी भवनों में लगाई आग

**क्वेटा,** 4 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूच प्रांत में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के फतेह स्क्वॉड ने क्वेटा-कराची हाईवे को बंद कर दिया और वाहनों को रोककर तलाशी ली। इनमें यात्री वाहनें भी शामिल थी।

बीएलए के सदस्यों ने कलात के मोंगोचार बाजार में घुसकर कई सरकारी भवनों में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। इनमें नेशनल डाटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी, न्यायिक परिसर और नेशनल बैंक ऑफ पाकिस्तान जैसी इमारतें शामिल थी। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, इन दफ्तरों को भारी नुकसान हुआ है। हमलावर इलाके से सुरक्षा बलों के पहुंचने से पहले फरार हो गए। इस हमले की जिम्मेदारी बीएलए के फतेह स्क्वॉड ने ली है, जिन्होंने इसे स्वतंत्रता के संघर्ष के तहत अपनी कार्रवाई बताया। सुरक्षा अधिकारियों ने इलाके में



- **हमलावर इलाके से सुरक्षा बलों के पहुंचने से पहले फरार हो गए**
- **बीएलए के फतेह स्क्वॉड ने ली हमले की जिम्मेदारी**

ऑपरेशन शुरू किया और नेशनल हाईवे (एन-25) पर यातायात को बहाल कर दिया गया। इसी दौरान, मोंगोचार क्षेत्र में बीएलए आतंकियों ने एक पुलिस वाहन पर भी हमला किया, जिसमें जेल से कैदियों को क्वेटा लाया जा रहा था। आतंकियों ने कम से कम 10 कैदियों को छुड़ाया और पांच पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया।

बताया गया कि यह पुलिस वाहन गदानी जेल से कैदियों को क्वेटा और माच के केंद्रीय जेल में भेजने के लिए लाया जा रहा था। जब यह वाहन मोंगोचार इलाके में पहुंचा, तो आतंकियों ने हाईवे को ब्लॉक कर दिया और वाहन की तलाशी ली। इस दौरान वे पुलिस वाहन से कैदियों को छुड़ा ले गए और पांच पुलिसकर्मियों को पकड़कर उनके हथियार भी साथ ले गए। पुलिस अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दो पुलिसकर्मी जो सादे कपड़ों में थे, वे सुरक्षित रहे। राजनीतिक विश्लेषक कमरान यूसुफ ने कहा कि जिस तरह से आतंकियों ने हाईवे को ब्लॉक किया, वाहनों की तलाशी ली और सरकारी भवनों को आग के हवाले किया, यह संकेत देता है कि उनका उद्देश्य जेल से कैदियों को छुड़ाना था।

## यमन में हूतियों के साथ संघर्ष में सरकार समर्थक सैनिक की मौत

**अदन, यमन,** 4 मई (एजेंसियां)। यमन के तेल समृद्ध मारिब प्रांत में सैन्य ठिकानों पर हूती हमले में शनिवार को सरकार समर्थक तीन सैनिकों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। शिन्हुआ ने एक सैन्य अधिकारी का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हूती लड़ाकों ने मुख्य रूप से सरकार के नियंत्रण वाले प्रांत के दक्षिण में हरीब जिले में सेना के ठिकानों पर समन्वित हमला किया।

अधिकारी ने कहा कि भयंकर झड़पें हुईं और कई घंटों तक जारी रहीं, क्योंकि सरकारी सैनिकों ने व्यापक बचाव अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि घायलों को पड़ोसी शबवा प्रांत में चिकित्सा सुविधाओं में स्थानांतरित कर दिया गया है। सरकार समर्थक बल, सदर्न जायंट्स ब्रिगेड ने कहा कि उसने हमले को विफल कर दिया है और भारी नुकसान पहुंचाया है, दावा किया कि लड़ाई में 12 से अधिक हूती विद्रोही मारे गए या घायल हुए हैं। देश के अन्य हिस्सों में, यमनी सरकारी बलों ने दक्षिणी लाहज प्रांत में हद्द याफ़िया मोर्चे के पास हौथी ठिकानों पर गोलाबारी की।

## पश्चिमी टेक्सास में महसूस हुए भूकंप के झटके, 5.3 रही तीव्रता

**पश्चिमी टेक्सास,** 4 मई (एजेंसियां)। पश्चिमी टेक्सास में शनिवार रात (स्थानीय समय) 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने इसकी पुष्टि की। भूकंप शनिवार रात 7:47 बजे (स्थानीय समय) आया। यह न्यू मैक्सिको के व्हाइट्स सिटी से करीब 35 मील दक्षिण में हुआ, जो टेक्सास के मिडलैंड और एल पासो शहरों के बीच के क्षेत्र में है। यूएसजीएस के अनुसार, इस क्षेत्र में कम आबादी होने के कारण लोगों पर भूकंप का सीमित प्रभाव पड़ा। जिससे भूस्खलन या मिट्टी धंसने की संभावना भी बहुत कम थी।




इससे पहले, यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर (ईएमएससी) ने भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी थी और इसका केंद्र टेक्सास के पेकोस से लगभग 50 मील पश्चिम और वैन हॉर्न से 45 मील उत्तर-पूर्व में बताया था। स्वतंत्र वैज्ञानिक निकाय ने एक्स पर बताया कि अगले कुछ घंटों या दिनों में भूकंप के झटके आने की संभावना है। ईएमएससी ने अपने एडवाइजरी में कहा कि जब तक जरूरी न हो, अपनी सुरक्षा के लिए क्षतिग्रस्त क्षेत्रों से दूर रहें।

## मलावी में एमपॉक्स के छठे मामले की पुष्टि

**लिलोंग्वे,** 4 मई (एजेंसियां)। मलावी में एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया है। नए मामले के सामने आने के बाद कुल मामलों की संख्या छह हो गई है। मलावी पब्लिक हेल्थ इंस्टीट्यूट (पीएचआईएम) ने गुरुवार को अपडेट जारी करते हुए कहा कि नवीनतम मामला राजधानी लिलोंग्वे के एक 18 वर्षीय छात्र का है। पीएचआईएम के अनुसार, मरीज को बुखार, थकान, सांस लेने में तकलीफ और त्वचा पर लाल चकते जैसे लक्षण दिखने के बाद स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में उसके नमूने लिए गए थे। नमूनों की जांच में एमपॉक्स की पुष्टि हुई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, एक दिन पहले तीन मामलों की पुष्टि होने के बाद, मलावी ने 17 अप्रैल को एमपॉक्स प्रकोप की घोषणा कर दी थी।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, एमपॉक्स एक संक्रामक बीमारी है जो दर्दनाक चकते, लिम्फ नोड्स में सूजन, बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, पीठ दर्द और कमजोरी पैदा कर सकती है। अधिकांश लोग पूरी तरह से ठीक हो जाते हैं, लेकिन कुछ लोग गंभीर रूप से बीमार हो सकते हैं।




- **संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से फैलता है एमपॉक्स**

एमपॉक्स मुख्य रूप से किसी संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से फैलता है, जिसमें घर के सदस्य भी शामिल हैं। निकट संपर्क में त्वचा से त्वचा, मुंह से मुंह या मुंह से त्वचा का संपर्क शामिल है। इसके अलावा, किसी संक्रमित व्यक्ति के आमने-सामने होने, जैसे बात करने या एक-दूसरे के पास सांस लेने से भी यह फैल सकता है।

एमपॉक्स के लक्षण और संकेत आमतौर पर एक सप्ताह के भीतर शुरू हो जाते हैं, लेकिन संपर्क के 1-21 दिन बाद भी शुरू हो सकते हैं।

## आज का इतिहास

1479- सिखों के तीसरे गुरु अमरदास का जन्म।
1818- महान विचारक, इतिहासकार और जाने माने जर्मन अर्थशास्त्री कार्ल मार्क्स का जन्म।
1821- चर्च के वर्चस्व को ढहाने और यूरोप को विज्ञान व बहुसंस्कृति की ओर मोड़ने वाले नेपोलियन का निधन।
1916- भारत के पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह का जन्म।
1961- अमेरिका के पहले अंतरिक्ष यात्री कमांडर ऐलन शेपर्ड अपने अंतरिक्ष यान से अटलांटिक महासागर में उतरे। उन्हें एक हेलिकॉप्टर ने पानी से बाहर निकाला और शेपर्ड ने अपनी इस यात्रा को 'शानदार सैर' करार दिया।
1980- लंदन में स्थित ईरानी दूतावास को कुछ हमलावरों के कब्जे से आजाद कराया गया। ब्रिटिश एसएएस कमांडो ने पांच हमलावर ईरानी बंदूकधारियों को मार डाला और एक को हिरासत में लेकर इस नाटक का अंत किया।
2005- ब्रिटेन में लेबर पार्टी के नेता टोनी ब्लेयर ने तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभाला।
2006- संगीत के जादूगर कहे जाने वाले संगीत निर्देशक नौशाद अली का निधन।
2009- पाकिस्तान की स्वात घाटी को तालिबान उग्रवादियों के कब्जे से मुक्त कराने के लिए प्रस्तावित सैन्य कार्रवाई को देखते हुए इलाके के हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया।
2010- आंध्र प्रदेश के श्री हरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से इसरो द्वारा विकसित नई पीढ़ी के उच्च क्षमता वाले साउंडिंग रॉकेट को परीक्षण उड़ान पर भेजा गया। इसे देसी रॉकेटों में अब तक का सबसे भारी रॉकेट बताया गया।
2010- सर्वोच्च न्यायालय ने संदिग्ध अपराधियों पर किए जाने वाले नार्को अनैलेसिस, ब्रेन मैपिंग अथवा पॉलीग्राफ टेस्ट जैसी जांच को अस्वीकार कर दिया और इसे निजी स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन कहा।
2012- नेपाल में अचानक आई बाढ़ से 17 लोगों की मौत हुई और 47 लोग लापता हुए।
2017- इसरो ने दक्षिण एशिया उपग्रह को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया।

**रिपोर्ट** — *बांग्लादेश में एक साल में पत्रकारों पर हमले के 398 मामले दर्ज*

## उत्पीड़न की घटनाओं ने देश की नाजुक हालत को किया उजागर

**ढाका, 4 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश में पत्रकारों के उत्पीड़न की लगातार घटनाओं ने देश की नाजुक हालत को एक बार फिर उजागर किया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के नेतृत्व में दक्षिण एशियाई देश कानून व्यवस्था समेत कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। विश्व 3 मई को 'प्रेस स्वतंत्रता दिवस 2025' मना रहा है, जिसका विषय है, 'नई दुनिया में रिपोर्टिंग - प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभाव' है। एएसके ने अपने हालिया आंकड़ों में खुलासा किया कि अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक पत्रकारों पर हमले और उत्पीड़न की कुल 398 घटनाएं दर्ज की गईं।**

फरवरी और मार्च में दर्ज 82 घटनाएं भी शामिल है। आंकड़ों से पता चला कि मार्च में 40 घटनाएं, फरवरी में 40 और जनवरी में 20 घटनाएं दर्ज की गईं। एएसके ने हाल ही में तीन टीवी पत्रकारों की बर्खास्तगी, पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के संबंध में कम से कम 137 पत्रकारों को आरोपी के रूप में नामित करने, और इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

मानवाधिकार संस्था ने कहा कि किसी भी समाज की खूबसूरती उसके नागरिकों के मौलिक अधिकारों की मान्यता में निहित है। जब उन अधिकारों को कानून या प्रभाव द्वारा सीमित किया जाता है, तो इसे उत्पीड़न माना जाता है।



- **कानून व्यवस्था समेत कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा बांग्लादेश**

प्रमुख बांग्लादेशी समाचार पत्र द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, एएसके ने कहा कि मीडिया और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए अंतरिम सरकार के मौजूदा उपाय अपर्याप्त प्रतीत होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं सुशासन और मानवाधिकारों के विपरीत हैं। इसके अलावा, प्रमुख मीडिया निगरानी समूह, रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) की हालिया रिपोर्ट बताती है कि शासन परिवर्तन के बाद, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार से संबद्ध माने जाने वाले लगभग 140 पत्रकारों पर 'प्रदर्शनकारियों की हत्या के अत्यंत गंभीर लेकिन निराधार आरोप' लगे।

आरएसएफ के अनुसार, 25 लोगों पर मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप लगाया गया, जिसके कारण कई लोगों को गिरफ्तारी और कारावास से बचने के लिए छिपना पड़ा। ढाका यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के पूर्व अध्यक्ष सोहेल हैदर ने कहा कि कई पत्रकार कथित तौर पर शेख हसीना की सरकार से जुड़े हत्या के मामलों का सामना कर रहे हैं। उनमें से कई भ्रष्टाचार और अन्य अपराधों में शामिल हो सकते हैं।

## सुडोकू 6903

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 7 |
| 8 | 2 | | | | | 6 | 9 | |
| | | 4 | | 3 | | 5 | 2 | |
| | | 2 | | | 9 | 1 | 6 | |
| 3 | | | 1 | | 6 | | | 2 |
| | 1 | 8 | 2 | | | 7 | | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 3 | | |
| | 8 | 6 | | | | | 1 | 5 |
| 7 | | | | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6903

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**दायें से बायें:-**

१. संकीर्ण हृदय, कंजुस, न देने वाला
३. योगासन का एक भेद
५. प्रमाणित (उर्दू)
६. अस्तित्व (उर्दू)
७. दुख से भरा (उर्दू)
८. किसी व्यक्ति-वस्तु आदि की सुरक्षा के लिए नियुक्त व्यक्तियों का दल
१३. चीरने वाला
१५. चिल्लाना, बहुत जोर की आवाज निकालना (उर्दू)
१६. श्रृंगार रस, पारा
१७. हृदय, मन
१८. बीच का, दरमियानी, राशियों के जोड़ को उनकी संख्या को भाग देने पर प्राप्त भागफल
२०. अनुदेश, निर्देश (उर्दू)
२२. कहानी
२३. आजीवन कुंआरी रहने वाली

**ऊपर से नीचे:-**

१. कृष्णपक्ष की अंतिम तिथि
२. श्रीकृष्ण
३. कमल, सौ पंखुड़ियों वाला
४. पर्यायवाची
५. सिद्ध करने वाला, पूरा करने वाला, तपस्वी
९. नाश करने वाला
१०. न्यायालय (उर्दू)
११. पूर्व दिशा
१२. अनुग्रह, कृपा, प्रदान (उर्दू)
१४. हार, मात
१७. आकाश
१९. प्राणवान
२०. कल्याण, भलाई
२१. निश्चित, निर्धारित

### वर्ग पहेली-6902

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ख | ट्टे | २ हो | ना | ■ | ■ | ३ अ | स्त | ४ ब | ल |
| ट | ■ | शि | ■ | ५ वि | लो | प | ■ | ल | ■ |
| ६ प | र्सि | या | ■ | जि | ■ | ७ ला | ज | वा | ब |
| ट | ■ | ८ र | ९ ज | त | कुं | भ | ■ | ई | ■ |
| ■ | १० ह | ■ | क | ■ | ■ | ■ | ११ भो | ■ | १२ अ |
| १३ मु | ठ | भे | ड़ | ■ | १४ द | ■ | १५ र | ग | ड़ |
| ■ | ध | ■ | १६ ना | ग | र | ता | ■ | ■ | च |
| १७ श | र्मी | ली | ■ | ■ | बा | ■ | १८ यौ | १९ व | न |
| शां | ■ | ■ | २० ना | ज | री | २१ न | ■ | स | ■ |
| २२ क | ष्ट | प्र | द | ■ | ■ | २३ भ | या | व | ता |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6903 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 |

## दुनिया को जानें

### विश्व में पहली बार चीन ने मैराथन में इंसानों के साथ रोबोट को दौड़ाया

**बीजिंग,** 4 मई (एजेंसियां)। चीन ने हाफ मैराथन का आयोजन किया। यह अपने आप में अनोखा था, क्योंकि इसमें इंसानों के साथ रोबोट ने भी भाग लिया। यह ह्यूमनाइड रोबोट की विश्व की पहली ऐसी दौड़ बताई जा रही है। इस दौरान रोबोटिक्स में बीजिंग की अमेरिका के साथ बढ़ती प्रतिद्वंद्विता के बीच एआई प्रौद्योगिकियों में प्रगति को प्रदर्शित किया गया। शीर्ष विश्वविद्यालयों और फर्मों के अपने तकनीकी संचालकों के साथ 21 ह्यूमनाइड रोबोट (मानव की तरह दिखने वाले रोबोट) बीजिंग में 21 किलोमीटर की दौड़ में शामिल हुए।

इंसानों के साथ दौड़ते इन रोबोटों को देखने के लिए फुटपाथों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। प्रतियोगिता के बाद कई श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान न केवल गति, बल्कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, चलने के तरीके, एथलेटिक प्रदर्शन और इंजीनियरिंग क्षमता आदि को ध्यान रखा गया। एजेंसी ने एक वीडियो फुटेज भी जारी किया है, जिसमें कई रोबोट प्रतियोगियों के साथ दौड़ रहे हैं, जिनमें से एक रोबोट ने काली टोपी और सफेद दस्ताने पहन रखे हैं। हालांकि, वीडियो से पता चला कि यह एक सहज दौड़ नहीं थी।

# खेल जगत

## पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों पर सरकार सख्त कार्रवाई करेगी : रवि कुमार दहिया

**नई दिल्ली**, 4 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले पर भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। मुझे अपनी सरकार पर पूरा भरोसा है कि वह पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों पर सख्त कार्रवाई करेंगे। रविवार को दिल्ली में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया शामिल हुए। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम घटना को लेकर सरकार कार्रवाई कर रही है और मुझे भरोसा है कि सरकार इस हमले के गुनहगारों को ढूंढ कर उन्हें सजा दिलाने का काम करेगी। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के बारे में रवि कुमार दहिया ने कहा कि फिटनेस बहुत जरूरी है क्योंकि स्वस्थ शरीर ही हमारी पहली सच्ची दौलत है।



# रोमांचक मुकाबले में कोलकाता नाइटराइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हराया



- 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही
- राजस्थान ने मात्र आठ के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए

**कोलकाता**, 4 मई (एजेंसियां)। आंद्रे रसल (नाबाद 57), अंगकृष रघुवंशी (44) और रहमानउल्लाह गुरबाज (35) रनों की पारियों के बाद गेंदबाजों के जूझारू प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइटराइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 53वें मुकाबले में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया। 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। वैभव सूर्यवंशी (चार) और कुणाल सिंह राठौड (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान रियान पराग ने यशस्वी जायसवाल के साथ तीसरे विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी की। सातवें ओवर में मोईन अली ने यशस्वी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। यशस्वी ने 21 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाये। अगले ही ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने ध्रुव जुरेल (शून्य) और वानिंदु हसरंगा (शून्य) को बोल्ड कर राजस्थान को संकट में डाल दिया। ऐसे समय संकट के समय में शिमरॉन हेटमायर ने रियान पराग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने छठे विकेट के लिए 92 रन जोड़ कर राजस्थान की उम्मीदों को जिंदा रखा। 16वें ओवर में हर्षित राणा ने शिमरॉन हेटमायर (29) को और 18वें ओवर में रियान पराग को आउटकर कोलकाता की मैच में वापसी कराई। रियान पराग ने आठ छक्के और छह चौके लगाते हुए (95) रनों की तूफानी पारी खेली। इसके बाद शुभम दुबे और जोफ्रा आर्चर आक्रामक बल्लेबाज का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत की दहलीज तक ले गये पर मैच की आखिरी गेंद पर जोफ्रा रनआउट हो गये और राजस्थान रॉयल्स निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 205 रन ही बना सकी और एक रन से मुकाबला हार गई। जोफ्रा आर्चर आठ गेंदों में (12) रन बनाकर आउट हुये वहीं शिवम दुबे ने 14 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 25) रनों की पारी खेली।

कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से हर्षित राणा, वरूण चक्रवर्ती और मोईन अली ने दो-दो विकेट लिये। वैभव अरोड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे आज यहां कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइटराइडर्स की शुरुआत खराब रही और उसने सुनील नारायण (11) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान अजिंक्य राहणे ने रहमानउल्लाह गुरबाज के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में महेश तीक्षणा ने अजिक्य राहणे को आउटकर कोलकाता को दूसरा झटका दिया। राहणे ने 24 गेंदों में दो छक्के एक चौका लगाते हुए (30) रन बनाये। कोलकाता का तीसरा विकेट रहमानउल्लाह गुरबाज 25 गेंदों में (35) के रूप में गिरा। जोफ्रा आर्चर ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर अंगकृष रघुवंशी 31 गेंदों में (44) को आउट किया। रिंकू सिंह ने आखिरी छह गेंदों में (नाबाद19) रन ठोके। वहीं आंद्रे रसल ने 35 गेंदों में छह छक्के और चार चौकों की मदद से (नाबाद 57) रनों की पारी खेली। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 206 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से जोफ्रा आर्चर, युद्धवीर सिंह चरक, महीश तीक्षणा और रियान पराग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# आयुष म्हात्रे सीएसके के लिए बेहतरीन खोज, अगले साल के लिए आत्मविश्वास देगी यह पारी : अंबाती रायडू

**बेंगलुरु**, 4 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायडू ने 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे की बल्लेबाजी की तारीफ की। साथ ही इस युवा बल्लेबाज की खोज करने के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के मैनेजमेंट की भी सराहना की। आयुष म्हात्रे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के तौर पर शानदार बल्लेबाजी की। हालांकि, सीएसके इस रोमांचक मुकाबले में दो रनों से हार गई। लेकिन, इस युवा खिलाड़ी ने अपने बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया।

म्हात्रे ने आरसीबी के खिलाफ 48 गेंदों में 94 रन की पारी खेली और 17 साल और 292 दिन की उम्र में आईपीएल में अर्धशतक बनाने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शेख रशीद के साथ 51 रनों की ओपनिंग साझेदारी करने के बाद रवींद्र जडेजा के साथ तीसरे विकेट के लिए 114 रन जोड़े। लेकिन उनकी शानदार पारी बेकार चली गई क्योंकि सीएसके लक्ष्य से दो रन दूर रह गई। अंबाती रायडू जियो हॉटस्टार पर कहा कि वह सबसे बढ़िया खिलाड़ी हैं। उन्होंने वाकई दिखाया है कि वे क्या कर सकते हैं। आरसीबी के सामने उन्होंने कुछ शानदार शॉट्स खेले। जिसमें कुछ गगनचुंबी छक्के और बाउंड्री भी शामिल है। मुझे लगता है कि वह सीएसके के लिए एक बेहतरीन खोज है और उन्होंने जिस तरह से अपना खेल दिखाया है इससे वह भी संतुष्ट होंगे।



म्हात्रे ने आरसीबी के खिलाफ 48 गेंदों में 94 रन की पारी खेली

रायडू ने कहा, 'यह कुछ ऐसा है जो उन्हें अगले साल के लिए बहुत आत्मविश्वास देगा। अगर आप इसे देखें, तो उन्होंने मैदान के चारों ओर रन बनाए हैं। सीएसके के आगे के भविष्य को देखते हुए, मुझे लगता है कि वह ऋतुराज गायकवाड़ और डेवाल्ड ब्रेविस के इर्द-गिर्द एक अच्छे बल्लेबाज के तौर पर टीम को मजबूती प्रदान कर सकते हैं। मुझे लगता है कि अगले साल के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।' म्हात्रे सीएसके में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जगह शामिल हुए, जो कोहनी की चोट के कारण नहीं खेल पाए थे। म्हात्रे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में अपना टी20 डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने 15 गेंदों पर 32 रन बनाए।

## सीएसके और आयुष म्हात्रे का साथ लंबे समय तक बने रहने की उम्मीद : फ्लेमिंग

**बेंगलुरु।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने खुलासा किया है कि आयुष म्हात्रे की किस बात ने उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि 17 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। सीएसके पहले ही आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। पांच बार की चैंपियन टीम शनिवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ दो रन से हार गई, बावजूद इसके म्हात्रे ने 48 गेंदों पर 94 रनों की प्रभावशाली पारी खेली, जिससे वह 17 साल और 292 दिन की उम्र में आईपीएल में अर्धशतक बनाने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। मैच के बाद फ्लेमिंग ने इस बल्लेबाज की जमकर तारीफ की और कहा कि म्हात्रे के स्वभाव और धैर्य ने उन्हें काफी प्रभावित किया। फ्लेमिंग ने कहा, 'कभी-कभी यह समझाना मुश्किल होता है, लेकिन वह जो कर रहा था, उसमें एक खासियत थी। लेकिन उसका धैर्य कुछ ऐसा था जिसने मुझे प्रभावित किया। उसके पास प्रतिभा है और उसके पास आक्रामक शैली की बल्लेबाजी है, वह सब कुछ जो हमें आधुनिक समय के टी20 खिलाड़ी में पसंद है। लेकिन मैं उसके स्वभाव से काफी ज्यादा प्रभावित हूं।'

# सात साल में पहली बार श्रीलंका महिला टीम ने भारत को हराया



- हर्षिता समाराविक्रमा (53) और नीलाक्षी डिसिल्वा (56) ने शानदार बल्लेबाजी की

**कोलंबो**, 4 मई (एजेंसियां)। चामरी अट्टापटू और सुगंधिका कुमारी (तीन-तीन विकेट) के अच्छे प्रदर्शन के बाद हर्षिता समाराविक्रमा (53) और नीलाक्षी डिसिल्वा (56) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर श्रीलंका महिला टीम ने रविवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के चौथे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को पांच गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। सात सालों में श्रीलंका की भारत पर यह पहली एकदिवसीय जीत है। 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 30 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट हसिनी परेरा (22) रनआउट के रूप में गवां दिया। इसके बाद हर्षिता समाराविक्रमा ने विष्मी गुणारत्ने के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने विष्मी गुणारत्ने (33) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद 27वें ओवर में प्रतिका रावल ने हर्षिता समाराविक्रमा (53) को आउटकर भारत को चौथी सफलता दिलाई। कप्तान चामरी अट्टापटू (23), कविशा दिलहारी (35) और देवमी विहंगा (एक) रन बनाकर आउट हुई। नीलाक्षी डिसिल्वा ने 33 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (56) रनों की पारी खेली। आखिरी ओवर में भारतीय गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी कर मैच को रोमांचक बना दिया था।

# गॉफ को हराकर सबालेंका ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब



**मैड्रिड**, 4 मई (एजेंसियां)। विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने कोको गॉफ को हराकर मैड्रिड ओपन का खिताब अपने नाम किया। बेलारुस की सबालेंका ने काजा मैजिका क्ले कोर्ट पर खेले गये जोरदार फाइनल मुकाबले में अमेरिका की गॉफ को 6-3, 7-6 (7-3) से मात देते हुए अपना तीसरा मैड्रिड ओपन खिताब जीता। यह उनके टेनिस करियर का 20वां खिताब है। इससे पहले सबालेंका ने 2021 और 2023 में मैड्रिड ओपन का खिताब जीता था। इस जीत के साथ ही सबालेंका ने टूर्नामेंट में सबसे अधिक जीत के मामले में चेक गणराज्य की खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा के 2011, 2015, 2018 में तीन बार खिताब जीतने की बराबरी कर ली हैं।

# जीत के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम ने किया ऑस्ट्रेलिया दौरे का अंत



ऑस्ट्रेलिया पर 1-0 से जीत दर्ज कर अपने दौरे का सुखद अंत किया

**पर्थ ( ऑस्ट्रेलिया )**, 4 मई (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को पांचवें और अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 1-0 से जीत दर्ज कर अपने दौरे का सुखद अंत किया। आज यहां पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले के पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने खेल पर दबदबा बनाया और दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये लेकिन भारत की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उन्हें विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर के छह मिनट बाद भारत की उप कप्तान नवनीत कौर के मैदानी गोल की बदौलत टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में दोनों टीमें गोल करने का प्रयास किया लेकिन भारत ने संयम बनाए रखा और अपनी मामूली बढ़त का सफलतापूर्वक बचाव किया। अंतिम क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया को एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन उसने मौका गंवा दिया और मेहमान टीम को जीत दिला दी।

## सार संक्षेप

### मांडविया ने शिक्षकों के साथ चलाई साइकिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अगुवाई में रविवार सुबह आयोजित फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के नवीनतम संस्करण में शिक्षकों, एथलीटों, फिट इंडिया प्रभावितों और फिटनेस प्रेमियों सहित 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आज यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में अयोजित 'शिक्षकों के साथ साइकिल चलाना' विषय पर लेकर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मांडविया ने कहा कि शिक्षक हमारे छात्रों के नायक हैं और अब आपको विकसित भारत के नायक बनना है। आप सभी साइकिल चलाना एक फैशन बना सकते हैं और मैं सभी शिक्षकों से आग्रह करता हूं कि वे स्वयं साइकिल का उपयोग फिर से शुरू करें और छात्रों से भी इसका अनुकरण करने को कहें। हम डिजिटल युग में हैं लेकिन हमें अपनी शारीरिक फिटनेस में भी सुधार करने की जरूरत है। साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीएफआई), माई भारत और राज्य सरकारों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में खेल सचिव हरि रंजन राव, टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि दहिया, ओलंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता दीपक पुनिया, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक रोहताश चौधरी (भारत के पुश-अप मैन) और प्रसिद्ध पर्वतारोही नरेंद्र कुमार के साथ राष्ट्रीय स्तर की कई हस्तियों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों और निजी संस्थानों सहित शहर भर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक, सलाहकार और अकादमिक प्रशिक्षक ने साइकिल चलाई।

### श्रीपर्णा डे ने जिमनास्टिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीते चार स्वर्ण पदक

**अगरतला।** त्रिपुरा की जिमनास्ट श्रीपर्णा डे ने कलात्मक जिमनास्टिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में राज्य के लिए चार प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीते। पुणे में आयोजित चैंपियनशिप में श्रीपर्णा ने 42.4 अंकों के शानदार समग्र स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। वॉल्टिंग टेबल (11.55), अनइवन बार्स (8.3), बैलेंसिंग बीम (11.35) और फ्लोर एक्सरसाइज (11.2) में कुशलता और संयम का परिचय दिया। शनिवार को श्रीपर्णा ने तीन श्रेणियों- वॉल्टिंग टेबल, बैलेंसिंग बीम और फ्लोर एक्सरसाइज में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अतिरिक्त स्वर्ण पदक हासिल किए।

# 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में सेना के शूटर्स का दबदबा



**भोपाल**, 4 मई (एजेंसियां)। यहां चल रही 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल (केएसएसएम) निशानेबाजी चैंपियनशिप की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सेना के निशानेबाजों ने शीर्ष छह में से पांच स्थान हासिल किए। केदारलिंग बालकृष्ण उचागांवे ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके साथी अजय कुमार अंबावत को रजत पदक मिला। नौसेना के उज्ज्वल मलिक ने कांस्य पदक जीता। शनिवार को मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में फाइनल मुकाबले में, केदारलिंग और अजय दोनों 24 में से 22 शॉट्स के बाद 223.6 अंकों के साथ बराबरी पर थे। अजय ने 23वें शॉट में परफेक्ट 10.9 अंक हासिल कर बढ़त बना ली, लेकिन आखिरी शॉट में 9.6 अंक के कारण जीत उनसे छिन गई। केदारलिंग ने दबाव में शानदार 10.6 अंक का आखिरी शॉट लगाकर कुल 244.4 अंकों के साथ जीत दर्ज की। इस स्पर्धा में कुल 552 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह ने 579 अंक बनाए और 18वें स्थान पर रहे। वहीं सेना के रविंदर सिंह और ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने क्रमशः 583 और 581 अंक हासिल किए। रविंदर फाइनल में छठे स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में चंडीगढ़ के धैर्य पराशर ने 241.6 अंकों के साथ गोल्ड मेडल जीता। क्वालीफिकेशन में 300 से अधिक जूनियर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। राजस्थान के संदीप बिश्नोई को रजत और हरियाणा के कपिल को कांस्य मिला। धैर्य ने युवा वर्ग में भी रजत पदक जीता। फाइनल में उन्हें स्थानीय खिलाड़ी युगप्रताप सिंह राठौड़ ने हराया।

# बिहार में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' शुरू पीएम मोदी ने वैभव का किया जिक्र

**नई दिल्ली**, 4 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बिहार में आयोजित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह मंच आपकी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लाएगा और सच्ची खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के दौरान बिहार के अलग-अलग हिस्सों में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि भारत में खेल अब एक संस्कृति के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। ये खेल संस्कृति जितनी बढ़ेगी, उतनी ही यह भारत की सॉफ्ट पावर भी बढ़ाएगी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत में खेलों का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। उन्होंने खेल के क्षेत्र में देश की ताकत को बढ़ावा देने का भी



संकल्प लिया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी के ऐतिहासिक प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा, 'हम सभी ने बिहार के बेटे वैभव सूर्यवंशी का आईपीएल में शानदार प्रदर्शन देखा है। वैभव ने इतनी कम उम्र में एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। उनके खेल के पीछे उनकी मेहनत तो है ही, लेकिन विभिन्न स्तरों पर मैच खेलने का भी बड़ा योगदान है। इसका मतलब है कि 'जो जितना खेलेगा, वो उतना ही खिलेगा'।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में खेलों के विकास के लिए इस साल के 4,000 करोड़ रुपए के बजट में से एक बड़े हिस्से का उपयोग खेलों के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय खेलों को नई दिशा मिलेगी और देश में खेलों के प्रति जागरूकता और जोश बढ़ेगा।उन्होंने कहा कि खेल भारत में केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान बन चुके हैं। जैसे-जैसे हमारी खेल संस्कृति का विकास होगा, वैसे-वैसे भारत की ताकत भी सुपरपावर के रूप में बढ़ेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बिहारी व्यंजनों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी बिहार के बाहर से आए हैं, वे बिहार में लिट्टी-चोखा का स्वाद जरूर लें। साथ ही, वहां का मखाना भी खाना नहीं भूलें।

# सीएसके के खिलाफ है विराट का खास रिकॉर्ड

**नई दिल्ली**, 4 मई (एजेंसियां)। विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में अपने 500 रन पूरे करने के साथ ही इस लीग में अपनी हैट्रिक भी लगा दी है। यह लगातार तीसरी बार है जब कोहली ने एक सीजन में 500 प्लस रन बनाए। विराट सीजन 2025 में अब तक 143.46 की स्ट्राइक रेट के साथ 505 रन बना चुके हैं। विराट कोहली ने पिछले सीजन में 154.69 की स्ट्राइक रेट के साथ 741 रन बनाए थे। सीजन 2023 में भी उन्होंने 140 की स्ट्राइक रेट के साथ



639 रन बनाए थे। इससे पहले कोहली ने सीजन 2018 में 530 रन बनाए थे। पिछले लगातार तीन सीजन कोहली की बल्लेबाजी उनकी निरंतरता के साथ परिपक्वता को भी दर्शाती है। कोहली ने आठ मौकों पर ऐसा किया है जब उन्होंने आईपीएल के एक सीजन में 500 प्लस रन बनाए हैं। डेविड वार्नर ने ऐसा सात बार किया है। केएल राहुल छह बार ऐसा कर चुके हैं। शिखर धवन पांच बार ऐसा कर चुके हैं। जब-जब कोहली की फॉर्म में एक गिरावट आई, वह तब-तब इससे उभरकर बल्लेबाजी के एक नए दौर में पहुंचे। इससे उम्र के इस पड़ाव में भी उनकी बैटिंग पहले की तरह विश्वसनीय और दर्शनीय है। आईपीएल 2025 में तो उनकी बैटिंग और भी खास रही है क्योंकि उनके रनों के योगदान के दम पर आरसीबी ने मैच जीते हैं।

इस बात को इस आंकड़े से समझा जा सकता है कि कोहली का बल्ला जिन मैचों में नहीं चला, उनमें आरसीबी को हार मिली। कोहली ने इन मैचों में 7, 22 और 1 रन बनाए हैं। जबकि आरसीबी की आठ जीत में कोहली ने सिर्फ एक बार अर्धशतक नहीं लगाया है।

## कोहली के पास फिर वापस आई ऑरेंज कैप

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में ऑरेंज कैप के बीच जारी मुकाबले में रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु के धाकड़ बल्लेबाज विकेट कोहली ने साई सुदर्शन को पछाड़ते हुए एक बार फिर से इसे हासिल कर लिया है। आईपीएल 2025 में हर दूसरे मैच के बाद ऑरेंज कैप का मालिक बदल रहा है। फिलहाल विराट कोहली ने शनिवार को खेले गये मैच में ऑरेंज कैप फिर से हासिल कर ली है।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 2- | मुंबई इंडियंस | 11 | 7 | 4 | 14 | +1.274 |
| 3- | गुजरात टाइटंस | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.867 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 13 | +0.199 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 12 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 11 | 5 | 5 | 11 | +0.249 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.325 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.716 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 | -1.192 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 2 | 9 | 4 | -1.117 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 4.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.62 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.65 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.51 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.21 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 2.04 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.61 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.36 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.85 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 92,629 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,100 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# वेव्स बाजार के उद्घाटन में एक हजार करोड़ रुपए के सौदे होंगे : केंद्र

**मुंबई,** 4 मई (एजेंसियां)। वेव्स बाजार के उद्घाटन संस्करण में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक के बिजनेस सौदे हो सकते हैं। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान में कहा कि वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) में 800 करोड़ रुपए के सौदे हुए हैं। यह सौदे फिल्म, म्यूजिक, रेडियो, वीएफएक्स और एनिमेशन सेक्टर्स में हुए हैं।

यह आयोजन शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ, जिसने क्रिएटिव इंडस्ट्री में अंतरराष्ट्रीय व्यापार सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में अपनी पहचान बनाई। बाजार का एक मुख्य आकर्षण क्रेता-विक्रेता बाजार था, जिसमें 3,000 से अधिक बी2बी बैठकें हुईं और 500 करोड़ रुपए से अधिक की आय प्राप्त हुई है और आने वाले दिनों में और सौदे होने की उम्मीद है। 80 सीटों वाले इस आयोजन स्थल पर चयनित फिल्मों की चुनिंदा स्क्रीनिंग ने उत्साहपूर्ण प्रतिक्रियाएं और सराहना प्राप्त की। बाजार ने उभरते हुए रचनाकारों को खरीदारों और सहयोगियों के वैश्विक नेटवर्क के सामने अपने आईपी को पेश करने में भी मदद की, जिससे वैश्विक खरीदारों की रुचि पैदा हुई और नई साझेदारियों को बढ़ावा मिला।





■ फिल्म, म्यूजिक, रेडियो, वीएफएक्स व एनिमेशन सेक्टर्स में हुए 800 करोड़ रुपए के सौदे

इस आयोजन की एक बड़ी उपलब्धि भारत और न्यूजीलैंड के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ना है। वेव्स से प्रेरित होकर पेट्रिना डी'रोज़ारियो के नेतृत्व में फिल्म इंडिया स्क्रीन कलेक्टिव और स्क्रीन कैंटरबरी एनजेड ने न्यूजीलैंड में पहली बार भारतीय फिल्म महोत्सव शुरू करने के लिए एक प्रस्ताव की घोषणा की। भारत-रूस सहयोग को बढ़ाते हुए ओनली मच लाउडर के सीईओ तुषार कुमार और गैजप्रोम मीडिया के सीईओ अलेक्जेंडर झारोव ने रूस और भारत में क्रॉस-कल्चर फेस्टिवल में सहयोग करने और हास्य एवं संगीत कार्यक्रमों को को-प्रोड्यूस करने के लिए संभावित समझौता ज्ञापन पर प्रारंभिक बातचीत शुरू कर दी है।

## वेव एक्सेलरेटर से मीडिया व एंटरटेनमेंट सेक्टर के स्टार्टअप्स को मिलेगा बूस्ट

**मुंबई।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में ज्वाइंट डायरेक्टर, आशुतोष मोहले ने रविवार को कहा कि वेव एक्सेलरेटर एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसकी मदद से मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर के स्टार्टअप्स को बूस्ट मिलेगा और फंडिंग प्राप्त करने में आसानी होगी। आशुतोष मोहले ने कहा कि हम वेव एक्सेलरेटर में मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर के तहत आने वाले क्षेत्रों जैसे एनिमेशन इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक आदि के स्टार्टअप्स को सपोर्ट उपलब्ध कराते हैं। मोहले के मुताबिक, वेव एक्सेलरेटर के तहत करीब 1,000 स्टार्टअप्स ने रजिस्ट्रेशन किया था, जिसमें से पैनल ने 30 स्टार्टअप को चुना और 40 वेंचर कैपिटलिस्ट के सामने पिच पेश की। उन्होंने आगे कहा कि वेव्स समिट में हमने 100 स्टार्टअप्स का एक पवेलियन भी बनाया, जहां स्टार्टअप्स ने अपने स्तर पर जाकर वेंचर कैपिटलिस्ट और एंजेल इन्वेस्टर्स से मीटिंग की। स्टार्टअप्स डील को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स और निवेशकों के बीच 30-40 करोड़ रुपए की फंडिंग को लेकर बातचीत हुई है और अधिकतम फंडिंग मांग 5 करोड़ रुपए की रही है। मोहले ने आगे कहा कि यहां पूरे देश से मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर के स्टार्टअप्स आए हैं। इसमें दिल्ली एवं मुंबई से लेकर ओडिशा, केरल और अन्य क्षेत्रों के स्टार्टअप्स शामिल हैं।

■ फंडिंग प्राप्त करने में भी होगी आसानी

## भारत-यूके के बीच व्यापार समझौते पर तेजी से आगे बढ़ रही बातचीत : गोयल

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। भारत-यूके के बीच व्यापार समझौते के लिए लंदन दौरे पर गए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इंटरनेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबिलिटी का दौरा किया और भारत के सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव्स को प्रमोट करने के प्रयासों की सराहना की।



■ पीयूष गोयल ने की सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव्स की सराहना

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गोयल ने सेंटर के संस्थापक ट्रस्टी सचिन नंदा से मुलाकात के बाद अपनी प्रशंसा व्यक्त की। केंद्रीय मंत्री ने भारत के पर्यावरण संबंधी प्रयासों के बारे में वैश्विक समझ बढ़ाने और भारत एवं ब्रिटेन के बीच सहयोग को मजबूत बनाने के लिए सेंटर के कार्यों के बारे में जाना और खुशी जताई। गोयल ने एक्स पर लिखा कि भारत के सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव्स के बारे में समझ बढ़ाने और भारत-ब्रिटेन संबंधों को मजबूत करने के लिए सेंटर द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में संस्थापक ट्रस्टी सचिन नंदा से सुनकर बहुत खुशी हुई। यह यात्रा मंत्री की यूके में व्यापक गतिविधियों का हिस्सा है,जहां वे आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के पक्षकारों से मिल रहे हैं। इससे पहले, गोयल ने यूके में स्थित भारतीय संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और सांस्कृतिक एवं आर्थिक सहयोग में उनके योगदान की सराहना की।

गोयल ने कहा कि यूके में स्थित विभिन्न भारतीय संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। भारत-यूके साझेदारी की बढ़ती ताकत पर प्रकाश डाला, जिसमें दोनों देश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री एक्स पर लिखा कि यूके में स्थित विभिन्न भारतीय संगठन दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## सीतारमण मिलान में एडीबी की वार्षिक बैठक में लेंगी भाग

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 58 वीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के अधिकारियों के भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ इटली के मिलान गई हैं। यह बैठक चार से सात मई 2025 तक चलेगी।

इन बैठकों में एडीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल, एडीबी सदस्यों के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान भाग लेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री वार्षिक बैठक के मुख्य कार्यक्रमों जैसे गवर्नर्स के बिजनेस सेशन, गवर्नर्स प्लेनरी सेशन में भाग लेंगी और 'भविष्य के लचीलेपन के लिए सीमा पार सहयोग' पर एडीबी गवर्नर्स सेमिनार में पैनलिस्ट के रूप में भाग लेंगी। एडीबी की 58 वीं वार्षिक बैठक के अवसर पर, श्रीमती सीतारमण एडीबी के अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष के अध्यक्ष और जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग बैंक के गवर्नर के साथ बैठकों के अलावा इटली, जापान और भूटान के वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी।



■ चार से सात मई तक चलेगी बैठक

## केंद्रीकृत केवाईसी सिस्टम बनाने की तैयारी में सेबी

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड एक केंद्रीकृत केवाईसी सिस्टम बनाने की दिशा में वित्त मंत्रालय और अन्य वित्तीय नियामकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांता पांडे ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह केंद्रीय केवाईसी एक ऑनलाइन डाटाबेस होगा, जिसमें ग्राहकों की केवाईसी जानकारी एक ही जगह सुरक्षित रहेगी। इससे अलग-अलग वित्तीय संस्थानों में केवाईसी प्रक्रिया को दोहराने की जरूरत नहीं पड़ेगी और पूरी व्यवस्था ज्यादा सरल और प्रभावी हो सकेगी।

पांडे ने कहा कि हां, इस पर काम आगे बढ़ेगा। हम ऐसा सिस्टम बनाना चाहते हैं जो बहुत ही असरदार हो। उन्होंने बताया कि इस पहल को लेकर बनी समिति की अध्यक्षता वित्त सचिव कर रहे हैं और प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने की कोशिश हो रही है। हालांकि उन्होंने कोई निश्चित समयसीमा नहीं बताई, लेकिन उम्मीद जताई कि इसे जल्दी लागू कर लिया जाएगा।



पांडे ने यह भी स्पष्ट किया कि यह केवल एक अपलोडिंग सिस्टम नहीं होगा, बल्कि पूरी तरह से प्रमाणित और सुरक्षित व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल छह केवाईसी रजिस्ट्रेशन एजेंसियां आपस में जुड़ी हुई हैं और डेटा आसानी से साझा किया जा सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा था कि 2025 में एक नया और उन्नत केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्रेशन सिस्टम लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद अप्रैल में वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें मौजूदा केवाईसी प्रणाली को बेहतर बनाने और वित्तीय सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

■ अब हर बार केवाईसी कराने की झंझट होगी खत्म

इसके साथ ही पांडे ने टी+0 (टी+0) ट्रेड सेटलमेंट को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि टी+0 व्यवस्था वैकल्पिक ही रहेगी। इसे अनिवार्य नहीं किया गया है। इससे बाजार सहभागियों को नई व्यवस्था को अपनाने में सहजता रहेगी। तकनीक को लेकर उन्होंने बताया कि सेबी अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग नियामकीय कार्यों में कर रहा है।

## कंपनियों के तिमाही नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर

-साप्ताहिक समीक्षा-

**मुंबई,** 4 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच बचे तनावपूर्ण स्थिति के बीच विदेशी निवेशकों की लिवाली के बल पर शेयर बाजार बीते सप्ताह भी तेजी में रहा। अगले सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों से बाजार की चाल तय होने का अनुमान है।

बीएसईका 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को समाप्त सप्ताह के दौरान 1289.46 अंकों या 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,501.99 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 307.35 अंकों या 1.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,346.70 पर बंद हुआ।

बीएसई मिड-कैप इंडेक्स 0.42 प्रतिशत बढ़कर 42,707.87 पर बंद हुआ। बीएसई स्मॉल-कैप इंडेक्स 1.33 प्रतिशत गिरकर 47,365.54 पर बंद हुआ। इसमें मजबूत कॉर्पोरेट आय और सकारात्मक घरेलू आंकड़ों का समर्थन मिला। चार सत्रों में से तीन दिन यह सकारात्मक रहा, जबकि एक सत्र में यह नकारात्मक रहा। गुरूवार को शेयर बाजार में महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर अवकाश रहा था।

सप्ताह के पहले दो सत्रों में शेयर बाजार हरे निशान में रहा, क्योंकि सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 1,005.84 अंक बढ़कर 80,218.37 पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज की चौथी तिमाही में वित्तीय परिणाम सकारात्मक रहने से बाजार को बल मिला था और सोमवार को निफ्टी 298.75 अंक बढ़कर 24,328.50 पर बंद हुआ।



■ सेंसेक्स 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 80,501.99 अंक पर रहा
■ निफ्टी 1.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 24,346.70 अंक पर बंद

मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 70.01 अंक बढ़कर 80,288.38 पर बंद हुआ। विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत आमद से निफ्टी 7.45 अंक बढ़कर 24,335.95 पर बंद हुआ, जिससे कुल मिलाकर बाजार की धारणा मजबूत रही।

बुधवार को शेयर बाजार में लिवाली देखी गयी जिससे सेंसेक्स 46.14 अंक गिरकर 80,242.24 पर बंद हुआ। निफ्टी 1.75 अंक गिरकर 24,334.20 पर बंद हुआ। महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर गुरुवार को शेयर बाजार बंद रहा। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 259.75 अंक बढ़कर 80,501.99 पर बंद हुआ। निफ्टी 12.50 अंक बढ़कर 24,346.70 पर बंद हुआ।

अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता को लेकर सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद में विदेशी निवेशकों के बाजार में लौटने से शेयर बाजार में तेजी देखी गयी। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) में 9.38 प्रतिशत की तेजी आई। अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) में 4.11 प्रतिशत की तेजी आई और महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.38 प्रतिशत की उछाल आई।

सप्ताह के दौरान शेयरों में गिरावट के बाद टाटा मोटर्स में 2.47 प्रतिशत, अशोक लीलैंड में 2.04 प्रतिशत, आयशर मोटर्स में 2.53 प्रतिशत, बजाज ऑटो में 2.52 प्रतिशत की गिरावट आई। हीरो मोटोकॉर्प में 3.87 प्रतिशत की गिरावट आई।

टीवीएस मोटर कंपनी में 1.09 प्रतिशत, अदानी एंटरप्राइजेज में 0.20 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.05 प्रतिशत की गिरावट आई। अदानी टोटल गैस में 1.22 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 4.99 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 5.45 प्रतिशत की गिरावट आई।


## भारतीय स्टार्टअप्स ने एक हफ्ते में जुटाई 12.93 मिलियन डॉलर की फंडिंग

**मुंबई,** 4 मई (एजेंसियां)। भारतीय स्टार्टअप्स ने बीते एक हफ्ते में 25 डील्स के जरिए 102.93 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई है। इसमें शुरुआती चरण और विकास चरण की डील शामिल हैं।

बेंगलुरु और दिल्ली-एनसीआर स्थित स्टार्टअप सात-सात डील के साथ फंडिंग की दौड़ में सबसे आगे रहे, इसके बाद मुंबई और चेन्नई का स्थान रहा।

फंडिंग प्राप्त करने वाले सेक्टरों में क्लीनटेक, साइबर सिक्योरिटी, ऐडटेक और हेल्थटेक प्रमुख थे, जो दिखाता है कि भारत में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी में निवेशकों का रुझान बना हुआ है। फंडिंग प्राप्त करने में हेल्थटेक स्टार्टअप्स चार डील के साथ शीर्ष स्थान पर थे, इसके बाद ई-कॉमर्स और फूडटेक कंपनियों का स्थान रहा, जिनमें से प्रत्येक ने तीन डील हासिल की। मीडिया और एंटरटेनमेंट, प्रॉपटेक, एडटेक, सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस और अन्य सेक्टरों में भी कई फंडिंग राउंड हुए।

विकास चरण फंडिंग में सबसे आगे क्लीनटेक केंद्रित एनबीएफसी मेटाफिन रही, जिसने अपने सीरीज ए राउंड में 10 मिलियन डॉलर जुटाए। विकास चरण में फंड जुटाने वालों में साइबरसिक्यूरिटी फर्म क्यून्यू लैब्स शामिल है, जिसने 7 मिलियन डॉलर जुटाए और नियोबैंकिंग स्टार्टअप कैलिडोफिन ने 5 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई। इसके अतिरिक्त ऐडटेक प्लेटफॉर्म कॉलेजदेखो और मरीन सर्विसेज कंपनी सदभाव ऑफशोर ने भी फंडिंग जुटाई है। शुरुआती चरण के फंडिंग में ब्यूटी टेक और डिस्कवरी प्लेटफॉर्म कुल्ट ने 20 मिलियन डॉलर जुटाए है, जिससे यह सप्ताह का सबसे बड़ा शुरुआती चरण की फंडिंग डील बन गई है।





## खाद्य तेला, दाल दलहन में मिश्रित रूख, अनाज व मीठे में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रूख के बीच स्थानीय स्तर पर चुनिंदा जिंसों में मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों और दाल दलहन में मिश्रित रूख देखा गया जबकि अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.57 सेंट की तेजी के साथ 51.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान सरसों तेल 366 रुपए और पाम ऑयल में 366 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में नरमी देखी गई। मूंगफली तेल 733 रुपए, सूरजमुखी तेल 219 रुपए, सोया रिफाइंड 110 रुपए और वनस्पति तेल 368 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18314 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14725 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। **दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही जबकि अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। इस दौरान चना और दाल चना तथा मसूर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे।

सप्ताहांत पर चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रही। **अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## मेट्रो ट्रेनों में कार्गो कम्पार्टमेंट जोड़ने से शहरों में व्यापार दक्षता बढ़ेती : मनोहर लाल

**नई दिल्ली,** 4 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मेट्रो ट्रेन में कार्गो कम्पार्टमेंट जोड़ने से शहरों में व्यापार दक्षता बढ़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के 31वें स्थापना दिवस पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि आम नागरिक के दैनिक जीवन में दिल्ली मेट्रो की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा कि आसान, विश्वसनीय और सुरक्षित आवागमन प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और दिल्ली मेट्रो जैसी शहरी परिवहन प्रणालियां शहरी जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गई हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी, जिससे आज शहरी मोबिलिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर की योजना बनाना और उसे मजबूत करना अनिवार्य हो गया है।

उन्होंने मेट्रो ट्रेनों में माल कार्गो कम्पार्टमेंट को जोड़ने का दूरदर्शी विचार शेयर करते हुए कहा कि इससे छोटे व्यवसायी, विक्रेता और फेरीवाले शहर भर में अपने सामान को आसानी से यात्रा कर सकेंगे। यह एक ऐसा कदम है जिससे समय की बचत होगी, ऊर्जा की खपत कम होगी और शहरी श्रमिक वर्ग के लिए व्यावसायिक दक्षता बढ़ेगी।





केंद्रीय मंत्री के मुताबिक देश के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप मेट्रो परिचालन में हरित और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को एकीकृत करना आवश्यक है। उन्होंने दोहराया कि मेट्रो प्रणाली भारत के हर शहर की जीवन रेखा होगी और उनका निरंतर विस्तार और आधुनिकीकरण स्मार्ट, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार शहरी केंद्रों के निर्माण की कुंजी है।

आसान, विश्वसनीय व सुरक्षित आवागमन प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और दिल्ली मेट्रो जैसी परिवहन प्रणालियां शहरी जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गई है : मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री

कार्यक्रम के दौरान, संगठन में उनके योगदान के लिए व्यक्तियों और टीमों को डीएमआरसी के वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए गए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी इस अवसर पर दिल्ली मेट्रो को बधाई दी।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 688.11 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 688.12 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 686.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.16 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 58.66 अरब डॉलर पर पहुंच गई। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 2.1 करोड़ डॉलर की तेजी लेकर 18.58 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 2 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले बढ़कर 4.51 अरब डॉलर पर पहुंच गई।


### कोलकाता बंदरगाह के अप्रैल में कार्गो हैंडलिंग में वृद्धि

**कोलकाता।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह (एसएमपी) कोलकाता ने अप्रैल 225 में कार्गो हैंडलिंग में रिकॉर्ड 45.32 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की है, जो अप्रैल 224 के 4.16 एमएमटी की तुलना में 5.967 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) रहा। एसएमपी के अध्यक्ष रथेंद्र रमन ने रविवार को कहा कि यह उपलब्धि एसएमपी कोलकाता को इस महीने के लिए भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रमुख बंदरगाह बनाती है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन पूरे एसएमपी परिवार की अटूट प्रतिबद्धता और दक्षता का प्रमाण है। डॉकवाइज प्रदर्शन के अनुसार- हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (एचडीसी) ने अप्रैल 225 में 4.363 एमएमटी का संचालन किया, जो अप्रैल 224 में 2.993 एमएमटी से 45.77 प्रतिशत अधिक है और कोलकाता डॉक सिस्टम (केडीएस) ने अप्रैल 224 में 1.113 एमएमटी की तुलना में 1.64 एमएमटी का प्रबंधन किया जो 44.12 प्रतिशत अधिक है।

### देश में अप्रैल में आर्थिक गतिविधियों ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोलियम उत्पाद जैसे डीजल, पेट्रोल और एलपीजी की खपत में अप्रैल में बढ़त देखी गई है, जो देश में आर्थिक गतिविधियों में बढ़त को दिखाता है। पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (पीपीएसी) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में भारत की डीजल खपत बढ़कर 8.24 मिलियन टन हो गई, जो अब तक दर्ज की गई दूसरी सबसे अधिक मासिक खपत है। इसकी वजह महीने के दौरान कृषि और परिवहन क्षेत्रों की डीजल की मांग बढ़ना है। बीते महीने अप्रैल 224 में हाई बेस पर 4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष अप्रैल में लोकसभा चुनावों के लिए चुनावी प्रचार के कारण डीजल की खपत में दोहरे अंकों की वृद्धि हुई थी।

# देशबन्धु बिलासपुर संस्करण के 35वें स्थापना दिवस पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं...
























































प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771